भावार्थ रत्नाकर



कृष्ण कुमार

भावार्थ रत्नाकर
कृष्ण कुमार

रामानुजाचार्य रचित

भावार्थ रत्नाकर

टीकाकार

कृष्ण कुमार

रामानुजाचार्य रचित

भावार्थ रत्नाकर

टीकाकार

कृष्ण कुमार

ALPHA

अल्फा पब्लिकेशन

2640, रोशनपुरा, नई सड़क, दिल्ली - 110 006

प्रकाशक
ए. एल. जैन
अल्फा पब्लिकेशन
2640, रोशनपुरा,
नई सड़क दिल्ली-110 006
फोन : 011-23275468, 30251934

प्रथम संस्करण 2021
मूल्य : ₹ 200/-

पुस्तक मिलने का अन्य स्थान
अल्फा पब्लिशर डिस्टिबुयुट्रस
वुल मिल बेसमेंट
भारतीय विद्या भवन
फोन न: 23381369

टाइपसैटिंग
एच. आर. जी. कम्प्यूटर्ज़
दिल्ली-6

अपनी बात

नई शताब्दी के आरम्भ में मेरा सम्पर्क ज्योतिष शोध मंडल के सदस्यों से हुआ। बातचीत के दौरान भावार्थ रत्नाकर व उसके महत्व पर भी चर्चा हुई। वर्ष 2006 में लगभग 8 माह तक इस श्रेष्ठ कृति का अध्ययन व अध्यापन चला।

आदरणीय डॉ. बी.वी. रमण ने अंग्रेज़ी में, तो श्री जगन्नाथ भसीन ने हिन्दी में इस ग्रन्थ पर टीका लिखी है। श्री गोपेश कुमार ओझा ने अपनी फलदीपिका में भावार्थ रत्नाकर के योगों का संकलन किया है।

श्री रामानुजाचार्य का यह ग्रन्थ निश्चय ही उत्कृष्ट व अद्वितीय है। कदाचित पहली बार द्वादश लग्न पर ऐसा गहन व सटीक विचार इस पुस्तक में हुआ है। शोधार्थियों का आग्रह था कि सूत्र-परीक्षण के लिए लग्न परक कुण्डली संग्रह भी इसमें संलग्न किया जाना चाहिए। पाठकों की सुविधा के लिए 587 कुण्डलियाँ भी सम्मिलित की गईं।

इस कृति का दूसरा खंड विभिन्न योगों पर प्रकाश डालता है। निश्चय ही यह इस पुस्तक का अति महत्वपूर्ण व उपयोगी भाग है।

परस्पर विचार-विमर्श से उपजे विचार व टिप्पणियों का संकलन कब एक पुस्तक बन गया–मुझे तो पता भी नहीं चला।

कुण्डली संग्रह व टीका टिप्पणी के कारण पुस्तक का आकार निश्चय ही बढ़ गया है। किन्तु शायद आकार से कहीं ज़्यादा उपयोगिता बढ़ी है, ऐसा शोधकर्ताओं का विश्वास है।

मैं सर्वश्री राजेश चन्द्र गुप्त, श्री प्रकाश चन्द्र, नीरज खरबन्दा, सचिन सैनी, अनुराग बागड़िया, धर्मवीर तथा श्रीमती सुमेधा कक्कड़ का आभारी हूँ जिनके सहयोग से पुस्तक का प्रारूप तैयार हुआ।

इस पुस्तक में श्री रामानुजाचार्य के विचार व अनुभवों को संजोने का प्रयास हुआ है–यदि कहीं टीका या व्याख्या में मेरी अज्ञानता या प्रमाद से कोई दोष उत्पन्न हुआ हो तो उसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ।

गोपाल की करी सब होई

जो अपना पुरपारथ मानै अति झूठौ है सोई।

सो ये कृति मेरी नहीं है यह तो उस की है जो सदा सबकुछ किया करता है–फिर ये मैं कौन?

बी–1/120
पशिचम विहार
नई दिल्ली–110 063

विद्वत्जन कृपाभिलाषी
कृष्ण कुमार
011-25282850
मोबाईल-(0)9818723460

कृतज्ञता ज्ञापन

परमज्योति के उपासक दिव्य दृष्टा ऋषि मुनि व योगियों ने मानव मात्र के कल्याण के लिए इस ज्ञान का विकास किया, मैं उनका आभारी हूँ।

हज़ारों वर्षों से ज्योतिर्विज्ञान के उपासक इस ज्ञान से समाज का कल्याण व मार्गदर्शन कर रहे हैं वे सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

भारत की प्राचीन धरोहर की रक्षा के लिए अनेक विद्वान, ज्योतिष के पठन-पाठन, लेखन प्रकाशन व साहित्य वितरण सम्बन्धी कार्यों से जुड़े हैं वे सभी आदर व प्रशंसा के पात्र हैं। उनको शत-शत नमन।

मेरे गुरुजन श्री रोहित वेदी, श्री रंगाचारी, डॉ. श्रीकान्त गौड़, श्री विनय आदित्य, श्री एस.एस. रुस्तगी, श्री के थ्यागराजन व डॉ. प्रवीण कुमार ने मेरा उत्साह व मनोबल बढ़ाया। मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

श्री अमृतलाल जैन, उनके पुत्र श्री देवेन्द्र व पुनीत जैन तथा कार्यदल के सभी सदस्यों ने निष्ठापूर्वक श्रम कर इस पुस्तक को सजाया व सँवारा। वे निश्चय ही प्रशंसा के पात्र हैं।

मेरे छात्र, प्रशंसक, मित्र व पाठक मेरी लेखनी की प्राण शक्ति हैं। उनके बिना इस पुस्तक का लेखन-सम्पादन असम्भव था-वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

-कृष्ण कुमार

भावार्थ रत्नाकर एक दृष्टि में

द्वादश लग्न विचार

1. मेष लग्न जातक	45 कुण्डलियाँ
2. वृष लग्न जातक	46 कुण्डलियाँ
3. मिथुन लग्न जातक	44 कुण्डलियाँ
4. कर्क लग्न जातक	59 कुण्डलियाँ
5. सिंह लग्न जातक	58 कुण्डलियाँ
6. कन्या लग्न जातक	42 कुण्डलियाँ
7. तुला लग्न जातक	60 कुण्डलियाँ
8. वृश्चिक लग्न जातक	45 कुण्डलियाँ
9. धनु लग्न जातक	53 कुण्डलियाँ
10. मकर लग्न जातक	41 कुण्डलियाँ
11. कुम्भ लग्न जातक	43 कुण्डलियाँ
12. मीन लग्न जातक	51 कुण्डलियाँ
	587 कुण्डलियाँ

विविध योग विचार

13. धनयोग विचार
14. विद्या विचार
15. खान-पान (भोजन रुचि)
16. भ्रातृ सुख
17. वाहन तथा भाग्य
18. शत्रु और रोग
19. स्त्री और काम सुख
20. आयु और स्वास्थ्य
21. भाग्ययोग
22. राजयोग
23. तीर्थ यात्रा व स्नान
24. मृत्यु योग
25. दशा के परिणाम
26. सामान्य योग
27. ग्रह मालिक योग

परिशिष्ट

1. ग्रह व राशि सम्बन्ध
2. 32 नाभस योग-महर्षि पाराशर कृत
3. फलकथन के नियम

भावार्थ रत्नाकर–श्री रामानुजाचार्य कृत

विषय सूची

अध्याय विषय पृष्ठ संख्या

1. मेष लग्न

1.2 चतुर्थे पंचमेश का परस्पर दृष्टि सम्बन्ध योग कारक 1.3 शुक्र प्रबल मारक 1.4 मृत्युखंड में गुरु भी मारक 1.6 मंगल चोट या व्रण से कष्ट देता है। 1.7 बुध और मंगल की युति होने से बुध की दशा में चोट लगने से मृत्यु भय 1.9 द्वितीयेश शुक्र व्यय भाव में भी शुभ है 1.11 द्वितीय भाव में लग्नेश, भाग्येश व स्वक्षेत्री धनेश की युति धन प्रदायक 1.13 पंचम भाव में मंगल धन प्रदायक है 1.15 षष्ठ भाव में लग्नेश की षष्ठेश से युति रोग कारक 1.16 अष्टमस्थ शुभ है 1.19 सूर्य व बुध की दशा शुभ है 1.21 सूर्य और चन्द्रमा राजयोग देते हैं। मेष लग्न की 45 उदाहरण कुण्डलियाँ।

2. वृष लग्न 16–27

2.1 शनि योग कारक होने पर भी सूर्य या बुध की दृष्टि युति के बिना शुभ फल नहीं देता 2.2 भाग्यस्थ मंगल गुरु की युति शुभ है 2.3 चतुर्थस्थ चन्द्रमा पर धनेश बुध व लाभेश गुरु की दृष्टि धन प्रदायक 2.4 सूर्य+शनि की लाभ स्थान में युति तथा 2.5 बुध और गुरु का परस्पर सम्बन्ध धन प्रदायक है 2.6 मंगल की बुध या गुरु से दृष्टि–युति ऋण भार बढ़ाती है 2.8 बुध गुरु पर शुक्र की दृष्टि योग कारक है 2.9 नीचस्थ गुरु की दशा में भाग्योदय 2.11 गुरु की दशा धन प्रदायक 2.12 षष्ठ भाव की दुर्बलता शुभ फल देती है। वृष लग्न की 46 कुण्डलियाँ।

3. मिथुन लग्न 28–39

3.1 तृतीय भाव में सूर्य बुध की युति होने से बुध की दशा मुक्ति धन प्रदायक 3.2 द्वितीय भाव में चन्द्रमा के साथ मंगल और शुक्र की युति होने से शुक्र की दशा धन वैभव देती है 3.3 लाभेश मंगल द्वितीयस्थ होने पर अपनी दशा में धन लाभ देगा 3.4 धन भाव में शनि मंगल की युति पर चन्द्रमा की दृष्टि शनि–मंगल में धन हानि देती है। 3.5 चन्द्रमा व मंगल लाभ और शनि भाग्य स्थान में होने पर धन लाभ 3.7 नवम भाव में गुरु शनि की युति तीर्थ यात्रा व स्नान देती है 3.8 लाभस्थ बुध बड़े भाई से वैर विरोध कराता है। मिथुन लग्न की 44 कुण्डलियाँ।

4. कर्क लग्न 40–54

4.1 गुरु अधिक धन नहीं देता 4.2 स्वक्षेत्री मंगल योगकारक होने से विशेष शुभ है 4. 3 लाभेश शुक्र व्यय भाव में भी शुभ है 4.4 चन्द्र मंगल गुरु की धन भाव में युति भाग्यवृद्धि करती है 4.5 पंचम भाव की तुला राशि में बुध, शुक्र की युति बुध की दशा को शुभता देती है 4.6 सूर्य गुरु का उच्चस्थ तथा चन्द्र बुध शुक्र की लाभ स्थान में युति महाराजा योग बनाती है 4.7 सूर्य मंगल की दशक भाव में युति धनी बनाती है 4. 9 व्यय भाव में शुक्र बुध की युति, शुक्र की दशा में राजयोग देगी 4.10 लग्न में लग्नेश चन्द्र व भाग्येश गुरु की युति भाग्य व यश बढ़ाए 4.11 चन्द्रमा लग्न में तथा मंगल सप्तम भाव में उच्चस्थ होने से राजयोग देगा 4.12 स्वगृही चन्द्रमा पर उच्चस्थ शनि की दृष्टि

राजयोग देती है 4.13 लग्नेश लग्न में व सूर्य दशम भाव में सूर्य उच्चस्थ होने से राजयोग जानें 4.14 धनेश सूर्य की व्ययेश बुध के साथ लग्न में युति सूर्य की दशा में अर्थ संकट देगी 4.15 शनि और राहु पंचम भाव में तथा गुरु बुध लाभ स्थान में होने से राहु की दशा गंगा स्नान का सुख देगी। कर्क लग्न की 59 कुण्डलियाँ।

5. सिंह लग्न 55-67

5.1 सूर्य, मंगल, बुध की युति से धन लाभ (10 उदाहरण) 5.2 सूर्य, बुध का परस्पर सम्बन्ध धन वैभव देगा (12 उदाहरण) 5.4 गुरु शुक्र की युति अनिष्टप्रद 5.5 दशम भाव में शुक्र अशुभ किन्तु तृतीय भाव में शुभ है 5.7 भाग्येश के साथ बैठा शनि व्यय भाव में भी शुभ है। सिंह लग्न की 59 कुण्डलियाँ।

6. कन्या लग्न 68-77

6.1 व्ययेश सूर्य की युति लाभेश या धनेश से होने पर सूर्य की दशा धन व मान बढ़ाती है 6.2 व्ययेश की युति धनेश से होने पर धनेश शुक्र की दशा हानि करती हैं 6.3 लाभेश चन्द्रमा की युति व्ययेश से होने पर चन्द्रमा की दशा मिश्रित फल देती है 6.4 सप्तम भाव में चन्द्रमा की शुक्र से युति पर लाभस्थ गुरु की दृष्टि उत्तम स्त्री सुख देती है 6. 5 गुरु और शुक्र की युति चतुर्थ भाव में होने से दोनों ग्रह अपनी दशा में शुभ फल देते हैं 6.6 लाभस्थ शनि अशुभ नहीं अपितु शुभ है। कन्या लग्न की 42 कुण्डलियाँ।

7. तुला लग्न 78-92

7.1 योगकारक शनि की दशा धन प्रदायक है 7.2 त्रिषडायेश गुरु की दशा भी धन देगी 7.3 मंगल मारक नहीं है 7.4 शुक्र व गुरु की युति पर मंगल शनि की दृष्टि होने पर गुरु-शुक्र की दशा में रोग पीड़ा व देह कष्ट होता है 7.5 सूर्य बुध की व्यय भाव में युति पर शनि की दृष्टि, पिता को धनी व मध्यम आयु का बनाती है 7.6 सूर्य मंगल बुध शनि का परस्पर दृष्टि युति व राशि सम्बन्ध भाग्य वृद्धि देगा 7.7 सूर्य, मंगल, बुध, शनि सम्बन्ध में चन्द्रमा जुड़ने से उत्कृष्ट राजयोग होता है 7.8 लग्न में लाभेश सूर्य के साथ भाग्येश बुध व लग्नेश शुक्र की युति लग्न में होने से जातक भाग्यशाली होता है 7.9 मंगल बुध की लाभ स्थान में युति राजयोग देती है 7.10 दशमेश चन्द्रमा लग्नस्थ तथा गुरु षष्ठ या व्यय भाव में हो तो शनि की दशा बहुत शुभ होती है 7.11 योगकारक शनि लग्न में उच्चस्थ व दशमेश स्वगृही होने से प्रबल राजयोग जानें 7.12 दशमस्थ राहु तीर्थयात्रा कराता है तुला लग्न की 60 कुण्डलियाँ।

8. वृश्चिक लग्न 93-103

8.1 धनेश गुरु व लाभेश बुध की युति धन या लाभ भाव में होने से धन व सुयश प्राप्त होता है 8.2 तृतीय भाव में नीचस्थ गुरु जातक को उदारता व परोपकार की प्रवृति देता है 8.3 सूर्य, बुध, शुक्र की सप्तम भाव में युति बुध की दशा में धन व सुयश देगी 8.4 पंचम भाव में बुध गुरु की युति पर लाभस्थ चन्द्रमा की दृष्टि धनी, मानी व भाग्यशाली बनाती है 8.5 नवम भाव में चन्द्र, गुरु और केतु की युति होने से गुरु की दशा भाग्य वृद्धि धन व यश तो केतु की दशा आध्यात्मिक सुख देगी 8.5 डॉ.बी.वी. रमण के विचार। वृश्चिक लग्न की 45 कुण्डलियाँ।

9. धनु लग्न 104-115

9.1 पंचमस्थ शनि की दशा धन व यश देती है 9.2 लाभ स्थान में बैठे उच्चस्थ शनि की दशा धन लाभ व सत्ता सुख देती है, उदाहरण सम्राट नीरो 9.3 नवम भाव में भाग्येश व लाभेश की युति पर तृतीयस्थ शनि की दृष्टि हो तो शनि धन व भाग्य वृद्धि देगी 9.4 नवम भाव के राहु पर तृतीय भाव में बैठे सूर्य मंगल की दृष्टि होने से राहु की दशा में तीर्थ स्थान का सुख होगा 9.5 डॉ. बी.वी.रमण के विचार धनु लग्न की 53 कुण्डलियाँ।

10. मकर लग्न 116-126

10.1 शुक्र सप्तम में बुध अष्टम भाव में तथा गुरु लग्न में नीचस्थ होने पर जातक निर्धन व दीर्घायु होता है 10.2 स्वक्षेत्री शुक्र पंचम भाव में धन प्रदायक है किन्तु दशमस्थ शुक्र दिग्बल से हीन होने से धन मान नहीं दे पाता 10.3 बुध शुक्र की लग्न में युति हो तथा पंचम भाव में उच्चस्थ चन्द्रमा गुरु से दृष्ट हो तो महाराजा योग होता है। 10.4 तृतीयेश गुरु लग्न में नीचस्थ हो तथा लाभ स्थान में मंगल और शुक्र की युति हो तो भाइयों से धन मिलता है। 10.6 सूर्य चन्द्रमा और बुध की युति लग्न में हो तथा मंगल और शुक्र व्यय भाव में हो तो जातक के भाई धनी व भाग्यशाली होते हैं। 10.7 भाग्येश बुध की लग्नेश-लाभेश शनि के साथ नवम भाव में युति तथा मंगल और शुक्र व्यय भाव में हो तो भाग्यवृद्धि होती है 10.8 लाभेश मंगल लग्न में उच्चस्थ होकर स्वक्षेत्री चन्द्रमा से दृष्ट हो तो जातक राजयोग पाता है।

11. कुम्भ लग्न 127-141

11.1 सिंह या कुम्भ लग्न में नवमेश दशमेश की युति योगकारक नहीं होती 11.2 शुक्र की राहु के साथ लगन में युति हो तथा सूर्य दशम भाव में हो तो राहु और गुरु की दशाएँ धन, मान व सुख देंगी 11.3 अष्टम भाव में सूर्य और मंगल की युति हो तो बुध की दशा धन देगी 11.4 धनेश व लग्नेश की राशि परिवर्तन होने पर शनि की दशा बहुत शुभ परिणाम देगी 11.5 लाभ स्थान में शुक्र और शनि की युति होने से शुक्र की दशा शुभ फल देती है 11.6 सूर्य, बुध, गुरु की युति तृतीय भाव में होने से सूर्य की दशा धन व सत्ता सुख देगी उदाहरण पैगम्बर हज़रत मौहम्मद साहेब 11.7 डॉ. बी.वी. रमण के विचार व श्री ब्रज किशोर व डॉ.बी.वी.रमण की कुण्डलियाँ कुम्भ लग्न की 46 कुण्डलियाँ।

12. मीन लग्न 142-157

12.1 कुम्भ व मीन लग्न के लिए व्ययस्थ शुक्र शुभ नहीं है। कारण शनि क्षेत्री शुक्र प्राय: शुभ फल नहीं दे पाता 12.2 लाभेश शनि का व्ययस्थ होना शनि को शुभ बनाता है किन्तु व्यय भाव में बैठा चन्द्रमा बहुधा अनिष्टप्रद होता है 12.3 गुरु की दशा में व्ययस्थ चन्द्रमा अशुभ परिणाम नहीं देता 12.4 धनेश पंचमेश का राशि परिवर्तन पंचमेश चन्द्रमा की दशा में धन लाभ देता है 12.6 षष्ठस्थ गुरु, अष्टम भाव में शुक्र तथा नवम भाव में शनि और चन्द्रमा मंगल की युति लाभ स्थान में होने से जातक भाग्यशाली होता है। 12.7 लाभ स्थान में चन्द्र, मंगल और बुध की युति धन व वाहन सुख देती है 12.8 शनि व चन्द्रमा की युति लग्न में हो, शुक्र षष्ठस्थ व मंगल लाभ स्थान में होने पर

शुक्र की दशा धनप्रदायक होती है 12.9 चन्द्र, मंगल, बुध और गुरु की युति सुख स्थान में होने से जातक धन, वैभव, यश व सत्ता सुख पाता है 12.10 दशम भाव में स्वक्षेत्री गुरु धन लाभ व सत्ता सुख देता है 12.11 चन्द्रमा तृतीय भाव सूर्य षष्ठभाव, बुध सप्तम, शुक्र अष्टम, गुरु दशम, मंगल लाभ व शनि कम भाव में होने पर जातक भाग्यशाली व यशस्वी होता है। मीन लग्न की 51 कुण्डलियाँ।

13. धन योग विचार **158–162**

13.1 धनेश का पंचमेश या लाभेश से परिवर्तन 13.2 पंचम व नवम भाव अपने स्वामी से युक्त हों 13.3 लाभेश व धनेश का परस्पर दृष्टि, युति या धन भाव अपने स्वामी की दृष्टि युति पाने से धन लाभ व यश देते हैं 13.4 धन की सादृश्यता (धनेश, लाभेश, पंचमेश, नवमेश) न होने पर बहुधा अधिक धन नहीं मिल पाता, 13.5 धनेश या लाभेश की व्ययेश के साथ युति धन योग 13.6 गुरु तथा बुध का धनेश से दृष्टि–युति सम्बन्ध 13.7 लग्नेश लग्न में, धनेश धन भाव में तथा लाभेश लाभ स्थान 13.8 लग्न में धनेश और लाभेश की युति धन, मान व सुयश देती है 13.9 कारक ग्रह का सम्बन्धित भाव में बैठना 13.10 यदि चंद्रमा सप्तमेश होकर धन (द्वितीय) भाव में स्थित 13.11 लग्नेश, सुखेश व भाग्येश की युति अष्टम भाव में होने पर अर्थ संकट व दरिद्रता हो 13.12 धनेश का व्ययेश से राशि परिवर्तन व्यय बढ़ाकर आर्थिक संकट देता है 13.13 व्ययेश लग्नस्य होकर मारकेश से दृष्ट हो तो सुख–वैभव में कमी होती हैं 13.14 मंचमेश षष्ठ तथा नवमेश अष्टम भाव में मारक ग्रह से दृष्ट भी हो तो धन की कमी होती है।

14. विद्या विचार **163–166**

14.1 चतुर्थ भावस्थ शुक्र गायन विद्या में रुचि देता है 14.1 II चतुर्थभाव में स्थित बुध ज्योतिष में रुचि देगा 14.2 पंचम भाव में स्थित सूर्य की युति बुध या राहु से होने पर जातक ज्योतिष या विष चिकित्सक होता है 14.3 द्वितीय भाव में सूर्य और बुध की युति गणित में कुशलता देती है 14.4 द्वितीय भाव में सूर्य मंगल की युति तर्क शास्त्री बनाती है (ii) सूर्य, बुध और शनि की युति पंचम भाव में होने से जातक वेदान्ती होता है
14.5 (i) सूर्य, बुध यदि केन्द्र त्रिकोण या लाभ भाव में युति करें तो जातक कम्प्यूटर कुशल होता है (ii) द्वितीयस्थ शुक्र जातक को आशु कवि बनाता है 14.6 (i) पंचमस्थ राहु जातक को गूढ़ विद्या का ज्ञाता बनाता है (ii) चतुर्थस्थ राहु माता को दीर्घायु बनाता है 14.7 द्वितीयस्थ गुरु स्वक्षेत्री या उच्चस्थ हो तो जातक वेद वेदांग में निपुण होता है 14.8 द्वितीयेश की युति गुरु के साथ केन्द्र या त्रिकोण भाव में हो तो अनेक विषयों का ज्ञाता व प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है 14.9 द्वितीयस्थ मंगल तर्क कुशल हो तो इसी भाव में बैठा चन्द्रमा धार्मिक पूजा अनुष्ठान में रुचि देता है 14.10 द्वितीय भावस्थ शुक्र काक व अलंकार का ज्ञाता तो शनि मूर्ख व दुष्ट बनाता है।

15 खान पान **167–170**

15.1 तृतीय भाव का संबंध शनि से होने पर जातक खट्टे या कड़वे पदार्थ खाने में रुचि लेता है 15.2 तृतीयस्थ मंगल गरम भोजन में रुचि देता है तो इसी भाव में स्थित गुरु सात्विक भोजन में रुचि देगा 15.3 द्वितीस्थ शुक्र जातक के राजसी भोजन में रुचि देगा 15.4 द्वितीयस्थ शनि वाणी में कटुता या कठोरता देता है (ii) द्वितीय भाव में गुरु या केतु

की स्थिति वार्ता कुशल बनाती है 15.5 द्वितीय भाव में सूर्य मंगल की युति वाणी में क्षोभ व कटुता देती है (ii) चन्द्रमा द्वितीयस्थ होने से जातक को प्रिय व मधुरभाषी बनाता है 15.6 द्वितीस्थ बुध तथ्य परक व प्रमाणिक बातें कराता है इसी भाव का राहु वाणी में कपट व दीनता देता है 15.7 द्वितीस्थ शुक्र खीर व दुग्ध उतपाद में रुचि देता है (ii) द्वितीय भाव में बैठा राहु बिना संकोच व पूर्वाग्रह के सभी प्रकार के भोजन में रुचि देता है 15.8 द्वितीयस्थ शनि हीन व उच्छिष्ट भोजन दिलाता है 15.9 ग्रहों की स्वाद तालिका 15.10 ग्रहो की दिशा तालिका 15.11 द्वितीय भाव, द्वितीयेश या कारक चन्द्रमा से राहु का दृष्टि युति संबंध मादक पदार्थ में रुचि देता है।

16. भ्रात भाव **171**

16.1 तृतीयेश का मंगल के साथ संबंध बल, पराक्रम व भाइयों के सुख की वृद्धि दर्शाता है 16.2 तृतीय भाव में सूर्य मंगल व तृतीयेश की युति जातक को साहसी व धैर्यवान बनाती है 16.3 तृतीयस्थ राहु जातक को साहसी तो कभी उद्दंड बनाता है 16.4 मंगल का संबंध गुरु से होने पर भाइयों की संख्या अधिक होती है 16.5 लाभस्थ मंगल शनि की दृष्टि बड़े भाई का अभाव देती है (1) इसी प्रकार अष्टमस्थ तृतीयेश भाइयों को अल्पायु बनाता है 16.6 द्वितीयेश व तृतीयेश की युति उदार व परोपकारी बनाती है।

17 वाहन तथा भाग्य **172-173**

17.1 लग्न में चतुर्थेश व नवमेश की युति भाग्य व वाहन सुख देती है 17.2 चतुर्थ भाव में चतुर्थेश और शुक्र की युति उत्तम वाहन देगी सुखेश व शुक्र की युति नवम, दशम या लाभ स्थान में होने से उत्तम वाहन सुख जानें17.3 चतुर्थ भाव में स्थित शनि जन्म स्थान से दूर परदेस में पुराना मकान दिलाता है 17.4 सुखेश का भाग्येश के साथ राशि परिवर्तन भाग्य वृद्धि व वाहन सुख देता है, सुखेश का लाभेश के साथ स्थान परिवर्तन धन, मान व यश तथा सुख देता है 17.5 सुखेश व लग्नेश का परस्पर संबंध भूमि भवन, वाहन का श्रेष्ठ सुख (ii) चतुर्थ व पंचम भाव अपने स्वामियों से दृष्ट या युक्त से तो जातक विद्वान व सुखी होता है 17.6 पंचमेश भाग्य भाव में और भाग्येश दशमस्थ हो तो जातक भाग्यशाली और वाहन सुखी होता है 17.7 गुरु का संबंध पंचमेश से हो या लग्नेश, पंचमेश और गुरु केन्द्र/त्रिकोण में हों तो उत्तम पुत्र सुख होता है।

18 शत्रु व रोग विचार **174**

18.1 अष्टमेश का लग्न में बैठना रोग व पीड़ा देता है (ii) षष्ठेश लग्नस्थ होने पर ऋण, रोग व शत्रु भय देता है 18.2 लग्नेश, षष्ठेश की सूर्य से युति पित्त या गर्मी से उत्पन्न रोग किन्तु 12+62 की चन्द्रमा से युति जल संबंध या शीत रोग देती है। लग्नेश या षष्ठेश के साथ मंगल मांस पेशियों का रोग, बुध स्नायुपर्वक रोग, गुरु आरोग्य व स्वस्थ देह, शुक्र यौन या रतिज रोग, शनि चोर भय राहु विष संक्रमण से कष्ट तो केतु दस्यु से पीड़ा देता है 18.3 षष्ठेश नीचस्थ या व्यय भाव में हीन बली हो और लग्नेश बली हो तो आरोग्य लाभ होता है (ii) षष्ठेश का शुभ ग्रहों से संबंध शत्रु से मैत्री कराता है

19 स्त्री व काम सुख **175-176**

19.1 सप्तम भाव, सप्तमेश व शुक्र पर शुभ ग्रह की दृष्टि युति श्रेष्ठ दाम्पत्य सुख देती है 19.2 सप्तम भाव, सप्तमेश और शुक्र का पाय पीड़ित होना विवाह में अनबन व क्लेश

देता है 19.3 विवाह कारक शुक्र पर मंगल और शनि का पाप प्रभाव पति या पत्नी की मृत्यु व पुनर्विवाह योग देता है 19.5 कुटुम्ब भाव में शनि और सप्तम भाव में राहु विवाह में विघ्न बाधा तो कभी पुनर्विवाह देता है 19.7 शनि और शुक्र की सप्तम भाव में युति सुदीर्घ काल तक श्रेष्ठ दाम्पत्य सुख देती है 19.8 सप्तमस्थ गुरु मनवांछित पति/पत्नी दिलाता है 19.11 सप्तमस्थ राहु जातक को रति कुशल, बुद्धिमान व सक्षम बनाता है।

20 आयु व स्वास्थ्य 177–178

20.1 गुरु का संबंध लग्न या लग्नेश होने पर जातक स्वस्थ व दीर्घायु होता है 20.2 शनि की अष्टमेश से युति दीर्घायु देती है 20.4 लग्न में अष्टमेश और केतु की युति अल्पायु बनाती है 20.5 सूर्य की दृष्टि-युति नवमेश से हो तो पिता को दीर्घायु जानें 20.7 नवमस्थ सूर्य पिता के सुख में कमी करता है 20.8 नवमेश यदि लाभस्थ हो तो पिता दीर्घायु व धन लाभ में सहायक होता है 20.13 पंचमस्थ गुरु पुत्र की आयु क्षीण करता है 20.15 चन्द्रमा की सुखेश के साथ नवम, दशम या लाभ भाव में युति माता को दीर्घायु बनाए 20.17 हीन बली चन्द्रमा, चतुर्थ भाव व चतुर्थेश पर शनि की दृष्टि माता को अल्पायु बनाती है।

21 भाग्य योग 179–183

21.1 भाग्य व लाभ स्थान का परस्पर संबंध जातक को भाग्यशाली व धनी-मानी व्यक्ति बनाता है 21.2 तीन या चार राशियों में दो ग्रहों का साथ बैठना भाग्यशाली बनाता है 21.4 चन्द्र बुध गुरु शुक्र पाप प्रभाव से मुक्त हो तो धन व यश मिलता है 21.5 पाप ग्रह सूर्य, मंगल, शनि, राहु केतु त्रिषडाय में होने से जातक भाग्यशाली व प्रतिष्ठित होता है 21.6 व्यय भाव मे बैठा ग्रह अपने कारकत्व की वृद्धि करता है 21.7 चतुर्थेश-सप्तमेश, नवमेश की युति शुक्र के साथ भाग्य या लाभ स्थान में हो तथा इस युति पर शनि की दृष्टि हो तो शनि की दशा में वाहन प्राप्ति होती है 21.8 लग्नेश, सुखेश और भाग्येश की केन्द्र स्थान में युति सत्ता सुख देती है 21.9 पंचम या नवम भाव का उच्च ग्रह धन व यश देगा 21.11 नवमेश और सूर्य की युति कम भाव में होने से पिता के कारण विभिन्न भोग मिलते हैं 21.3 कारक ग्रह संबंधित भाव से उपचय भाव 3,6,10,11 भाव में नीचस्थ होने पर भी शुभ फल देता है 21.14 व्यय भाव में बैठे ग्रह शुभ होते हैं 21.15 षष्ठ भाव का बुध लाभप्रद है 21.16 पंचमेश और गुरु उच्चस्थ होने पर भाग्यशाली सन्तान का सुख देते हैं।

22 राजयोग 184–189

22.1 धनेश और पंचमेश की युति 2,5,9,10 भाव में राजयोग देगी 22.2 धनेश और लाभेश की युति दशम भाव में होने से सत्ता सुख होता है 22.3 राहु 4,5,10,11 भाव में होने पर अपनी दशा मुक्ति में धन मान व सत्ता सुख देता है 22.5 तृतीय भाव में चन्द्रमा और शुक्र की युति होने से शुक्र की दशा धन-वैभव देती है 22.7 दशमेश होकर गुरु का तृतीस्थ होना भाई से अनबन व धन लाभ देता है 22.8 भाग्येश गुरु अष्टम भाव में होने पर भी धन लाभ देता है 22.9 नवमेश युक्त अष्टमेश की दशा धन देती है 22.11 दशमेश से दृष्टि-युति प्राप्त लाभेश अपनी दशा में सत्ता लाभ देता है 22.13 दशमेश लाभेश का परस्पर संबंध होने पर सप्तमस्थ शनि धन व सुख देता है 22.14 तृतीय या नवम भाव में स्थित शनि शुभ देता है 22.15 व्यय भाव में स्थित गुरु

मरणोपरान्त उत्तम लोकों की प्राप्ति कराता है 22.16 नवमेश और दशमेश की युति नवम या दशम भाव में होने पर उत्तम राजयोग जाने 22.17 नवमेश दशमेश का परस्पर राशि परिवर्तन हो 22.18 नवम और दशम भाव अपने स्वामियों से युक्त हो तो श्रेष्ठ राज योग होता है 22.19 पंचमेश और दशमेश की युति 5 या 10 वें भाव में हो तो राजयोग जानें 22.20 भाग्येश और दशमेश की युति लग्न या सप्तम भाव में हो तो उत्तम राजयोग होगा

तीर्थ स्नान 190-194

23.1 दशमेश के साथ गुरु का दृष्टि-युति संबंध धार्मिक व सदाचारी बनाता है 23.2 पंचमेश या नवमेश का संबंध सप्तमेश या दशमेश से, जल तत्व राशि में, होना तीर्थ स्नान योग देता है 23.4 मिथुन लगन जातक दशमेश गुरु की युति शनि से हो तो ये दोनों ग्रह अपनी दशा में तीर्थ स्नान कराते हैं 23.5 मेष लग्न जातक का सूर्य, शुक्र व गुरु यदि दशम भाव में युति करें तो जातक गंगास्नान करता है 23.6 गुरु के साथ दशमेश की धार्मिक उत्सव व अनुष्ठान में रुचि देती है 23.8 डॉ.बी.वी रमण की कुण्डली 23.9 वैरागी सन्त की कुण्डली

24. मृत्यु योग 195-198

24.1 द्वादशेश में द्वितीयेश की मुक्ति या कमेश में धनेश की मुक्ति मृत्यु देगी 24.2 व्ययेश की दशा में धनेश से संबंध करने वाले ग्रह की मुक्ति या 24.3 द्वितीयेश की दशा में व्ययस्थ तथा व्ययेश से दृष्ट ग्रह की मुक्ति मृत्यु देती है 24.4 व्ययेश की दशा मे व्ययस्थ ग्रह की मुक्ति या 24.5 व्ययेश के साथ द्वितीय भाव में बैठे पाप ग्रह की दशा मुक्ति मृत्यु दे सकती है 24.6 व्यय भाव में स्थित पाप ग्रह का संबंध द्वितीयेश से हो तो उस पाप ग्रह की दशा मुक्ति मारक होगी 24.7 अष्टमेश की दशा-मुक्ति या (ii) षष्ठेश में अष्टमेश की मुक्ति या 24.8 अष्टमेश की दशा में षष्ठस्थ पापी ग्रह की मुक्ति या 24.9 षष्ठेश की दशा में अष्टमस्थ पाप ग्रह की मुक्ति मारक हो जाती है 24.10 अष्टमेश की दशा में अष्टमेश से दृष्ट या षष्ठेश से युक्त ग्रह की दशा मारक है 24.11 अष्टमस्थ पाप ग्रह की दशा में षष्ठेश की मुक्ति या 24.12 षष्ठस्थ ग्रह में अष्टमेश की मुक्ति या 24.13 षष्ठस्थ पापी ग्रह की दशा में स्वक्षेत्री अष्टमेश की मुक्ति मारक होती है। 24.14 अष्टमस्थ पापी ग्रह की दशा में षष्ठ में बैठे पाप ग्रह की मुक्ति मृत्यु देती है 24.15 शुभ ग्रह दु:स्थान के स्वामी या मारकेश होने पर अपनी दशा मुक्ति में मृत्यु या कष्ट देते है 24.16 त्रिक भाव का स्वामी केन्द्र या त्रिकोण में बैठकर भी मृत्यु दे सकता है 24.17 योग कारक ग्रह भी कुसंगति (त्रिकेश से संबंध) के कारण मृत्युपद हो जाता है 24.19 दो या तीन पुत्रों की राहु की दशा होने पर पिता को मृत्यु भय होता है 24.20 सूर्य नारायण राव के विचार 24.21 डॉ.बी.वी.रमण के विचार

25 दशा के परिणाम 199-205

25.1 शनि में शुक्र तथा शुक्र में शनि की मुक्ति अनिष्टप्रद है 25.2 गुरु क्षेत्री शुक्र की दशा में शनि की मुक्ति धनप्रदायक होती है 25.3 अष्टमेश त्रिकभाव में होने से दृष्टमेश की दशा में अष्टमेश नियंत्रक की मुक्ति मृत्यु देगी 25.4 दशमेश व तृतीयेश का परस्पर सम्बन्ध तृतीयेश बहुत शुभ बनाता है 25.6 लग्नेश या भाग्येश सप्तमस्थ होने पर जातक अपने पुरुषार्थ से धन पाता है 25.7 शनि, राहु केतु की दशा मुक्ति पिता के लिए अशुभ व अनिष्टप्रद जानें 25.9 सूर्य बुध की युति होने पर बुध की दशा बहुत शुभ किन्तु सूर्य

की दशा मध्य होती है 25.10 चन्द्र मंगल योग में चन्द्रमा में मंगल की मुक्ति उत्कृष्ट फल देगी 25.11 गुरु-शनि की युति होने पर शनि शुभ फल देगा 25.12 गुरु-मंगल संबंध होने पर मंगल शुभ फल देगा 25.13 गुरु चन्द्र योग होने पर चन्द्रमा श्रेष्ठ हो तो गुरु की दशा सामान्य फल देगी 25.15 बुध, गुरु शुक्र का परस्पर दृष्टि युति संबंध इन ग्रहों की दशा मुक्ति को शुभ बनाता है 25.18 सूर्य का संबंध जिस ग्रह से हो उस ग्रह की दशा मुक्ति सत्ता सुख देती है 25.19 राहु प्राय: अपने साथ बैठे या दृष्टा ग्रह का फल देता है 25.22 डॉ.बी.वी.रमण के विचार 25.23 जातक की मृत्यु के योग 25.24 धन व यश प्राप्ति की दशा 25.25 पिता की मारक दशा।

26. सामान्य योग 206-209

26.1 भावेश का कारक ग्रह से संबंध भाव संबंधी श्रेष्ठ फल देगा 26.2 लाभेश या लाभस्थ ग्रह की दशा लाभ वृद्धि देती है 26.3 अष्टयस्थ गुरु 3,6,8 भाव का स्वामी होने से अशुभ नहीं अपितु धन प्रदायक है 26.4 राहु केन्द्र/त्रिकोण भाव में शुभ व कल्याणकारी है 26.6 पाप ग्रह केन्द्राधि युति होने पर शुभ फल देते हैं 26.8 तृतीय व नवम भाव पर शनि की दृष्टि शुभ है 26.10 मंगल की दृष्टि युति लग्न या अष्टम भाव के चन्द्रमा से हो तो शुभ परिणाम जानें 26.12 भाव, भावेश या कारक पाप कर्तरी में होने भाव की हानि होती है 26.13 लाभेश का व्ययेश से संबंध जातक को उदार व परोपकारी बनाता है 26.14 भाग्येश का अष्टमस्थ होना भाग्य की कमी दर्शाता है 26.15 षष्ठस्थ चन्द्रमा जातक को तीक्ष्ण बुद्धि और विद्वान बनाता है 26.16 सूर्य, मंगल, गुरु विषम राशि में तो चन्द्रमा और शुक्र सम राशि में अधिक शुभ व बली होते हैं।

27 ग्रह मालिका योग 210-212

27.1 लग्न से पंचम भाव तक सभी भाग ग्रह युक्त हो तो पंचमालिका योग से धन, बुद्धि, भूमि भवन, बल पराक्रम व सुन्दर रुप की प्राप्ति होती है 27.2 लग्न से षष्ठ भाव तक सभी भाव ग्रह युक्त होने से षट्मालिका योग के कारण जातक धनी, मानी, विद्वान, सुखी व शत्रुहन्ता होता है 27.3 लग्न से सप्तम भाव तक सभी भाव ग्रह युक्त हो तो सप्तमालिका के कारण सुन्दर सुशील पत्नी का सुख 27.4 अष्टमालिका योग से स्वास्थ्य व दीर्घायु 27.5 नवमालिका योग से जातक महान धार्मिक और भाग्यशाली होता है 27. 8 लगन से पंचम भाव तक सभी भाव ग्रह युक्त होने पर जातक भाग्यशाली होती है 27.9 सम राशि के ग्रह दशा के पूर्वार्ध में मूल त्रिकोण राशि का फल देते हैं 27.10 विषम राशि में स्थित ग्रह अपनी मूल त्रिकोण राशि वाले भाव का फल उत्तरार्ध में देते हैं 27.11 सूर्य से एकादश या द्वादश भाव में गोचर ग्रह अतिचारी तो सूर्य से युति करने वाले या सूर्य से द्वितीय भाव के ग्रह शीघ्र युति होते हैं। सूर्य से पंचम भाव से अष्टम तक वक्री तो नवम भाव व दशम भाव पर गोचर करते ग्रह कुटिल गति होते हैं।

परिशिष्ट

1. ग्रहों का राशि अधिपत्य व मैत्री विचार 213

2. नाभस योग (32 योग) 214-217

3. फल कथन के सूत्र 218-219

फल कथन के सूत्र/नियम

नियम 1: जिन भावों के स्वामी उन भावों के कारकों के साथ संयुक्त हो, उनकी वृद्धि होती है।

भाव	कारक ग्रह	भाव	कारक ग्रह	भाव	कारक ग्रह
लग्न	सूर्य, चन्द्र	पंचम	गुरु	नवम	सूर्य, गुरु
द्वितीय	गुरु	षष्ठ	बुध,शनि	दशम	सूर्य, बुध,शनि
तृतीय	मंगल	सप्तम	शुक्र	एकादश	गुरु
चतुर्थ	चन्द्रमा	अष्टम	शनि	द्वादश	शनि

नियम 2: कोई भी कारक ग्रह यदि उस भाव मे स्थित हो जिसका कि वह कारक है तो उसके भाव का बहुत थोड़ा फल मिलता है।

नियम 3: वह भाव जिसका कारक लग्न से द्वादश भाव में स्थित हो, फलता-फूलता है।

नियम 4: यदि किसी केन्द्र का स्वामी नैसर्गिक पापी ग्रह हो और वह केन्द्र ही में स्थित हो तो राजयोग का शुभ फल करता है।

लग्न	पापी ग्रह	लग्न	पापी ग्रह
मेष	10Lशनि	तुला	4Lशनि, 7Lमंगल
वृष	4Lसूर्य, 7Lमंगल, 10Lशनि	वृश्चिक	4Lशनि, 10Lसूर्य
कर्क	7Lशनि, 10Lमंगल	मकर	4Lमंगल
सिंह	4Lमंगल, 7Lशनि	कुम्भ	7Lसूर्य, 10Lमंगल

नियम 5: जो ग्रह अष्टम भाव में स्थित हो वह उस भाव से सम्बन्धित बातों को, जिसका कि वह स्वामी है, हानि पहुँचाता है और साथ ही अपने कारकत्व को; परन्तु शनि इस नियम में अपवाद है। अष्टम भाव मे शनि अच्छी आयु देता है।

नियम 6: शुक्र द्वादश अथवा छठे स्थान मे स्थित होकर भी शुभ फल करता है।

नियम 7: जो ग्रह अपनी दोनों राशियों से बुरे भावों में स्थित होता है उन भावों के लिए अशुभ फल करता है।

नियम 8: जो ग्रह दो भावों का स्वामी होता है वह उस भाव का फल करता है जिसमें कि उसकी मूल त्रिकोण राशि होती है।

नियम 9: नैसर्गिक शुभ ग्रह जब द्वितीय और द्वादश भावों के स्वामी हो तो मारक होते हैं।

नियम 10: यदि दो ऐसे ग्रहों की युति हो जो किसी साझी बात के द्योतक हैं तो वह साझी बात फलीभूत होती है।

नियम 11: जब दो से अधिक ग्रहों का परस्पर सम्बन्ध हो तो कोई एक ग्रह अपनी दशा भुक्ति में उन गुणों की अभिव्यक्ति करेगा जो उन ग्रहों में साझे हैं जो कि इसे प्रभावित कर रहे हैं।

नियम 12 : यदि कोई ग्रह किसी लग्न विशेष के लिए योगकारक हो परन्तु दिग्बल से शून्य हो तो ऊँचा फल न करेगा।

वृष और तुला लग्न मे शनि योगकारक है। लग्नस्थ शनि शून्य दिग्बल पाता है। कर्क व सिंह लग्न मे योग कारक मंगल चतुर्थ भाव में दिग्बल से शून्य होता है। मकर तथा कुम्भ लग्न मे शुक्र योगकारक है। दशम भाव में बैठा शुक्र शून्य दिग्बल पाने से विशेष शुभ फल नहीं दे पाता।

नियम 13: ग्रह उस भाव का मुख्यतया पुल करते हैं जिसमें कि उन की मूल त्रिकोण राशि पड़ती है।

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	ग्रह
5	2	1	6	9	7	11	मूल त्रिकोण राशि

नियम 14: द्वादश भाव का स्वामी कमी (अल्पता) का सूचक है। यदि यह धन द्योतक ग्रहों के साथ हो तो धन को घटा देता है।

नियम 15: दो ग्रह धनादि साझे गुणों वाले यदि परस्पर सम्बन्ध न भी रखते हो, परन्तु यदि वह अपने-अपने भावों में स्वक्षेत्री होकर बलवान हो तो शुभ फल करते हैं।

नियम 16: विद्या का मुख्य स्थान द्वितीय भाव है जिसके द्वारा विद्या की मात्रा आदि का विचार करना चाहिए।

कारण 5H बुद्धि तो 2H बुद्धि का कर्म स्थान है। वाणी से विद्या बुद्धि की परीक्षा हो जाती है।

नियम 17 : कुण्डली का चतुर्थ स्थान 'जनता' का और स्त्री जाति का भाव होने से जनता की स्त्री का प्रतिनिधित्व करता है। यदि चतुर्थेश का सम्बन्ध सप्तम सप्तमेश से हो तो मनुष्य व्यभिचारी होता है।

नियम 18: जब दो ग्रह एक स्थान में हों तो वे अपनी दशा मुक्ति में साथी ग्रह का बहुत हद तक फल करते हैं।

अध्याय	विषय सूची	पृष्ठ संख्या
1.	मेष लग्न	1–15
2.	वृष लग्न	16–27
3.	मिथुन लग्न	28–39
4.	कर्क लग्न	40–54
5.	सिंह लग्न	55–67
6.	कन्या लग्न	68–77
7.	तुला लग्न	78–92
8.	वृश्चिक लग्न	93–103
9.	धनु लग्न	104–115
10.	मकर लग्न	116–126
11.	कुम्भ लग्न	127–141
12.	मीन लग्न	142–157
13.	धन योग विचार	158–160
2. जीवन के विविध आयाम का विचार		**163-166**
14.	विद्या विचार	167–170
15.	खान-पान बड़ा साहज	
16.	भ्रातृ-भाव	171
17.	वाहन तथा भाग्य	172–173
18.	शत्रु और रोग	174
19.	स्त्री और काम सुख	175–176
20.	आयु और स्वास्थ्य	177–178
21.	भाग्ययोग	179–183
22.	राजयोग	184–189
23.	तीर्थ स्नान	190–194
24.	मृत्युयोग	195–198
25.	दशा के परिणाम	199–205
26.	सामान्य योग	206–209
27.	ग्रह मालिका योग	210–213

परिशिष्ट–सूची

1. ग्रहों के राशि आधिपत्य व राशि मैत्री विचार 214-217
2. नाभस योग
3. फलकथन के सूत्र

गणेशम एकदन्तं च

हेरम्बं विघ्ननायकम्।

लम्बोदरं शूर्पकर्णम्

गजवक्त्रं गुहाग्रजम्॥

नामाष्टार्थ च पुत्रस्य

शृणु मातर्हरप्रिये।

स्तोत्राणां सारभूतं च

सर्वविघ्न हरम् परम्॥

अध्याय–1

मेष लग्न

मेष लग्नोदये जातो, गुरुभक्तः प्रियंवदः ।
गुणी कांतः प्रियालुब्धः, शूरः सर्वजन प्रियः ।।
(यवन जातक 10:01)

1.1 मेष लग्न में उत्पन्न जातक गुरुभक्त तथा मधुरभाषी या प्रिय वचन बोलने वाला गुणवान और सुन्दर व्यक्तित्व का धनी होता है। वह पराक्रमी, शूरवीर तथा लोकप्रिय होता है। 1. नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, 2. सरदार वल्लभभाई पटेल 3. पृथ्वीराज चौहान, 4. श्री.के.पी.एस. गिल 5. श्री सत्यजीत रे 6. डॉक्टर सम्पूर्णानन्द, 7. खलील जिब्रान, 8. जॉर्ज वॉशिंग्टन तथा 9. चन्द्रबाबू नायडू–ये सभी मेष लग्न जातक इस तथ्य की पुष्टि करते हैं।

1.2 **चतुर्थेश पंचमेश का सम्बन्ध योगकारक**–मेष लग्न कुण्डली में 4L चन्द्रमा तथा 5L सूर्य का परस्पर दृष्टि युति सम्बन्ध राजयोग देता है। मेष लग्न कुण्डलियों की संख्या 2, 13, 21 व 36 में उक्त दोनों ग्रह सम सप्तक हैं।

1.3 **शुक्र मारक**–2L–7L शुक्र मेष लग्न के लिए प्रबल मारक है। इसकी दशा अन्तर्दशा मृत्यु दे सकती है। कारण विद्वानों ने अष्टम भाव और अष्टम से अष्टम होने के कारण तृतीय भाव को आयुष्य या जीवन अवधि का भाव माना है। अब क्योंकि सप्तम और द्वितीय भाव क्रमशः अष्टम एवं तृतीय भाव के द्वादश या हानि स्थान हैं, अतः द्वितीय व सप्तम भाव को मारक कहा जाता है।

1.4 **मृत्यु खंड में गुरु भी मारक**–9L–12L गुरु यदि 10 H में हो तो मृत्यु खंड में गुरु की दशा भुक्ति भी मृत्यु दे सकती है। ध्यान रहे, गुरु की मूल त्रिकोण राशि नवम भाव में है। अतः गुरु भाग्येश होकर कर्म भाव में शुभ होना चाहिए किन्तु भाग्येश का नीचस्थ होकर दशम भाव में बैठ कर द्वितीय व षष्ठ भाव (2H–6H) से दृष्टि सम्बन्ध अनिष्ट परिणाम दे सकता है।

1.5 **मात्र नवमेश दशमेश का सम्बन्ध योगकारक नहीं**–कुछ विद्वानों का विचार है कि केन्द्र व त्रिकोण भाव के स्वामी यदि नैसर्गिक पाप ग्रह नहीं हो तभी वे योगकारक होते हैं। यदि कभी किसी शुभ ग्रह की अन्य राशि दुःस्थान में पड़े या फिर कोई दुष्ट ग्रह नवम या दशम भाव में हो तो भी **राजयोग कमज़ोर** पड़ जाता है। फिर यहाँ तो शनि की मूल त्रिकोण राशि एकादश भाव में है। महर्षि पाराशर ने 3L-11L को पापी ग्रह माना है। अन्य शब्दों में 9L गुरु तथा 10L शनि का सम्बन्ध राजयोग नहीं दे पाता। कुण्डली 3, 4, 5, 6, 8, 10,11,14, 15, 16, 21, 24, 25, 28, 31, कुल 37 में से 17 कुण्डलियों में इस गुरु–शनि का सम्बन्ध पाया गया ।

1.6 **शस्त्र की चोट या फोड़े से कष्ट**—मंगल को विद्वानों ने चोट लगने का कारक माना है। अग्नितत्व ग्रह लग्नेश व अष्टमेश होने से शस्त्राघात, जख्म या फोड़े आदि की पीड़ा देता है। यदि कहीं केतु का प्रभाव लग्न या अष्टम भाव पर हो तो देह कष्ट की सम्भावना निश्चय ही बढ़ जाती है।

1.7 **षष्ठेश की दशा में सिर पर चोट**—यदि षष्ठेश बुध की मंगल से युति हो तो बुध की दशा-भुक्ति में सिर पर चोट लगने से मृत्यु होती है।

1.8 **6L+ मंगल की युति होने से षष्ठेश की दशा में सिर पर चोट और मृत्यु**—कारण, लग्न सिर है तो अष्टम भाव मृत्यु है अत: षष्ठेश का अष्टमेश से सम्बन्ध दुर्घटनावश सिर पर चोट और मृत्यु दे सकता है।

1.9 **धनेश शुक्र व्यय भाव में भी शुभ**—द्वितीयेश शुक्र का व्यय भाव में उच्चस्थ होना निश्चय ही धन की वृद्धि करेगा। कारण, शुक्र भोग कारक ग्रह है, तो द्वादश भाव भी लौकिक सुख भोग और वैभव को दर्शाता है। अत: शुक्र की द्वादश भाव में स्थिति तो शुभ है किन्तु धनेश का व्यय भाव में बैठना शुभ नहीं है। मात्र मेष और कन्या लग्न को छोड़कर अन्य सभी लग्नों में 2L का 12 H में होना अशुभ माना जाता है। कारण, भोग कारक ग्रह शुक्र भोग स्थान में कभी अशुभ नहीं होता।

1.10 **मंगल योगकारक और मारक भी**—मेष लग्न के लिए मंगल और शुक्र की युति कभी लग्नेश मंगल को भी मारकत्व दे दिया करती है। ध्यान रहे, **मारेकश के संगदोष से कोई भी ग्रह मारकत्व पाता है।** अत: मंगल भले ही लग्नेश हो, किन्तु 2L-7L शुक्र के साथ बैठने से, मंगल की दशा भुक्ति मारक प्रभाव देगी। किन्तु लग्नेश व धनेश की परस्पर युति धन व कुटुम्ब सुख भी अवश्य देगी। अत: यह सम्बन्ध योग कारक भी है।

1.11 **धन भाव में लग्नेश, भाग्येश और धनेश की युति शुभ**—द्वितीय भाव की वृष राशि में धनेश शुक्र, भाग्येश गुरु और लग्नेश मंगल की दृष्टि-युति निश्चय धन प्रदायक हैं। (1L+2L+9L) 2H में—धन प्राप्ति योग

कुण्डली संख्या व नाम	विवरण
2. चन्द्रशेखर (पूर्व प्रधानमंत्री)	धनेश धन भाव में स्वगृही है तो भाग्येश गुरु लाभ स्थान से, तृतीय भाव में बैठे लग्नेश मंगल को देखता है।
7. कांशीराम (पूर्व ब.स.पा. अध्यक्ष)	धनेश धन भाव में स्वगृही है तो लग्नेश मंगल पर भाग्येश गुरु की दृष्टि है।
8. खलील जिब्रान	धनेश शुक्र धन भाव को तो भाग्येश गुरु भाग्य स्थान में बैठे लग्नेश मंगल को देख रहा है।
10. नेताजी सुभाषचन्द्र बोस	धन भाव में बैठे लग्नेश मंगल की भाग्य स्थान और भाग्येश गुरु पर दृष्टि है तो लाभस्थ धनेश शुक्र भी भाग्येश से दृष्ट है।

12. आर. पी. गोयनका	भाग्येश गुरु धन भाव में बैठकर उच्चस्थ लग्नेश मंगल को देखता है। धनेश शुक्र लाभ स्थान में सूर्य 5L, चन्द्रमा 4L के साथ है।
13. राखी गुलज़ार (अभिनेत्री)	का लग्नेश मंगल धन भाव में बैठकर धनेश शुक्र को देख रहा हैं भाग्येश गुरु, धनेश नियंत्रक के साथ सुख स्थान में हैं।
14. सत्यजीत रे (फिल्म निर्माता)	लग्नेश मंगल व धनेश शुक्र का राशि परिवर्तन हुआ है तो भाग्येश गुरु, लग्नस्थ धनेश को देख रहा है।
15. डॉ. सम्पूर्णानन्द	लग्नेश मंगल की दृष्टि लग्न तथा धन भाव पर हैं। भाग्येश गुरु की धनेश शुक्र के साथ युति और लग्न पर दृष्टि है।
16. रोहित खुर्जा	लग्नेश मंगल लाभ स्थान से धन भाव को देखता है तो धनेश शुक्र की भाग्येश गुरु के साथ युति और धन भाव पर दृष्टि है।
17. इंजी.मदन (अंजु)	लग्नेश धन भाव में बैठकर, धनेश शुक्र तथा भाग्य स्थान को देख रहा है तो भाग्येश गुरु की लग्न पर दृष्टि है।
18. शशि अग्रवाल	भाग्येश गुरु, भाग्य स्थान में स्वगृही होकर, लग्न व लग्नेश मंगल को देखता है। लग्नेश मंगल की उच्चस्थ धनेश शुक्र पर दृष्टि है।
20. पृथ्वीराज चौहान	भाग्येश की धनेश शुक्र के साथ युति और धन भाव पर दृष्टि है तो लग्नेश मंगल, धनेश-भाग्येश की दशम भाव में युति पाकर लग्न तथा धन भाव को देख रहा है।
21. चन्द्रप्रभा शास्त्री जम्मू	लग्नेश मंगल उच्चस्थ होकर लग्न तथा भाग्येश गुरु (उच्चस्थ) को देख रहा है तो धनेश शुक्र की दृष्टि भी लग्न पर है।
22. रुक्मिणी-महेश	स्वगृही भाग्येश गुरु का दृष्टि सम्बन्ध धनेश शुक्र, लग्न तथा लग्नेश मंगल से हुआ है।
23. मंजु गोयल	भाग्येश गुरु तथा लग्नेश मंगल की धन भाव पर
	दृष्टि है तो धनेश शुक्र भाग्यस्थान में लाभेश शनि से दृष्ट है।
25. अनीता निगम	भाग्येश गुरु की दृष्टि धनेश शुक्र तथा लग्नेश मंगल पर है तो धन भाव अपने स्वामी से दृष्ट हैं।
27. ओंकार नाथ (विद्युत अभियन्ता)	लाभ स्थान में लग्नेश मंगल की धनेश शुक्र के साथ युति पर भाग्येश गुरु की दृष्टि है।

28. सरदार पटेल	धनेश शुक्र की भाग्येश गुरु के साथ युति तथा लग्न पर दृष्टि है तो लग्नेश मंगल दशम भाव में उच्चस्थ होकर लग्न को देख रहा है।
29. इंजी, कैलाश	धन भाव में स्थित लग्नेश मंगल की, धनेश शुक्र तथा भाग्य स्थान पर दृष्टि है तथा भाग्येश गुरु उच्चस्थ होकर, दशम भाव में लग्नेश की उच्चराशि को देख रहा है।
30. योगी भास्करानन्द	लाभेश शनि धन भाव से लग्नेश मंगल को देखता है। लग्नेश मंगल की दृष्टि धनेश शुक्र पर तो शुक्र की दृष्टि लग्न पर है।
31. गुलशन कुमार (टी. सीरीज)	लग्नेश मंगल धन भाव में बैठकर भाग्यस्थान को देख रहा है तो भाग्येश गुरु उच्चस्थ होकर धनेश शुक्र को देख रहा है, 1L धन भाव (2H) से 9H को देखता है तो 9L की 2L पर दृष्टि योग कारक बनी)
33. डॉ. पोद्दार	धनेश शुक्र की स्वगृही लग्नेश मंगल के साथ युति पर भाग्येश की दृष्टि है।
34. संजीव जम्मू	भाग्येश गुरु तथा लग्नेश मंगल की धन भाव पर दृष्टि है। धनेश शुक्र की सुखेश चंद्रमा के साथ सुख स्थान में युति है।
37. अखिल इंजी.	लग्नेश मंगल की धनेश नियंत्रक के साथ युति और भाग्य स्थान पर दृष्टि है तो भाग्येश गुरु भी धन भाव को देख रहा है।

(24 कुण्डलियों में 2L, 9L और 1L का सम्बन्ध पाया गया)

1.12 तृतीय भाव में लग्नेश-धनेश-भाग्येश की युति योगप्रद नहीं:

(1) लग्नेश का सभी योगों में विशेष महत्व है। अब यदि ऊपर दिया गया योग तीसरे भाव में बने तो विशेष शुभ नहीं है। भाग्येश व धनेश की लग्नेश से युति, लाभ और भाग्य वृद्धि तो अवश्य करेगी। किन्तु यहाँ लग्नेश मंगल के लिए मिथुन राशि लग्न से तृतीय है तो वृश्चिक से भी अष्टम है। अत: लग्नेश मंगल के लिए यह स्थिति शुभ नहीं है। **जो ग्रह अपनी राशि से त्रिक या त्रिषडाय में हो वह ग्रह उन भावों के लिए अशुभ हो जाता है।** चतुर्थ भाव में मंगल और गुरु की युति शुभ है।

(2) यदि भाग्येश गुरु त्रिकोणेश होकर चतुर्थ भाव अर्थात केन्द्र में उच्चस्थ हो तथा लग्नेश मंगल से युति और दशम भाव से दृष्टि सम्बन्ध करे तो निश्चय ही भाग्य वृद्धि में सहायक होगा।

1.13 पंचमस्थ मंगल धनप्रदायक

मेष लग्न जातक का लग्नेश **मंगल सिंह राशि** में अपनी मेष राशि से पंचम तथा वृश्चिक से दशम भाव में होने से **बहुत शुभ** है। पुनः पंचमस्थ मंगल की दृष्टि लाभ स्थान पर भी होगी। अब यदि त्रिकोण भाव में मित्रक्षेत्री लग्नेश अपनी दशा भुक्ति में धन दे तो आश्चर्य कैसा?

श्री जगन्नाथ भसीन–जन्म : 8 अगस्त, 1908; जन्म दशा–बुध 4 वर्ष शेष।

मंगल अपनी राशि मेष से केन्द्र तो वृश्चिक से त्रिकोण में होने के कारण शुभ हैं। दशमेश की धनेश के साथ लग्न में युति है तो भाग्येश गुरु धन भाव में मित्रक्षेत्री होकर दशम भाव को देख रहा है। मंगल की दशा भुक्ति जातक को धन, मान व यश देने वाली बनी।





1.14 लाभस्थान में गुरु शुभ नहीं है। यूँ तो भाग्येश का लाभस्थ होना, भाग्य और लाभ की वृद्धि करता है किन्तु यहाँ गुरु अपनी धनु राशि से तृतीय तो मीन से द्वादश भाव में स्थित है। इसलिए भाग्येश होकर भी निष्फल ही है।

1.15 लग्नेश और षष्ठेश की षष्ठ भाव में युति रोगकारक

(1) मंगल नैसर्गिक रूप से आघात, व्रण व रोग पीड़ा का कारक है। पुनः इसका षष्ठ भाव में षष्ठेश से युति करना घाव और पीड़ा देगा। अतः **मंगल-बुध या बुध में मंगल की भुक्ति देह कष्ट** देगी।

(2) मंगल और शुक्र की सप्तम भाव में युति लग्नेश मंगल, वीर्य स्थान में वीर्य कारक शुक्र के साथ है। सम्भव है, ऐसा जातक रति क्रीड़ा में दक्ष व सुन्दरियों का प्रेम भाजन हो। शुक्र धनेश और सप्तमेश होकर सप्तम भाव में स्वक्षेत्री तथा मंगल के साथ है। अतः ऐसा जातक अपने प्रयास, परिश्रम व पुरुषार्थ से धन व यश पाता है।

1.16 अष्टमस्थ मंगल स्वगृही होने पर भी शुभ नहीं

लग्नेश मंगल की मूल त्रिकोण राशि मेष है जो अष्टम से गणना करने पर षष्ठस्थ होती है। अतः **अष्टम भाव में वृश्चिक राशि का मंगल ऋण रोग व शत्रु भय देता है** किन्तु पंचमेश **सूर्य या धनेश शुक्र के साथ यदि मंगल की युति** हो तो निश्चय ही **धन लाभ** देगा।

1.17 नवमस्थ मंगल शुभ

यदि दशमेश-लाभेश शनि सप्तम भाव में उच्चस्थ हो तथा लग्नेश मंगल की पंचमेश सूर्य, धनेश शुक्र तथा स्वगृही भाग्येश गुरु के साथ युति हो तो मंगल की दशा शुभ फल देगी। कारण, द्वितीय पंचम और नवम--ये सभी धन लाभ देने वाले हैं। पुनः लाभेश शनि का भाग्येश-लग्नेश से भाग्यस्थ होना भी धन वृद्धि करता है।



1.18 शुक्र की दशा शुभ–पंचमेश सूर्य के साथ धनेश शुक्र की लग्न में युति हो किन्तु गुरु की दृष्टि नहीं हो तो शुक्र की दशा-भुक्ति शुभ फल देगी । शुक्र की मूल त्रिकोण राशि सप्तम भाव में होने से शुक्र केन्द्राधिपति दोष से पीड़ित है। पुनः इस का शत्रु ग्रह सूर्य से युति करना भी शुक्र को दुर्बल कर रहा है। अतः यहाँ विपरीत राजयोग से धन योग बना है। यदि भाग्येश ग्रह का दृष्टि सम्बन्ध भी हो तो गुरु की शुभ दृष्टि के कारण विपरीत राजयोग भंग हो जाएगा।



1.19 सूर्य की दशा शुभ–यदि सूर्य और शुक्र की युति पर गुरु की दृष्टि हो तो भाग्येश गुरु की पंचमेश सूर्य पर दृष्टि सूर्य की दशा को शुभ व धनप्रदायक बनाएगी।

1.20 लाभस्थान में बुध भी शुभ है—लाभ स्थान में यदि सूर्य, बुध और शुक्र की युति हो, तो धनेश शुक्र और भाग्येश सूर्य के संग प्रभाव से बुध भी धनप्रदायक होगा। यहाँ सूर्य, बुध और शुक्र की दशा भुक्ति धन सम्बन्धी शुभ फल देगी।



1.21 सूर्य और चन्द्रमा से राजयोग—यदि पंचमेश सूर्य लग्न में उच्चस्थ हो तो जातक निश्चय ही पद-प्रतिष्ठा व भाग्य वृद्धि पाएगा। पुनः सुखेश का सुख स्थान में स्वगृही होना भी सुख बढ़ाएगा। पुनः केन्द्रेश चन्द्रमा के साथ त्रिकोणेश सूर्य का केन्द्र में सम्बन्ध राजयोग देगा।



1.22 गंगा स्नान—यदि सूर्य, गुरु और शुक्र की युति दशम भाव की मकर राशि में हो तो ये सभी ग्रह अपनी दशा भुक्ति में गंगास्नान का पुण्य लाभ देते हैं। ध्यान रहे, सूर्य और गुरु सात्विक ग्रह हैं। ये क्रमशः पंचमेश और नवमेश भी हैं। अतः इनकी दशा भुक्ति गंगा स्नान की बात समझ में आती है। शुक्र संग प्रभाव से तथा अपनी मूल त्रिकोण राशि दशमात् दशम के कारण शुभ फल देगी।

॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.1 आबा साहेब गरवारे

21.12.1903; 14:0 घंटे

17 N 04 74 E 41



1.2 चंद्रशेखर

17.04.1927; 5:32 प्रातः बलिया

25 N 45 84 E 09



1.3 जॉर्ज फर्नाण्डीस

03.03.1930; 06.04: प्रातः

12 N 54 74 E 51



1.4 जॉर्ज वॉशिंग्टन

22.02.1732; 10.00 प्रातः

38 N 10 76 W 52



1.5 के.पी.एस.गिल

29.12.1934; 14:10 घंटे, लाहौर

31 N 32 74 E 22



1.6 काजोल मुखर्जी

07.10.1975; 19:08 घंटे

दिल्ली



॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.7 कांशीराम

12.04.1932 7:30 प्रातः

30 N 09 74 E 11



1.8 खलील जिब्रान

06.01.1883 1:00 घंटे बसरा

34 N 15 36 E



1.9 चन्द्रबाबू नायडू

27.04.1951 06:30 प्रातः

हैदराबाद 17 N 22 78 E 26



1.10 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

12:29 घंटे

20 N 26 85 E 56



1.11 प्रकाश पादुकोण

10.06.1930 03:27 रात्रि

13 N 00 77 E 35



1.12 आर.पी. गोयनका

01.03.1930 08:40 प्रातः

27 N 30 88 E 26



॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.13 राखी गुलज़ार
15.08.1943; 11:30 रात्रि
कलकत्ता



1.14 सत्यजीत रे
02.05.1921; 05:00 बजे, प्रात:
कलकत्ता



1.15 डॉ. सम्पूर्णानन्द
01.01.1890; 13:07 वाराणसी



1.16 रोहित (प्रिंटिंग प्रेस)
04.11.1971 खुर्जा



1.17 मंदन इंजी.
11.09.1958
(पत्नी से तलाक) चंडीगढ़

1.18 शशि अग्रवाल
(महिला उद्यमी)
11.02.1948 दिल्ली





॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.19 सिकन्दर बादशाह



1.20 पृथ्वीराज चौहान



1.21 चन्द्रप्रभा शास्त्री जम्मू
01.11.1954 17:05



1.22 रुक्मिणी-महेश
(व्यापारी की पत्नी)
(केवल बेटियाँ चार)



1.23 मंजु गोयल
मार्गशीर्ष शुक्ल 04, 2001 विक्रमी
(उद्यमी महिला)



1.24 पुनीत
(मंजु का पुत्र)
22.01.1970 12:22 घंटे

॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.25 अनीता निगम
(ज्योतिषी अंक शास्त्री)
09.01.1955, 14:15 दिल्ली



1.26 डॉ. गौरव (कृषि)
11.09.1972, 20:30 घंटे
मेरठ



1.27 ओंकारनाथ मिश्र
विद्युत अभियन्ता



1.28 सरदार पटेल
31.10.1875, 17:56 घंटे
22 N 7 72 E 09



1.29 इंजी. कैलाश
15.09.1943 दिल्ली



1.30 योगी भास्करानन्द
01.12.1913–16:25 घंटे
अहमदाबाद



॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.31 गुलशन कुमार
(टी-सीरीज़)
05.05.1995–4:59 प्रातःदिल्ली



1.32 ऐडोल्फ इचमैन
19.03.1906, 08:17 प्रातः
50 N 47 6 E 04



1.33 डॉ. पोद्दार
18.05.1947, 04:19 प्रातः



1.34 संजीव
07.09.1966



1.35 विवेक
(अर्चना का अग्रज)
11.01.1972,13:35 घंटे, दिल्ली



1.36 गुलज़ारीलाल नन्दा
04.07.1898 00:52 घंटे
सियालकोट (पाक)



॥ मेष लग्न/जातकम् ॥

1.37 अखिल (मधु)
04.07.1983, 01:20 घंटे



1.38 अनुज भसीन
28.12.1977
दहेली



1.39 आराधना सिंह
30.10.1978, 17:50 (K-486)
खन्ना (पंजाब) विदेश गमन



1.40 आशुतोष
21.08.1931, 22:34(K-497)
दिल्ली



1.41 अमित बटाला
(व्यापारी का पुत्र)
28.07.1978, 23:25 दोपहर

1.42 भव्या
20.04.1993 K-213



॥ मेष लग्न जातकम् ॥

1.43 छवि

10.03.1965, 09:10 प्रातः

दिल्ली-K 322



1.44 दीपिका

30.06.1986, 01:37 रात्रि

रोहतक



1.45 लालू प्रसाद यादव

11.06.1948–02:57 रात्रि

गोपालगंज (बिहार)



मेष लग्न कुण्डलियाँ 45

अध्याय - 2

वृष लग्न

वृषोदये नरो जातः धनीकान्तः प्रियंवदः
लुब्धः कामी गुरोर्भक्तो मैत्रो मानी महाबलः॥

(यवन जातक 10:2)

वृष लग्न में जन्म लेने वाला व्यक्ति सुन्दर व धनी होता है। वह प्रिय वक्ता, लोभी, कामी, गुरुभक्त, मित्रों को सम्मान देने वाला तथा महान बलशाली होता है।

2.1 शनि योगकारक होने पर भी निर्बल

वृष लग्न जातक का शनि नवमेश दशमेश होने से योगकारक होता है किन्तु सूर्य तथा बुध की युति (दृष्टि) के अभाव में वह शुभ फल नहीं दे पाता। शनि का नैसर्गिक बल सबसे कम है। अतः सुखेश सूर्य या पंचमेश बुध की दृष्टि युति के अभाव में मंगल विशेष शुभ नहीं कर पाता।

2.2 नवम भाव में गुरु मंगल की युति शुभ

यदि राहु दशमस्थ हो अथवा नवम भाव में (गुरु+मंगल) की युति हो तो गंगास्नान का पुण्य फल मिलता है। ध्यान रहे, एकाकी राहु यदि अन्य ग्रह की दृष्टि-युति से वंचित हो तो जिस भाव में बैठे, उसी का फल देता है। छाया ग्रह **राहु का दशम भाव में बैठना सत्कर्म या पुण्य कर्म** देगा। धर्म के नैसर्गिक कारक गुरु के साथ व्ययेश मंगल का उच्चस्थ होकर धर्म या नवम भाव में बैठना भी तीर्थ यात्रा व तीर्थ स्नान कराएगा।

2.3 चतुर्थ भाव के चन्द्रमा पर धनेश लाभेश की दृष्टि धन प्रदायक

चतुर्थ भाव की सिंह राशि में बैठे चन्द्रमा पर यदि धनेश-पंचमेश बुध तथा लाभेश गुरु की दृष्टि हो तो जातक चन्द्रमा की दशा भुक्ति में धन लाभ पाता है। ध्यान रहे, चन्द्रमा भी लग्न सरीखा है। उस पर धनेश, त्रिकोणेश व लाभेश की दृष्टि-युति धन प्राप्ति में सहायक होगी। कदाचित चंद्रमा को तृतीयेश होने का दोष नहीं लगता।

2.4 लाभ स्थान में सूर्य+शनि की युति धन व आयु बढ़ाए

विद्वानों का मत है कि वृश्चिक राशि में सप्तमस्थ मंगल स्वक्षेत्री होने से शुभ फल देता है, अशुभ नहीं। इसी प्रकार सुखेश सूर्य की नवमेश-दशमेश शनि के साथ लाभ स्थान में युति, धन लाभ व दीर्घायु देती है। 11H में (सूर्य+शनि) की युति = धन लाभ और दीर्घायु

2.5 बुध और गुरु का परस्पर सम्बन्ध धनदायक

गुरु को विद्वानों ने धन का नैसर्गिक कारक कहा है। अब यदि यही गुरु लाभ स्थान का स्वामी होकर, धनेश-पंचमेश बुध के साथ दृष्टि-युति सम्बन्ध करें तो निश्चय ही धनप्रदायक होगा।

2.6 व्ययेश सप्तमेश मंगल की बुध गुरु से युति ऋणग्रस्त करे

वृष लग्न में बुध द्वितीयेश-पंचमेश तो गुरु अष्टमेश-लाभेश और मंगल व्ययेश-सप्तमेश है। गुरु की मूल त्रिकोण राशि अष्टमभाव में तो मंगल की मूल त्रिकोण राशि द्वादश भाव में होने से धन का अभाव होना सम्भव है। बुध संग दोष से शीघ्र प्रभावित हो जाता है। अतः मंगल, बुध, गुरु, की किसी राशि में युति **आर्थिक संकट** देकर जातक को ऋणग्रस्त करती है।

अन्य विद्वानों का मत है कि मंगल, बुध, गुरु की युति होने पर मंगल की दशा में धन प्राप्ति होगी। कारण, मंगल केन्द्रेश होने से पापी नहीं रहता। पुनः लाभेश गुरु और धनेश बुध की युति पाने से मंगल धन देने वाला बनेगा।

2.7 गुरु की दशा मिश्रित फल देगी

बुध का शुभ प्रभाव तथा व्ययेश मंगल का अनिष्ट प्रभाव एक साथ पड़ने से गुरु की दशा भुक्ति में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे।

2.8 लग्नस्थ बुध तथा शुक्र पर सप्तमस्थ गुरु की दृष्टि योग कारक

बुध और शुक्र की वृष लग्न में युति तथा स्वगृही लग्नेश के साथ धनेश-पंचमेश की युति है। पुनः सप्तमस्थ गुरु लाभेश होकर अपने लाभ स्थान व लग्न में बैठे लग्नेश और धनेश को देखेगा। अतः उच्चकोटि का फल देगा। शुक्र का अपनी मूल त्रिकोण राशि अर्थात षष्ठ से अष्टम भाव में होना तथा गुरु का अष्टमस्थ धनु से द्वादश भाव में बैठना भी ऋण, रोग व अपयश की हानि करके **धन-वैभव और मानवृद्धि** में सहायक होगा।



2.9 नीचस्थ गुरु की दशा में भाग्योदय

लग्न की वृष राशि में मंगल और शुक्र की युति पर नवम भाव में बैठे गुरु की दृष्टि होने पर गुरु और मंगल की दशा-अन्तर्दशा, भाग्य व धनवृद्धि करेगी। कारण, गुरु धनु से द्वितीय या धन भाव में तो अपनी मीन राशि से एकादश या लाभ स्थान में है। अतः ऐसे भाग्यस्थ गुरु की दशा निश्चय ही धन प्रदायक होगी। मंगल के केन्द्राधिपति होने से अशुभ नहीं, अपितु तटस्थ या





सम़ है। मंगल से स्वगृही लग्नेश शुक्र की युति तथा लाभेश गुरु की दृष्टि मंगल की दशा को लाभ देने वाली दशा बनाएगी।

दशमस्थ राहु की दशा गंगास्नान का पुण्य लाभ दे

यदि नवम भाव में मंगल बुध और शनि की युति हो तथा राहु दशम भाव में हो तो राहु क़ी दशा-भुक्ति गंगास्नान का पुण्य देगी।

2.10 राहु की दशा में गंगा स्नान

13.11 यदि लग्नेश, सुखेश (चतुर्थेश) तथा भाग्येश (नवमेश) की **अष्टम भाव में युति** हो तो व्यक्ति जन्म से ही **दरिद्र या अर्थ संकट से पीड़ित** होता है। विद्वानों ने अष्टम भाव को मृत्यु या नाश स्थान कहा है। लग्नेश देह सुख, चतुर्थेश मन का या घर परिवार का सुख सन्तोष तो भाग्येश पिता और भाग्य सम्बन्धी सुख को दर्शाते हैं। इसका अष्टम भाव में बैठना निश्चय ही अर्थ संकट को बढ़ाएगा।

13.12 **धनेश और व्ययेश का स्थान परिवर्तन** धन की कमी और **व्यय की अधिकता** से आर्थिक संकट देता है।

13.13 व्ययेश लग्न में बैठकर मारकेश (2L–7L) की दृष्टि पाए तथा धनेश व्यय भाव में बैठे तो इसे निर्धनता या अर्थाभाव का संकेत जाने। कारण–द्वादश भाव हानि या कमी का भाव है। उसमें धनेश का बैठना धन की कमी देगा। पुनः व्यय भाव के स्वामी का लग्न या देह सुख में बैठना भी व्यय सम्बन्धी चिन्ता देगा। मारक भाव के स्वामी की लग्न पर दृष्टि भी सुख वैभव की कमी दर्शाती है

13.14 पंचमेश षष्ठभाव में तथा भाग्येश अष्टमस्थ हो कर यदि मारक ग्रह की दृष्टि पाए तो जातक निर्धन होता है। ध्यान रहे, **त्रिकोण भाव के स्वामी** धन को दर्शाते हैं किन्तु इनका **दुःस्थान में** बैठना निश्चय ही धन के लिए **अनिष्टप्रद** है। मारक ग्रह जिस भाव या भावेश से दृष्टि युति करे उसके सम्बन्ध में अनिष्ट फल दिया करता है। यह तथ्य ज्योतिष प्रेमियों के लिए अनजाना नहीं है। अतः धन का अभाव या आर्थिक संकट होना सुनिश्चित है।

13.15 (1) धन योग 2L का 5L, 9L या 11L से अथवा 2L, 5L, 9L, 11L का परस्पर सम्बन्ध धन-वैभव और मान-प्रतिष्ठा देता है।

(2) व्ययेश के साथ धनेश या लाभेश का सम्बन्ध धन की कमी देता है।

(3) (गुरु+बुध) का परस्पर सम्बन्ध धन व प्रतिष्ठा देता है।

(4) लग्नेश 1H + 2H में 2L + 11H में 11L = धन व सुख प्राप्ति।

(5) लग्न (2L + 11L) = धन सम्बन्धी सुख।

(6) 7L चंद्रमा यदि 2H में होने नष्ट धन का लाभ जानें।

(7) 8H में (1L + 4L + 9L) की युति आर्थिक संकट देती है।

(8) 2L तथा 12L का राशि परिवर्तन व्यय भार बढ़ाता है।

(9) लग्न में 12L पर मारकेश 2L/7L की दृष्टि + 2L भी 12H में हो = निर्धनता या अर्थ संकट।

(10) (6H में 5L + 8H में 9L) पर 2L/7L की दृष्टि-युति हो तो इसे आर्थिक संकट या निर्धनता का योग जानें।

अध्याय - 14

विद्या विचार

14.1 (*i*) शुक्र चतुर्थगो यस्य गान विद्या विशारदः।

शुक्र यदि चतुर्थ अर्थात मन के भाव में हो तो जातक की गायन विद्या में सहज रुचि होती है और वह गाने में निपुण होता है।

(*ii*) चतुर्थस् सोमसुतो ज्योतिषशास्त्र विशारदः।

चतुर्थ भाव में चंद्रमा के पुत्र बुध की स्थिति जातक को ज्योतिप शास्त्र में दक्षता देती है।

टिप्पणी—चतुर्थ भाव मन और मन की भावना या रुचि को दर्शाता है। उसमें जैसा भी ग्रह होगा जातक का मन भी वैसा ही हो जाएगा। शुक्र गीत-संगीत, अभिनय, माडलिंग व रूप-सज्जा का कारक है। अत: जातक की इन क्षेत्रों में स्वाभविक रुचि होगी। बुध बुद्धि, विद्या, हास-परिहास, पठन-पाठन, व्यापार, विज्ञापन, मंडी विश्लेपण का भाव है। अत: जातक इन कार्यों में रुचि होने से सहज ही दक्षता पा लेता है।

14.2 रविर वा बुध राहुर वा पंचम स्थान संस्थिताः
ज्योतिर् विद्या प्रवीण स्याद् विषवैद्य वरो भवेत् ॥ 2 ॥

सूर्य+बुध या राहु पंचम भाव (बुद्धि, विद्यास्थान) में होने पर कोई जातक ज्योतिषी तो कोई विष चिकित्सक बनता है। ध्यान रहे, त्रिकोण भाव लक्ष्मी स्थान है। इसमें बैठे ग्रह धन प्राप्ति का साधन बनते हैं। पुन: चतुर्थ भाव यदि मन है तो पंचम भाव बुद्धि, विवेक और स्मरण शाक्ति का भाव है। सूर्य और राहु, दोनों का सम्बन्ध चिकित्सा शास्त्र व रोग निवारण के उपाय से है। कभी सूर्य+बुध का योग जातक को तर्क कुशल बनाकर अन्तरिक्ष विज्ञान में रुचि देता है तथा सफल भविष्य वक्ता अथवा ज्योतिपी बनाता है।

14.3 (*i*) द्वितीय भाव में सूर्य और बुध की युति जातक को गणित में कुशलता प्रदान कर ज्योतिष विद्या में दक्षता देती है।

(सूर्य+बुध) 2II = ज्योतिषी

(*ii*) दितीय भाव में सूर्य और बुध की युति पर शनि की दृष्टि जातक को गणित या सांख्यिकी (Statistics) में निपुण बनाती है।



ज्योतिषी



गणित व सांख्यिकी में दक्षता

टिप्पणी:–

चतुर्थ भाव मन, माता, भावनाएँ (emotions) तथा संस्कारों का प्रतिनिधि है। **पंचम भाव** बुद्धि, स्मरण शक्ति, विचार, तर्क, निश्चय व निर्णय करने की क्षमता, मेधा या विवेक है। **द्वितीय भाव** पंचम का कर्म स्थान है तो चतुर्थ का लाभ भाव है। परिवार में परम्परागत व्यापार, विशिष्ट दक्षता व धन का विचार तो द्वितीय भाव से किया जाता है। किन्तु जो विद्या जातक के व्यक्तित्व का अंग बन जाए, वाणी में बस जाए, वह विद्यारूपी सच्चा धन भी द्वितीय भाव से ही विचारणीय है। अतः यहाँ द्वितीय भाव में बने योगों से **श्री रामानुजाचार्य** ने विद्या सम्बन्धी विचार किया है।

14.4 (*i*) **(सूर्य +मंगल) 2H = तर्कशास्त्री**

(*ii*) **(सूर्य + बुध + शनि) 5H = वेदान्ती**

ध्यान रहे, द्वितीय भाव वाणी है तो पंचम भाव देवोपासना का भाव है। पुनः सूर्य आत्मा, बुध, बुद्धि मेधा तो शनि वैरागी व दार्शनिक प्रवृत्ति का है। इसी से पंचम भाव में सूर्य, बुध, शनि जातक को वेदान्त मर्मज्ञ व अध्यात्मवादी बनाती है। सूर्य राजा है, शासक होने से सर्वोपरि है तो मंगल प्रहार क्षमता व संघर्ष या स्पर्धा शक्ति का प्रतीक है। वाणी स्थान में सूर्य मंगल की युति होने पर जातक वाणी का प्रयोग शत्रु को पराजित करने के लिए करता है।

14.5 (*i*) **बुध भानु केन्द्र कोण लाभस्थो गणको भवेत्**

(*ii*) **द्वितीयस्थौ यदि भृगुः कविता धर्ममश्नुते ॥ 5 ॥**

(*i*) सूर्य और बुध यदि केन्द्र, त्रिकोण या लाभस्थान में बैठकर परस्पर सम्बन्ध करें तो मनुष्य गणक (गणितज्ञ या **कम्प्यूटर विशेषज्ञ**) होता है।

(*ii*) द्वितीय (वाणी) स्थान में बैठा शुक्र जातक को **आशुकवि** (तुरन्त कविता बनाने में सक्षम) बनाता है।

14.6 (*i*) **सैंहिकेय : पंचमस्थ गूढ़भावार्थ वित्भवेत ।**
(*ii*) **चतुर्थस्थ सैंहिकेयः जननीः आयुष्मती भवेत् ॥ 6 ॥**

(*i*) राहु यदि पंचम भाव में हो तो जातक गूढ़ व जटिल भावों को समझने में सक्षम अथवा गूढ़ विद्याओं का ज्ञाता होती है। ध्यान रहे, अष्टम भाव गूढ़ रहस्य या अलौकिक विद्या का भाव है तो पंचम भाव अष्टम का कर्म स्थान है। आधुनिक शोधकर्ताओं ने **पंचमस्थ राहु को कंप्यूटर ज्ञान के लिए बहुत उपयोगी** पाया है। जिसके पंचम भाव में राहु की दृष्टि युति हो कम्प्यूटर में उस जातक की सहज रुचि हुआ करती है।

(*ii*) चतुर्थ भाव में बैठा राहु (राहु का प्रभाव शनि सरीखा होने से) माता को दीर्घ जीवी बनाता है।

14.7 **द्वितीयस्थो यदि गुरुः वेदवेदांग पारगः ।**
स्वोच्च स्वक्षेत्र युक्तश्चत् भवेद् एवं न संशयः ॥ 7 ॥

द्वितीय भाव में दर्शनशास्त्र, धर्म व अध्यात्म के कारक गुरु की स्थिति जातक को **वेद-वेदांग में पारंगत** बनाती है। यदि यह गुरु अपनी उच्च राशि कर्क या स्वराशि धनु या मीन में हो तब तो उसके दर्शनिक होने में कुछ भी सन्देह नहीं होगा।

14.8 यदि द्वितीयेश और गुरु केन्द्र या त्रिकोण स्थान में हो तो जातक अनेक विषयों का ज्ञाता और सभा में मान-सम्मान पाने वाला प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है।

ध्यान रहे–गुरु गहन अध्ययन, मनन-चिन्तन में रुचि देकर, जातक के ज्ञान को गम्भीर व गहनता देता है तो द्वितीयेश वाणी को सक्षम व प्रभावी बनाता है। केन्द्र स्थान विष्णु स्थान व्यापकता व जनाश्रय दर्शाते हैं तो त्रिकोण भाव लक्ष्मी स्थान होने के कारण धन, यश व कीर्ति देते हैं।

14.9 **द्वितीयस्थो यदि कुजस् तर्कशास्त्र विशारदः।**
तत्रैव च भवेद् इन्दुः सूत्रज्ञो यजको भवेत् ॥ 9 ॥

द्वितीय भाव में बैठा मंगल जातक को **तर्क कुशल** बनाता है। ऐसा जातक अपने अकाट्य तर्कों से शत्रु की बोलती बन्द कर देता है।

इसी द्वितीय भाव चंद्रमा की स्थिति जातक को धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, हवन में निपुणता देकर कर्मकांडी बनाती है।

टिप्पणी–कुछ विद्वान द्वितीयस्थ चंद्रमा को गीत, संगीत से जोड़ते हैं। कहीं पर चंद्रमा को तपस्वी भी कहा गया है। जातक पारिजात में यज्ञ का सम्बन्ध बुध और गुरु से जोड़ा है। सम्भवत आचार्य रामानुज का 'आशय' द्वितीयस्थ चंद्रमा यदि गुरु की दृष्टि पाए तो जातक यज्ञकर्ता होता है, यह बात कहने की रही हो।

14.10 (*i*) **द्वितीयस्थो यदि भृगुः काव्यालंकार शास्त्रवान् ।**
(*ii*) **तत्रैव स्याद् यदि शनिर् मूढ़ो दुष्टो भवेद् ध्रुवम् ॥ 10 ॥**

(*i*) द्वितीय स्थान में शुक्र होने पर जातक **कविता तथा अलंकार** शास्त्र का ज्ञाता होता है।

(*ii*) यदि द्वितीय भाव में शनि, (शुभ ग्रह की दृष्टि-युति से वंचित तथा पाप पीड़ित) हो तो जातक दुष्ट और मूर्ख होता है।

14.11 श्री रामानुजाचार्य ने विद्या विचार को मात्र 10 श्लोकों में समेट कर अपनी अद्भुत क्षमता का उदाहरण दिया है। विभिन्न योगों को तालिकाबद्ध किया जा रहा है।

श्लोक संख्या	योग का विवरण	परिणाम
1.	(अ) चतुर्थ भाव में शुक्र (ब) चतुर्थ भाव में बुध	गायन में निपुणता ज्योतिष में दक्षता
2.	पंचम भाव में सूर्य, बुध या राहु	विष चिकित्सक व ज्योतिषी
3.	(अ) द्वितीय भाव में सूर्य तथा बुध (ब) द्वितीयस्थ सूर्य, बुध पर शनि की दृष्टि भी हो तो	ज्योतिष विद्या में निपुण गणितज्ञ या कम्प्यूटर का ज्ञाता
4.	(अ) द्वितीय भाव में सूर्य तथा मंगल (ब) पंचम भाव में सूर्य तथा बुध	तर्क कुशल वेदान्त शास्त्री
5.	(अ) सूर्य, बुध केन्द्र, त्रिकोण या लाभ में (ब) द्वितीय भाव में शुक्र	गणक, कम्प्यूटर का ज्ञाता कवि
6.	(अ) पंचम भाव में राहु (ब) चतुर्थ भाव में राहु	मातादीर्घायु गूढ़ विषयों का ज्ञाता
7.	(अ) द्वितीय भाव में गुरु (ब) द्वितीयस्थ गुरु उच्चस्थ या स्वगृही	वेद वेदांग का ज्ञाता धर्म व अध्यात्मवेत्ता
8.	केन्द्र या त्रिकोण में, गुरु+ द्वितीयेश	सभा में आदर पाने वाला विद्वान
9.	(अ) द्वितीय भाव में मंगल (ब) द्वितीय भाव में चंद्रमा	तर्कशास्त्री पूजा और हवन कराने वाला
10.	(अ) द्वितीय भाव में शुक्र (ब) द्वितीय भाव में शनि	काव्य और छंद अलंकार का ज्ञाता दुष्ट और मूर्ख

अध्याय - 15

खान-पान

यूँ तो खान-पान का सम्बन्ध द्वितीय भाव से होता है किन्तु भावात् के कारण कभी तीसरे भाव से भी द्वितीय भाव के कारकत्व का विचार होता है। यही बात नीचे कही गई है।

15.1 तृतीयस्थो भवेन् मन्दः तृतीयेश युतो अपि वा
पश्यन्नपि तृतीयं च कटु वाअम्ल द्रव्य भुक्त भवेत ॥

यदि (*i*) शनि तृतीय भाव में स्थित हो या (*ii*) तृतीयेश के साथ शनि की युति हो अथवा (*iii*) तृतीय भाव पर शनि की दृष्टि हो तो जातक कटु या अम्ल (खट्टे) पदार्थों को खाने वाला होता है।

टिप्पणी–विज्ञ पाठक इस योग का विचार द्वितीय भाव या द्वितीयेश से शनि की दृष्टि युति में भी कर सकते हैं। जहाँ अन्य विद्वानों ने शनि को कसैला माना है, वहाँ **श्री रामानुजाचार्य** ने शनि को कटु व अम्ल क्यों कहा, यह बात गहन चिन्तन की अपेक्षा रखती है।

कटुश्च लवणस् तिक्तो मिश्रितो
मधुरो अम्लकः। कषाय : क्रमशो ज्ञेयाः
सूर्यादी नामिमे रसाः। (अध्याय 3: 35 वृ.पा. हो.शा.)

सूर्य कटु, चन्द्रमा नमकीन, मंगल तिक्त मिर्चीवाला, बुध मिश्रित (अनेक रसों का मेल), गुरु मीठा, शुक्र खट्टा तो शनि कसैले स्वाद का स्वामी है। विद्वानों ने विभिन्न ग्रहों का सम्बन्ध इन रसों के साथ जोड़ा है।

15.2 (*i*) तृतीये तु स्थितो भौमः उष्णद्रव्यप्रियो भवेत्
(*ii*) तत्र स्थितो वाक्पतिश्च एत्सात्विक द्रव्य भुक्तभवेत् ॥ खानपान 2 ॥

(*i*) तृतीय भाव (3H) में स्थित मंगल जातक को गरम वस्तुएँ खाने का शौकीन बनाता है।

(*ii*) तृतीय भाव में गुरु होने से जातक सात्विक पदार्थों के भोजन में रुचि होता है।

उदाहरण स्वामी शिवानन्द–का गुरु तृतीयेश होकर लग्न में स्थित है तथा पंचम भाव में लग्नेश और नवम भाव में चंद्रमा को देख रहा है।

स्वामी स्वरूपानन्द–के तृतीय भाव पर नवमस्थ गुरु की दृष्टि है। **स्वामी विवेकानन्द** का तृतीय भाव लाभस्थ गुरु से दृष्ट है।

स्वामी प्रभुपाद–(मकर लग्न) का तृतीयेश गुरु स्वगृही सूर्य से युति कर द्वितीय भाव को देख रहा है।

15.3 द्वितीय भाव में यदि शुक्र हो तो जातक विलासप्रिय और खान पान का शौकीन होता है। कोई जातक काम सुख लोभी या व्यभिचारी होता है।

15.4 (*i*) **द्वितीयस्थो यदि शनिर् मन्द वाग् लोभवान भवेत्**

(*ii*) **द्वितीयस्थो केतु गुरु व चतुर्निपुणो भवेत्। (खानपान 4)**

(*i*) द्वितीय भाव में शनि होने पर कटु, कठोर व कर्कश वाणी बोलता है। वह थोड़ा या आधे-अधूरे वाक्य बोलता है।

(*ii*) **द्वितीय भाव में गुरु या केतु की स्थिति जातक को वार्ता कुशल बनाती है।** उसकी बातें सारगर्भित व तथ्यपरक होती हैं।

टिप्पणी–(*i*) शनि एक पाप ग्रह है। वह संवेदन शून्य या कठोर हृदय भी है। ऐसा जातक कभी धीमी गति से अटक-अटक कर अथवा कठोर या कटु बातें कहता है।

(*ii*) कुज वत् केतु होने से द्वितीयस्थ केतु जातक को तर्क कुशल बनाता है। गुरु ज्ञान का अथाह भंडार है। अतः ऐसा जातक ज्ञानपूर्ण बातें कर सभी को प्रभावित करता है।

15.5 (*i*) द्वितीय भाव में सूर्य मंगल की युति जातक की वाणी में क्षोभ व कटुता देती है। कारण, सूर्य और मंगल, दोनों ही अग्नि तत्व ग्रह हैं। कभी तो ऐसा जातक वाणी से अपने भीतर की आग उगला करता है। 2H में (सूर्य+मंगल) = वाणी में क्षोभ/कटुता

(*ii*) द्वितीय भाव में चंद्रमा स्थित होने पर जातक बातूनी होता है। कभी तो उसकी बातें बेसिर-पैर की, तथ्य से परे, अफवाह सरीखी भ्रम बढ़ाने वाली होती है।

मतान्तर से द्वितीयस्थ चंद्रमा जातक को संवेदनशील बनाता है। वह लोगों की प्रसन्नता के लिए झूठी तसल्ली दिया करता है किन्तु उसके मन में किसी प्रकार की कालिमा नहीं होती।

15.6 (*i*) **द्वितीयस्थ सोम सुतो भुक्ति युक्त वचो भवेत् ।**

(*ii*) **तत्रैव संस्थितो राहुः वाक्क्षु दीनत्वमुच्यते ॥**

(*i*) बुध यदि द्वितीय भाव में हो तो जातक तथ्य, साक्ष्य व प्रमाणों के साथ अपनी बात करता है। उसकी बातें सत्य, तथ्यपरक व युक्तियुक्त होती हैं। आँकड़े एकत्रित करके उनका विश्लेषण कर, परिणाम निकालने में मानो वह सिद्धहस्त होता है।

(*ii*) द्वितीय भाव में स्थित राहु वाणी में दीनता देता है। जहाँ बुध तथ्य परक व तर्क संगत है इसके विपरीत राहु चतुर, कपटी तथा दूसरों में दया भाव या करुणा जगाकर अपनी बात मनवा लेता है।

उदाहरणः-द्वितीयस्थ राहु

(*i*) वृश्चिक लग्न कुण्डली संख्या 7 फिल्म **अभिनेता धर्मेन्द्र** का राहु धनु राशि का होकर द्वितीय भाव में है।

(*ii*) वृश्चिक 14 गारफील्ड **सोबर्स क्रिकेटर** का द्वितीयस्थ राहु अष्टम भाव में बैठे लग्नेश मंगल से दृष्ट है।

(*iii*) वृश्चिक 20 **लिओनार्डो दा विन्सी** (चित्रकार) के द्वितीय भाव में राहु है तो द्वितीयेश गुरु की सुख स्थान में भाग्येश चंद्रमा के साथ युति है।

(*iv*) **कैलाश खुर्जा** वृश्चिक 30 का राहु द्वितीय भाव में है तो द्वितीयेश गुरु लग्न में बैठकर स्वगृही सुखेश शनि से दृष्टि हैं।

15.7 (*i*) **द्वितीयस्थो यदि कविः क्षीरभक्ष्यादि भुक् भवेत्।**

(*ii*) **तत्रस्थो राहु केतु वै समयोचित भूक् भवेत् ॥ (खानपान 7)**

(*i*) द्वितीय भाव में यदि शुक्र हो तो जातक खीर खाने वाला होता है। शुक्र सुख वैभव और समृद्धि का प्रतीक है। अतः भोजन में भी दूध, घी व खोए के बने मिष्ठान में इसकी सहज रुचि होती है। खीर उच्च कोटि का भोजन स्वीकारते हुए श्री रामानुजाचार्य ने ऐसे जातक को खीर-प्रेमी कहा है।

(*ii*) द्वितीय भाव में यदि राहु हो तो जातक बिना किसी पूर्वाग्रह या संकोच के समयानुसार अच्छा बुरा सभी प्रकार का खाना खाने वाला होता है।

ध्यान रहे, शुक्र सुसंस्कृत व परिष्कृत रुचि वाला जल प्रधान ग्रह होने से उच्चकोटि का भोजन पसन्द करता है किन्तु राहु केतु आसुरी प्रकृति के होने से निन्द्य व हीन भोजन भी बेहिचक स्वीकारते हैं।

15.8 **द्वितीयस्थो यदि शनिः शूद्रान्नं कुत्सितों धनम् ।**

उच्छिष्टान्नं च श्राद्धान्न जातो ह्यन्ति न संशयः । 8

द्वितीय भाव में यदि शनि हो तो अल्पमोली हीनश्रेणी का सेवकों के योग्य भोजन खाता है। कभी तो वह दूसरों की थाली का जूठा भोजन या श्राद्ध आदि में दान दिए गए भोजन पर आश्रित होता है।

टिप्पणी—ग्रह परिषद में शनि को सेवक या दास कहा गया है। यूँ भी शनि दीन-हीन व अभावग्रस्त दरिद्र लोगों का प्रतिनिधि है। वह बहुधा घटिया क्वॉलिटी का सस्ता भोजन करता है तो कभी शूद्र या ब्रह्मभोज उच्छिष्ट भोजन में रुचि लेता है।

15.9 ग्रहों की स्वाद तालिका

ग्रह	रुचि	सारावली	उ.का.
सूर्य	कड़वा	कटु	कटुता
चंद्रमा	नमकीन	लवण	खारी या नमकीन
मंगल	तीखा (मिर्ची) तिक्त	तिक्त	तिकत (मांस भक्षण)
बुध	मिश्रित	मिश्र	मिश्रित वस्तुएँ
गुरु	मीठा	मधुर	मृदु (मीठा) ।
शुक्र	खट्टा	अम्लीय	खटाई व नमकीन
शनि	कसैला	कषाय	तामस गुण (विष)
राहु	आसुरी भोजन	मादक पदार्थ	मादक पदार्थ
केतु	बासी मिष्ठान	केक पेस्ट्री आदि	

15.10 ग्रहों की दिशा



15.11 केन्द्रस्थिता मन्द निशाकरः आर्क जडो भवेदत्र मधु उपभोक्ता (जातक परिजात 6:81)

यूदि सूर्य, चन्द्रमा और शनि केन्द्र स्थान में हो तो मनुष्य **मदिरा का सेवन** करने वाला जड़ बुद्धि होता है।

यदि कभी द्वितीय भाव, द्वितीयेश तथा भोजन के नैसर्गिक कारक चंद्रमा पर राहु तथा शनि की दृष्टि युति हो तो भी जातक मद्यप या **मदिरापायी** होना सम्भव है।

15.12 समीक्षा

(1) आहार का संयम जातक के मन-मस्तिष्क के विकास के लिए आवश्यक है।

(2) हमारे ऋषियों ने आहार को अच्छे आचार-विचार की आधार शिला माना है।

ग्रह	रुचि (भोजन)	वाणी
सूर्य	कटु	नीति, न्यायपूर्ण धर्म संगत बातें।
चंद्र	नमकीन	बातूनी, संवेदनशील
मंगल	गरम व मिर्च मसाले वाला	क्षोभ व कटुता पूर्ण बातें
बुध	अनेक रसों का में खट्टा मीठा	तथ्यपरक व आंकड़े देकर बात कहने वाला
गुरु	मिष्ठान्न, मीठा, सात्विक पदार्थ	सारगर्भित ज्ञान युक्त बातें
शुक्र	खट्टा, खटाई युक्त (खीर प्रेमी)	विलास प्रिय, सरस बातें
शनि	कटु अम्लीय, कसैला	कटु, कठोर/कर्कश वाणी
राहु	सर्वभक्षी, हीन भोजन	दीनता पूर्ण वाणी
केतु	जंक फूड बासी खाद्य पदार्थ	तर्क निपुण, ज्ञान युक्त

अध्याय - 16

भ्रातृ-भाव

16.1 तृतीयेश या 3L का मंगल के साथ दृष्टि युति सम्बन्ध **बल पराक्रम** तथा भाइयों **की वृद्धि** दर्शाता है। (3L + मंगल) = बल पराक्रम

16.2 **(3L + सूर्य + मंगल) की युति 3H** में होने पर जातक **धैर्यवान और साहसी** हुआ करता है।

16.3 राहु या केतु 3H में बैठकर जातक को साहसी बनाते हैं किन्तु राहु या केतु की बुध के साथ तीसरे भाव में युति जातक को अधीर व भीरु बनाती है।

16.4 यदि तीसरा भाव निर्बल हो किन्तु कारक **मंगल का गुरु** से दृष्टि-युति **सम्बन्ध** हो तो **भाइयों की संख्या अधिक** होती है।

16.5 (*i*) गुरु यदि 11H में हो तो बड़े भाई को दुःख होता है।

(*ii*) **11H में मंगल पर शनि की दृष्टि** हो तो बड़े **भाई का अभाव** जानें।

(*iii*) **3L का 8H में बैठना भाइयों को जीवन भय** देता है।

16.6 (*i*) 10L यदि 3H में हो तो **सत्ता सुख में कमी** देता है।

(*ii*) (3L +2L) की युति उदार व **परोपकारी** बनाती है।

16.7 2L के साथ शनि का दृष्टि युति सम्बन्ध जातक को **कृपण व लोभी** बनाता है। 3L शुभ ग्रह की दृष्टि युति पाकर यदि दुः स्थान अर्थात 6H, 8H, 12H में हो तो **छोटे भाई की आयु में कमी** होती है।

अध्याय - 17

वाहन तथा भाग्य

17.1 (4L+9L) की युति लग्न में होने पर जातक भाग्यशाली और वाहन सुखी होता है। गुरु को सुख का कारक जानें। उस गुरु की चतुर्थ भाव में स्थिति या दृष्टि सुख की वृद्धि करती है। 4H पर गुरु की दृष्टि युति शुभ है। **(4L+गुरु) की युति, केन्द्र या त्रिकोण में** होने से जातक का **जीवन सुखी** होता है।

17.2 (*i*) (4L+शुक्र) 4H में होने पर वाहन सुख उत्तम होता है।

(*ii*) (4L+शुक्र) की युति 9H, 10H या 11H में हो तो श्रेष्ठ वाहन का सुख जानें।

(*iii*) 4L का दृष्टि युति सम्बन्ध चंद्रमा से होने पर बग्घी, तांगा या घोड़ी का सुख जानें। कारण, चंद्रमा घोड़ी है। अत: घोड़ी से चलने वाला वाहन जातक को प्राप्त होगा।

(सन्दर्भ 17.2)



वाहन सुख

17.3 (*i*) कर्क लग्न जातक के 4H में (बुध+ शुक्र) की युति होने पर बुध शुक्र की दशा वाहन लाभ देती है।

(*ii*) गुरु यदि 4H में हो तो घोड़े की सवारी का सुख मिलता है।

(*iii*) शुक्र का 7H में बैठना जातक को कामातुर बनाता है।

(सन्दर्भ 17.3)





वाहन सुख बुध शुक्र की दशा में।

(*iv*) शनि यदि 4H में हो तो जातक जन्म स्थान छोड़कर परदेस में पुराने या जीर्ण मकान में रहता है। कारण–सूर्य, शनि, राहु तथा 12H (व्ययेश) को विद्वानों ने विच्छेदक या पृथकतावादी ग्रह माना है। ये ग्रह जिस भाव से सम्बन्ध करें उससे पृथकता कराता है। उदाहरण के लिए, 10H तथा 10H पर शनि और राहु की दृष्टि–युति राज्य त्याग का संकेत देती है।

17.4 (*i*) 4L तथा 9L का स्थान परिवर्तन भाग्य और वाहन सम्बन्धी सुख बढ़ाता है।

(*ii*) 4L तथा 11L का स्थान परिवर्तन लाभ और सुख को बढ़ाता है। अन्य शब्दों में चतुर्थभाष के कारकत्व भूमि, भवन, वाहन, मन–माता तथा बन्धु–बान्धव सम्बन्धी सुख की वृद्धि होती हैं। ध्यान रहे, 11L लाभ या वृद्धि का स्थान है। 4L तथा 5L का स्थान परिवर्तन भाग्य और वाहन सुख देता है। कारण–पंचम भाव नवम से नवम होने के कारण भाग्य को ही दर्शाता है।

17.5 (*i*) 4L तथा 1L अर्थात लग्नेश का राशि परिवर्तन भूमि भवन व वाहन का उत्तम सुख दिया करता है।

(*ii*) 5L तथा 11L का राशि परिवर्तन धन, मान तथा वाहन सुख देता है। 4L यदि 4H तथा 5L भी 5H में हो तो जातक बुद्धिमान, विद्वान और वाहन सुख पाने वाला होता है।

(iii) 9L और 1L क्रमशः 9H तथा 1H में स्वगृही हो तो जातक भाग्यशाली और सुखी होता है।

17.6 (*i*) 5L यदि 9H में तथा 9L (अर्थात 5L का नियंत्रक) यदि 10H में हो तो जातक **भाग्यशाली**, श्रेष्ठ आजीविका से युक्त और **वाहन सुखी** होता है।

(*ii*) गुरु का, 5L से दृष्टि युति सम्बन्ध **पुत्र प्राप्ति** का प्रबल योग बनाता है।

(*iii*) पुत्रकारक गुरु, 5L (पंचमेश) तथा 1L (लग्नेश) यदि केन्द्र त्रिकोण भाव में हो तो निश्चय ही इसे **पुत्र प्राप्ति** का शुभ संकेत जानें।

(*iv*) मतान्तर से पंचमेश या कारक गुरु से पंचम या नवम भाव भी पुत्र सम्बन्धी सुख दर्शाता है। अतः गुरु, 5L तथा लग्नेश का केन्द्र या त्रिकोण भाव में बैठना **पुत्र सम्बन्धी** सुख दिया करता है।

अध्याय - 18

शत्रु और रोग

18.1 (*i*) 8L यदि लग्न में हो तो जातक **रोग एवं पीड़ा** पाता है।

(*ii*) 6L यदि लग्न में हो तो जातक शत्रु, **रोग और ऋण** या मातृपक्ष से कष्ट पाता है। यदि लग्नस्थ ग्रह उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री हो तो अशुभ फल नहीं होता।

18.2 (*i*) यदि (1L+6L + सूर्य) की युति हो तो **गर्मी से उत्पन्न रोग** जातक को सताते हैं।

(*ii*) इसी प्रकार लग्नेश तथा षष्ठेश की चन्द्रमा से युति **जलसम्बन्धी रोग** दिया करती है।

(*iii*) (1L+6L+मंगल) की युति घाव, शस्त्र, गाँठ या **माँसपेशियों** के रोग से पीड़ा देती है।

(*iv*) (1L+6L+बुध) की युति पित्त या चेतना सम्बन्धी या **स्नायुविक** रोग देती है।

(*v*) (1L+6L+गुरु) की युति स्वास्थ्य व **आरोग्य** देती है।

(*vi*) (1L+6L+शुक्र) की युति हो तो स्त्री के कारण कष्ट हुआ करता है।

(*vii*) (1L+6L+शनि) की युति चोर या चान्डाल का भय देती है।

(*viii*) (1L+6L+ राहु) की युति सर्प या विष संक्रमण का भय देती है।

(*ix*) (1L+6L+केतु) की युति हिंसक वन्य पशु या दस्यु से कष्ट दर्शाती है।

(*x*) (1L+6L+ 3L+ मंगल) की युति से युद्ध भूमि में मृत्यु जानें।

18.3 (*i*) रोग नाश (स्वास्थ्य लाभ)

षष्ठेश की नीचस्थ ग्रह के साथ व्यय भाव में युति हो किन्तु लग्नेश बली हो तो इसे रोग नाश व **स्वास्थ्य लाभ** का संकेत जानें।

(*ii*) शत्रु से संधि (समझौता)

षष्ठेश की शुभ ग्रह से दृष्टि युति हो और लग्नेश बलवान हो तो **शत्रु से मैत्री** हो जाती है।

अध्याय - 19

स्त्री और काम सुख

19.1 (7L+शुक्र) की युति पर पाप प्रभाव नहीं होने पर जातक दीर्घायु **पत्नी का श्रेष्ठ** सुख पाता है।

19.2 (*i*) यदि सप्तमेश पर पाप ग्रहों की दृष्टि-युति हो।

(*ii*) पाप ग्रह द्वितीय या सप्तम भाव में हो।

(*iii*) शुक्र एकादश भाव (11H) में हो,

(*iv*) शुक्र नीचराशिस्थ अर्थात कन्या राशि में हो

(*v*)सप्तमेश षष्ठ या द्वादश भाव में हो,

(*vi*) लग्न में बैठा पाप ग्रह सप्तम भाव को देखे

तो प्रथम स्त्री की मृत्यु के बाद दूसरी स्त्री से काम सुख प्राप्त होता है।

19.3 दाम्पत्य सुख का कारक शुक्र यदि शनि और मंगल की दृष्टि युति पाकर 2H, 4H, 7H, 8H, या 12H में हो तथा शुक्र हीनबली हो तो जातक पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरा विवाह करता है। विद्वानों ने इसे **पुनर्विवाह** योग माना है।

19.4 मंगल यदि 2, 4, 7, 8, 12 भाव में हो तथा गुरु कुटुम्ब अर्थात द्वितीय भाव या पत्नी के आयुष्य स्थान में हो तो स्त्री की मृत्यु शीघ्र नहीं होती। अपितु विलम्ब से होती है।

19.5 शनि यदि 2H में तथा राहु 7H में हो तो इसे दो विवाह का योग जानें।

19.6 (2L+7L+शुक्र) की युति 2H या 7H में हो तो जितने शुभ ग्रह इस युति से सम्बन्ध करें उतनी स्त्रियों का सुख जानें किन्तु यदि 2L, 7L तथा शुक्र पाप ग्रहों की दृष्टि युति पाएँ इसे स्त्री सुख-हानि का संकेत जानें। जितने पाप ग्रहों का सम्बन्ध द्वितीयेश सप्तमेश में होगा उतनी स्त्रियों से मृत्यु या विच्छेद होगा। बाद में मात्र एक स्त्री ही बचेगी।

19.7 (शनि+शुक्र) की युति सप्तम भाव (7H) में हो तो जातक अपनी ही पत्नी में आसक्त रहता है। विवाहेतर प्रणय में उसकी प्रवृत्ति नहीं होती।

ध्यान रहे, इन ग्रहों का शत्रु क्षेत्री होना या सूर्य और राहु की दृष्टि पाना परस्पर मतभेद व अलगाव दे सकता है।

19.8 गुरु यदि 7H में हो तो मन के **अनुकूल पत्नी** मिलती है।

19.9 बुध यदि 7H में हो तो जातक का परदारासक्त होना सम्भव है।

19.10 यदि (2L+7L+10L) की युति 4H (चतुर्थ भाव) में हो तो जातक परस्त्रीगामी होता है।

19.11 सप्तम भाव में राहु की स्थिति जातक को रति कुशल बनाती है। वह बुद्धिमान, चतुर, कार्य-कुशल व सक्षम होता है।

19.12 सप्तम भाव में बैठा केतु पत्नी को धूर्त, प्रपंची व कपट, कुशल बनाता है। वह स्वार्थी, लोभी व दुस्साहसी होती है।

अध्याय - 20

आयु और स्वास्थ्य

20.1 धन, सन्तान एवम देह और मानसिक सुख का कारक गुरु यदि लग्न अथवा लग्नेश से दृष्टि युति सम्बन्ध करें तो जातक स्वस्थ व दीर्घायु हुआ करता है।
(गुरु+लग्नेश) = स्वस्थ व दीर्घायु।

20.2 आयुष्य वृद्धि देने वाला शनि यदि अष्टमेश से दृष्टि-युति करें तो जातक दीर्घायु पाता है। **(शनि+8L)= दीर्घायु।**

20.3 अष्टम भाव में स्थित शनि दीर्घायु देता है। **शनि 8H में = दीर्घायु।**

20.4 अष्टमेश की केतु के साथ लग्न में युति आयु में कमी करती है।
(8L+केतु) लग्न में = अल्पायु।

20.5 पिता का नैसर्गिक कारक सूर्य यदि नवमेश से दृष्टि युति करें तो पिता को दीर्घायु जानें।
(सूर्य+9L)= पिता दीर्घायु।

20.6 सूर्य नवम भाव में हो या चंद्रमा चतुर्थ भाव में हो तो **'कारको भाव नाशाय'** के अनुसार पिता या माता की आयु थोड़ी ही जानें।
टिप्पणी : आदरणीय श्री जगन्नाथ भसीन ने **'कारको भाव नाशाय'** को नकारा है। उनका मत है–यदि कारक ग्रह अपने कारकत्व वाले भाव में बैठकर पाप ग्रह की दृष्टि युति पाए तब भाव पर पाप प्रभाव होने से सम्बन्धी फल में कमी देता है। कारक ग्रह की स्थिति से फल में कमी नहीं होती।

20.7 सूर्य की नवम भाव में नवमेश से युति पिता को अल्पायु बनाती है।

20.8 नवमेश का लाभस्थ होना पिता की आयु बढ़ाता है। **9Lका 11H में होना = पिता की दीर्घायु**

20.9 चंद्रमा पर चतुर्थेश की दृष्टि युति माता की आयु बढ़ाती है।

20.10 भ्रातृ कारक मंगल तृतीय भाव में होने पर छोटे भाई की आयु में कमी करता है। **मंगल 3H में = छोटा भाई अल्पायु।**

20.11 तृतीय भाव में गुरु (यदि पाप दृष्ट) हो तो भाई को कष्ट होता है।

20.12 तृतीयेश की गुरु के साथ युति तृतीय भाव में हो तो जातक का मात्र एक भाई होता है। **(3L+ गुरु) 3H = मात्र एक भाई।**

टिप्पणी:

> **'स्थान हानि करो जीवः स्थान वृद्धि करो शनि'**
> गुरु जिस भाव में बैठे उसकी हानि किन्तु जिस भाव को देखे उस भाव के कारकत्व की वृद्धि किया करता है। इसके विपरीत शनि जिस भाव में बैठे उस भाव के कारकत्व बढ़ाता है तथा जिस भाव पर शनि की दृष्टि हो उसका नाश करता है।

20.13 गुरु यदि पंचम भाव में हो तो पुत्र की आयु में कमी करता है। **गुरु 5H=पुत्र अल्पायु।**

20.14 पत्नी का कारक शुक्र सप्तमस्थ होने पर पत्नी की आयु को क्षीण करता है।
शुक्र 7H = दाम्पत्य सुख में कमी।

20.15 चन्द्रमा की चतुर्थेश के साथ नवम, दशम या एकादश भाव में युति माता को दीर्घायु देती है। **(चंद्रमा+ 4L) 9H/ 10H /11H = माता दीर्घायु**

20.16 चतुर्थेश या कोई बली शुभ ग्रह चतुर्य भाव में हो तो माता दीर्घायु होती है।

20.17 माता का नैसर्गिक कारक चंद्रमा यदि पक्षबल में हीन हो अर्थात सूर्य से 72 अंश आगे पीछे या कम दूरी पर पीछे हो तथा शनि की चतुर्थ भाव पर दृष्टि हो तो चंद्रमा व चतुर्थेश की युति भी शुभ फल नहीं दे पाती । दुर्बल चंद्रमा तथा चतुर्थ भाव या चतुर्थेश पर शनि की दृष्टि होने से माता अल्पायु होती है।

(हीनबली चंद्रमा+चतुर्थेश) + चतुर्थ भाव पर शनि की दृष्टि = माता अल्पायु।

अध्याय - 21

भाग्य योग

21.1 (*i*) यदि **नवमेश**, लाभ स्थान में हो अथवा
(*ii*) लाभेश भाग्य स्थान (नवम भाव) में हो या
(*iii*) लाभेश और भाग्येश का परस्पर दृष्टि युति सम्बन्ध हो या
(*iv*) लाभेश और भाग्येश का स्थान परिवर्तन योग हो तो जातक **धनी, मानी और भाग्यशाली** होता है।

21.2 जन्म कुण्डली के चार भावों में ग्रह दो की जोड़ी बनाकर युगल ग्रह के रूप में बैठे तो जातक **भाग्यशाली** होता है।

21.3 यदि 6 ग्रह जोड़े से तीन राशियों में स्थिति हों तो जातक **भाग्यशाली** होता है।

21.4 यदि नैसर्गिक **शुभ ग्रह चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र पाप प्रभाव से मुक्त हो** तो जातक **धनी, विद्वान और भाग्यशाली** होता है।

21.5 **तृतीय षष्ठ लाभेषु स्थिताश्चेत क्रूर**
जातस्य योगो भाग्यस्थ वक्तव्यस्सूरिस्तथा खेचराः ॥ (8: 5)
नैसर्गिक पाप ग्रह सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु यदि त्रिषडाय अर्थात 3, 6, 11 वें भाव में हो तो धन व भाग्य की वृद्धि करते हैं।

टिप्पणी:

अनेक विद्वानों ने त्रिषडाय में क्रूर ग्रहों की स्थिति को शुभ माना है। श्री जगन्नाथ भसीन के अनुसार यदि ये क्रूर ग्रह शुभ भावाधिपति होकर शुभ भावों से दृष्टि सम्बन्ध करें तो निश्चय ही शुभ फल देंगे।

21.6 लग्न से द्वादश भाव में बैठा ग्रह अपने कारकत्व की वृद्धि कर शुभ परिणाम देता है।

टिप्पणी:

मंगल तृतीय भाव का कारक है। (*i*) द्वादश भाव में बैठा मंगल तृतीय भाव से केन्द्र या दशम भाव में होने से शुभ परिणाम देगा। (*ii*) इसी प्रकार चंद्रमा माता या चतुर्थ भाव से नवम भाव में होने के कारण शुभ परिणाम देगा। (*iii*) पिता का कारक सूर्य नवम से चतुर्थ या सुख स्थान में होने से पिता सम्बन्धी सुख बढ़ाएगा। (*iv*) अष्टम भाव का कारक शनि भी, द्वादश भाव में अष्टम से पंचम होने के कारण आयुष्य की वृद्धि करेगा। (*v*) इसी प्रकार अन्य कारकों पर भी विचार करें तो इस सूत्र को सटीक पाएँगे।

21.7 शनि की दशा में वाहन प्राप्ति

यदि चतुर्थेश, सप्तमेश, भाग्येश और शुक्र की युति लाभ या भाग्य स्थान में हो (इस युति का शनि से सम्बन्ध भी हो) तो जातक शनि की दशा या अन्तर्दशा में श्रेष्ठ वाहन पाता है। कारण–चतुर्थ भाव सुख स्थान है तो सप्तम भाव भी भावात भावम् अर्थात चतुर्थ से चतुर्थ होने के कारण वाहन सुख को दर्शाता है। पुनः भाग्य (9H) या लाभ (11H) स्थान में भाग्येश और वाहन कारक शुक्र के साथ युति भी श्रेष्ठ वाहन्सुख की पुष्टि करती है। अब यदि शनि जो स्वयं सेवक या भारवाहक है इस चतुर्थेश सप्तमेश भाग्येश और शुक्र से दृष्टि युति सम्बन्ध करें तो निश्चय ही हाथी सरीखे उत्कृष्ट वाहन प्राप्ति का योग अपनी दशा–भुक्ति में देगा। 9H/11H में (4L + 7L + 9L + शुक्र) = वाहन सुख

21.8 सत्ता लाभ व यश प्राप्ति

1L लग्नेश, 4L सुखेश, 9L भाग्येश की युति यदि:

(*i*) दशमेश के साथ दशम भाव में हो या

(*ii*) लग्नेश, सुखेश, भाग्येश की लग्न में युति हो या

(*iii*) लग्नेश, सुखेश भाग्येश की सप्तम भाव में युति हो तो जातक निश्चय ही लग्नेश, सुखेश या भाग्येश की दशा भुक्ति में धन, मान, यश व सत्ता सुख पाता है।

कारण–लग्नेश की भाग्येश के साथ युति जातक को भाग्यशाली बनाती है। पुनः इसमें सुखेश का योग होना भाग्यवश देह सुख की वृद्धि करता है। दशम भाव राज्य या सत्ता सुख का भाव है। सप्तम भाव दशमात् दशम, होने से उच्च अधिकारी बनाता है। कारण–सप्तम भाव में बैठे ग्रह लग्न को देखते हैं।

टिप्पणी-कतिपय शोधकर्ताओं के विचार से यह योग यदि चतुर्थ, पंचम अथवा नवम भाव में बने तब भी धन, मान व सत्ता सुख जातक को प्राप्त होता है।



(सन्दर्भ 21.7)



(सन्दर्भ 21.8)

(4L + 7L) 9L पर शनि की दृष्टि

(4L + 7L + 9L) 11L पर शनि की दृष्टि

(1L + 4L + 9L) की केन्द्र में युति

21.9 धन व प्रतिष्ठा–पंचम या नवम भाव में उच्चराशिस्थ ग्रह अपनी दशा-भुक्ति में धन, मान व यश दिया करता है।

(उच्चस्थ ग्रह)5/9H = धन व यश की प्राप्ति।

ध्यान रहे, कोई भी भाव उच्चस्थ ग्रह का संग पाने से बली व शुभ हो जाता है फिर नवम भाव तो भाग्य है। अत: नवम भाव या नवम से नवम भाव अर्थात पंचम भाव की शुभता धन व यश देगी । इसमें सन्देह केसा?

21.10 विशेष धन–यदि सूर्य, बुध और शुक्र की युति पंचम भाव में हो और लाभस्थ गुरु की पंचम भाव पर दृष्टि हो तो बुध की दशा में जातक विशेष धन, मान व यश पाएगा। **(सूर्य+ बुध+शुक्र) 5 H+गुरु 11= बुध की दशा-विशेष धन देगी।**

ध्यान रहे, सूर्य पद प्रतिष्ठा व सत्ता सुख का कारक है तो बुध और शुक्र धन, वैभव और बन्धु-बान्धवों के स्नेह व सहयोग जनित सुख को दर्शाते हैं। बुध पर संग प्रभाव शीघ्र और अधिक मात्रा में पड़ता है। बुध का अपने मित्र सूर्य व शुक्र से युति कर, लाभस्थान में बैठे गुरु की शुभ दृष्टि पाना, बुध की दशा को उत्कृष्टता देता है।

21.11 भाग्यशाली पिता–पिता का नैसर्गिक कारक सूर्य यदि नवमेश के साथ द्वादश भाव में युति करें तो पिता धनी-मानी और भाग्यशाली होता है। कारण, द्वादश भाव में स्थित ग्रह अपने भाव विषयक या कारकत्व के सम्बन्ध में शुभ फल देते हैं। यूँ भी विद्वानों ने द्वादश भाव को धन-वैभव, ऐश्वर्य, क्रय शक्ति (purchasing power) या भोग स्थान कहा है।

(सूर्य+9L) 12H= पिता के कारण भोगों की प्राप्ति

21.12 सूर्य की स्थिति से पिता की स्थिति का ज्ञान

यदि पिता का कारक सूर्य मेष राशि में उच्चस्थ हो तो पिता भाग्यशाली धनी व प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। इसके विपरीत सूर्य का तुला राशि में बैठना पिता को दैन्य व दरिद्रता या निर्धनता देता है।

टिप्पणी-ध्यान रहे, नवम भाव और नवमेश की शुभता न केवल जातक की भाग्य वृद्धि में सहायक होती है अपितु पिता की आर्थिक व सामाजिक स्थिति भी सुदृढ़ करती है। अत: नवम भाव और उसके स्वामी का विचार करना भी ज़रूरी है।

21.13 नीचस्थ सूर्य भी शुभ

धनु लग्न जातक का भाग्येश सूर्य यदि लाभ स्थान में नीचस्थ हो तब भी पिता से लाभ होता है। कारण यहाँ पिता का नैसर्गिक कारक सूर्य नवमेश होकर लाभ स्थान अर्थात उपचय भाव में है। पुन: पिता के भाव अर्थात नवम भाव से तृतीय या उपचय भाव में होने से बली व शुभ हो गया है। आदरणीय **महेन्द्रनाथ केदार** जी का कथन है कि **''क्रूर ग्रह जिस भाव से उपचय भाव (3, 6, 10, 11 वें भाव) में बैठें उस भाव की वृद्धि करते हैं।''** **सूर्य, मंगल शनि या राहु का भाग्य स्थान से 3, 6, 10, 11 वें भाव में बैठना भाग्य की वृद्धि करेगा।**

21.14 व्ययस्थ ग्रह शुभ

(*i*) यदि भाग्येश, व्ययेश और सूर्य की युति द्वादश भाव में हो तो जातक का पिता भाग्यशाली होता है।

(9L+12L+सूर्य) 12H = भाग्यशाली पिता।

(*ii*) यदि गुरु की व्ययेश के साथ व्यय भाव में युति हो तो भी जातक, पिता की सामाजिक स्थिति का लाभ पाता है।

कारण नवम भाव यदि पिता का लग्न है तो द्वादश भाव पिता का सुख स्थान है। वहाँ पर गुरु की स्वगृही सुखेश के साथ युति जातक को धनी-मानी पिता का सुख देगी।

(गुरु+12L) 12H = प्रतिष्ठित पिता से लाभ।

(*iii*) शुक्र यदि व्यय भाव में हो तो पत्नी का सहयोग, सुख, वैभव व उत्तम भोगों की प्राप्ति होती है। **शुक्र 12H = पत्नी के कारण भाग्य और भोग वृद्धि।**

(*iv*) चंद्रमा यदि व्यय भाव में हो तो माता से धन व ऐश्वर्य की प्राप्ति हुआ करती है। **चंद्रमा 12H =माता से भाग्य वृद्धि।**

(*v*) मंगल 12H यदि द्वादश अर्थात व्यय भाव में हो तो छोटे भाई-बहन के कारण सुख सुविधा और भोगों की प्राप्ति होती है।

मंगल 12H = भाइयों के कारण भाग्य वृद्धि।

(*vi*) भाग्येश (पिता का लग्नेश)यदि द्वादश भाव में हीन बली हो तब भी पिता से भाग्य की प्राप्ति जानें। कारण भाग्येश का भाव स्थान से सुख तथा लग्न से भोग स्थान में बैठना पिता से भाग्य और भोग की वृद्धि कराएगा।

(*vii*) **पत्नी के कारण भाग्य वृद्धि**-यदि भाग्येश और सप्तमेश का राशि परिवर्तन हो तो स्त्री से धन प्राप्ति के साथ स्वअर्जित सम्पदा का भी योग बनता है।

(9L) 7H + (7L) 9H= पत्नी से धन लाभ, भाग्य वृद्धि।

टिप्पणी-भाग्यस्थान में बैठा कोई भी ग्रह उस ग्रह या भावेश द्वारा भाग्य वृद्धि का संकेत देता है। सप्तमेश का भाग्यस्थ होना पत्नी से भाग्य प्राप्ति दर्शाता है तो पुनः भाग्येश का सप्तमस्थ होने भी जातक के भाग्य को पत्नी के साथ जोड़ता है। ध्यान रहे, नवमस्थ ग्रह की दृष्टि तीसरे भाव पर होने से पराक्रम व परिश्रम से भाग्य वृद्धि देती है तो सप्तमस्थ ग्रह का लग्न से दृष्टि सम्बन्ध भी आत्मा या देह के योग से भाग्य प्राप्ति की बात कहता जान पड़ता है।

21.15 षष्ठस्थ बुध से लाभ

द्वितीयेश बुधः षष्ठे ज्ञातीनां
केवल तु बुधः षष्ठे ज्ञातीनां धनमश्नुते धनमश्नुते (8: 20)

(*i*) बुध द्वितीयेश होकर षष्ठ भाव में हो या (*ii*) षष्ठ भाव में केवल बुध हो तो जातक को मामा व चचेरे भाइयों से **धन की प्राप्ति** होती है।

(2L+बुध) 6H=मामा से धन प्राप्ति

बुध 6H = मामा से धन लाभ

टिप्पणी–कुछ विद्वान मानते हैं कि द्वादश में स्थित ग्रह यदि अपने कारकत्व के सम्बन्ध में शुभ परिणाम देते हैं तो द्वादश भाव से दृष्टि सम्बन्ध करने वाले ग्रह भी न्यूनाधिक रूप से अपने कारकत्व का शुभ फल अवश्य देंगे। शायद यही बात रामानुजाचार्य अपनी कृति भावार्थ रत्नाकर में कहना चाह रहे हैं। यूँ भी त्रिषडाय उपचय भाव होने से गुरु में चाहे थोड़ी-बहुत परेशानी दे तो भी अन्त में उपचय भाव में बैठे ग्रह निश्चय ही कल्याणकारी सिद्ध होते हैं।

21.16 भाग्यशाली सन्तान

यदि पंचमेश और गुरु, दोनों ही अपनी उच्चराशियों में स्थित हों तो जातक की सन्तान सुखी और भाग्यशाली होती है। कारण-पंचमेश और गुरु का बली होना सन्तान पक्ष की ओर से जातक को सुख, सम्मान व यश दिलाता है।

5L उच्चस्थ+गुरु कर्क में = भाग्यशाली सन्तान।

टिप्पणी : कुछ शोधकर्ता 'वागीश' का अर्थ वाणी स्थान का स्वामी या द्वितीयेश करते हैं। उस परिस्थिति में धन भाव, सन्तान का दशम या आजीविका स्थान, बली होने से सन्तान व्यापार-व्यवसाय में सफलता पाकर जातक को यश देगी।

(5L+2L) दोनों ही उच्चस्थ = भाग्यशाली सन्तान।

अध्याय - 22

राजयोग

22.1 **द्वितीयेश और पंचमेश की युति 2, 5, 9 या 10 वें भाव में हो तो इसे राजयोग जानें।** (2L+5L) 2H, 5H, 9H, या 10H = राजयोग। कारण–धनेश तथा त्रिकोण अधिपति पंचमेश दोनों ही धन और भाग्य के क़ारक हैं। यूँ भी पंचम भाव नवम से नवम होने के कारण भाग्य व राजकृपा दर्शाता है तो धन भाव भी दशम से पंचम होने के कारण, कर्म का त्रिकोण स्थान होने से शुभ फल देने वाला बन जाता है।

22.2 **धनेश और लाभेश की दशम भाव में युति राजयोग देती है।**
(2L+11L) 10H = राजयोग।
ध्यान रहे, लाभ स्थान दशम भाव के लिए धन स्थान है तो धनेश भी दशमेश का पंचमेश होता है ये बात ऊपर कही जा चुकी है।

22.3 **राज्य लाभ चतुर्थेषु पंचमे वा स्थितो यदि।**
राजयोग प्रदो राहु स्तद्दशा अर्न्तदशा सु च ॥ (9: 3)
यदि राहु चतुर्थ, पंचम, दशम या एकादश भाव में हो तो अपने नियंत्रक की दशा और अपनी भुक्ति में राहु राज़योग का फल देता है। अन्य शब्दों में, **राहु की दशा-भुक्ति सत्ता सुख** देती है।
(राहु) 4H, 5H ,10H, या 11H = राजयोग–राहु की दशा भुक्ति में।

22.4 **तृतीय भाव में** स्थित **केतु कल्याणकारी** किन्तु त्रिकोण भाव में केतु को अनिष्टप्रद जानें। ध्यान रहे, उपचय भाव अर्थात 3, 6, 10, 11 वें भाव में क्रूर ग्रह शुभ फल देते हैं। तृतीय भाव उपचय भाव होने से इसमें केतु की स्थिति को शुभ माना गया है।

22.5 तृतीय भाव में चन्द्र शुक्र की युति होने पर शुक्र अपनी दशा भुक्ति में धन वैभव और यश देता है।
(चंद्रमा+शुक्र) 3H= शुक्र की दशा भुक्ति योगप्रद।
चंद्रमा स्वयं धन प्रदायक व लग्न भी है। इसकी शुक्र से युति धन वैभव देने की क्षमता बढ़ाती है। पुन: जन्म लग्न का चंद्रमा से लाभ स्थान में होना भी लाभ की वृद्धि करता है।

22.6 दशमेश यदि लाभ अथवा तृतीय भाव में हो तो कभी जातक को लाभ भी अवश्य होता है किन्तु निरन्तर व स्थायी लाभ की सम्भावना कम ही हुआ करती है।

(10L) 11H या 3H = स्थायी लाभ नहीं।

ध्यान रहे, दशम भाव के लिए, तृतीय भाव षष्ठ या शत्रु स्थान है तो लाभ स्थान द्वितीय होने से मारक भाव का फल भी दिया करता है।

22.7 गुरु यदि दशमेश होकर अपने दशम भाव से षष्ठ अर्थात लग्न से तृतीय भाव में हो तो छोटे भाई से शत्रुता देता है किन्तु धन भी अवश्य देता है।

(10L गुरु) 3H= भाई से शत्रुता और धन देने वाला।

ध्यान रहे, तृतीय भाव के लिए दशम भाव अष्टम भाव तो दशमेश अष्टमेश बन जाता है। अष्टमेश का लग्नस्थ होना छोटे भाइयों को बेचैनी व सन्ताप दे सकता है। पुनः धनप्रदायक गुरु का तीसरे भाव में बैठकर नवम व एकादश भाव से दृष्टि सम्बन्ध भाग्य व लाभ वृद्धि में सहायक होगा, इसमें सन्देह नहीं होना चाहिए।

22.8 सामान्यतः भाग्येश का (अपने से द्वादश या हानि स्थान) लग्न से अष्टम में बैठना धन व भाग्य में कमी देता है किन्तु भाग्येश गुरु अष्टमस्थ होने पर भी धन देता है।

(गुरु) 8H = धन प्राप्ति।

कारण, गुरु का सम्बन्ध धन से है। अष्टमस्थ गुरु की धन व सुख-स्थान पर दृष्टि धन व सुख प्रदान करेगी। अब यदि गुरु भाग्येश भी हो तब तो निश्चय ही गुरु की दशा भुक्ति राजयोग सरीखा शुभ परिणाम देगी।

22.9 नवमेश की दृष्टि-युति पाने से अष्टमेश की दशा धन व भाग्य वृद्धि देगी।

(8L+9L) = अष्टमेश की दशा में धन प्राप्ति।

ध्यान रहे, त्रिकोण भाव के स्वामी जिस किसी ग्रह से दृष्टि-युति सम्बन्ध करें वह शुभ फलदायी हो जाता है। विद्वानों का कथन है–जैसे पारस के स्पर्श से लौह स्वर्ण बन जाता है कुछ इसी प्रकार पंचमेश या नमवेश के सम्बन्ध से भाव और ग्रह शुभ व कल्याणकारी हो जाते हैं।

22.10 अष्टमेश और नवमेश का दृष्टि युति सम्बन्ध नवमेश की दशा को दुर्बलता देता है किन्तु भाग्येश की दशा में अष्टमेश की अन्तर्दशा में शुभ फल प्राप्त होता है।

भौतिकी विज्ञान के छात्र जानते है गर्म पानी में ठंडा पानी मिलाने से ठंडा पानी गर्म तो गर्म पानी ठंडा हो जाता है। यहाँ अशुभ ग्रह यदि शुभ ग्रह के सम्बन्ध से शुभता पाता है तो उसी अनुपात में शुभ ग्रह की शुभता पाप ग्रह के संग दोष से कुछ कम हो जाती है।

(8L+/9L)= नवमेश दशा विशेष शुभ नहीं।

(टिप्पणी–इसके आगे दृष्टि युति के लिए + /संकेत का प्रयोग हुआ है।)

22.11 लाभेश और दशमेश की युति होने पर लाभेश की दशा में सत्ता सुख मिलता है।

(11L+/10L)= लाभेश की दशा में सत्ता लाभ।

22.12 दशमेश और लाभेश का दृष्टि युति सम्बन्ध होने पर दशमेश की दशा में सम्मान और धन की प्राप्ति होती है।

(10L+/11L)= दशमेश की दशा में धन व यश की प्राप्ति।

22.13 दशमेश और लाभेश की दृष्टि युति होने पर

(*i*) लाभेश की दशा विशेष शुभ फल नहीं दे पाती

(*ii*) दशम भाव में बैठा शुक्र अधिक अच्छा फल नहीं दे पाता

(*iii*) सप्तम भाव में बैठा शनि धन प्रदायक होता है।

ध्यान रहे, दशमेश व लाभेश की युति सत्ता लाभ, धन व यश देती है। आचार्य रामानुज का यह कहना कि लाभेश की दशा अधिक शुभ फल नहीं देती कदाचित इस बात का संकेत है कि दशम भाव यूँ तो विष्णुस्थान और आजीविका स्थान है किन्तु एकादश भाव से तो आजीविका हानि स्थान ही कहलाएगा। अब द्वादशेश से युक्त ग्रह अपने फल में कमी करें तो आश्चर्य कैसा? चंद्रमा और शुक्र दशम भाव में शून्य दिग्बल पाते हैं किन्तु शनि सप्तम भाव में पूरा एक रूप या 60 विरूप दिग्बल पाता है। दिग्बली ग्रह धन देते हैं ये बात विज्ञ पाठकों से छिपी नहीं है।

22.14 (*i*) **सप्तमस्थ: सैंहिकेयो योगदो भवति घ्रुवम्**

सप्तम भाव में बैठा राहु शुभ फल देता है। कारण यदि राहु को शनि सरीखा मानें। सप्तम भाव का राहु पूर्ण दिग्बली होने से तथा पंचम दृष्टि से लाभ स्थान को देखने से धन प्रदायक हो जाएगा।

(*ii*) **तृतीय भाग्यगो मन्दो योगप्रद इति स्मृत :** (9:14)

तृतीय या नवम भाव में स्थित शनि शुभ फल देता है। शनि एक पाप ग्रह होने से उपचय स्थान अर्थात 3, 6,10, 11 वें भाव में शुभ फल देगा यह तो निश्चित है। भाग्यस्थान का शनि भी शुभ फल देगा। इसके दो कारण हैं—पहला तो **त्रिकोण भाव लक्ष्मी स्थान होने से बहुत शुभ है। इनमें स्थित ग्रह कभी अशुभ परिणाम नहीं दिया करते।** दूसरा कारण भी समझ लें—जिस किसी भाव का विचार करें उससे उपचय भाव में बैठे क्रूर ग्रह शुभ फल देते है। लाभ स्थान के लिए नवम भाव, एकादश या उपचय भाव है। अत: लाभ वृद्धि में, भाग्यस्थ क्रूर ग्रह, निश्चय ही सहायक होगा।

22.15 (*i*) गुरु यदि तीसरे, आठवें या नवम भाव में बैठे तो निश्चय ही धन, मान व यश देता है।

(*ii*) इसी प्रकार द्वादश भाव में बैठा गुरु मृत्यु के बाद उत्तम लोकों की प्राप्ति कराता है।

15 (*i*)



15 (*ii*)



टिप्पणी (*i*) तृतीयस्थ गुरु सप्तम, नवम और एकादश भाव से दृष्टि सम्बन्ध कर व्यापार द्वारा धन लाभ और **भाग्य वृद्धि** देगा। अष्टम भाव में स्थित गुरु धन व सुख स्थान को देखेगा तो लग्न के दोनों ओर गुरु की अमृत पार्श्व दृष्टि लग्न को बल व शुभता देगी। भाग्यस्थ गुरु की दृष्टि लग्न और पंचम भाव में होने पर शुभ परिणाम देगी यह तो सत्य व सटीक बात है।

(*ii*) द्वादश भाव मरणोत्तर गति दर्शाता है वहाँ देव गुरु की उपस्थिति यदि जातक को देवलोक प्रदान करें तो इसमें आश्चर्य कैसा?

22.16 भाग्येश और दशमेश की युति यदि भाग्य या दशम भाव में हो तो इसे उत्कृष्ट राजयोग जानें।

(9L+10L) 9H या 10H = उत्कृष्ट राज योग।

22.17 नवमेश और दशमेश का स्थान परिवर्तन पद, प्रतिष्ठा धन, वैभव और यश देता है।

(9L) 10H + (10L) 9H = उत्कृष्ट राजयोग।

22.18 नवमेश यदि नवम भाव में तथा दशमेश भी दशम भाव में हो तो इसे सत्ता सुख का संकेत जानें।

(9L) 9H+ (10L) 10H = श्रेष्ठ राज योग।

ध्यान रहे, दशम भाव यदि राज्य या सत्ता सुख है तो नवम भाव भाग्य व राज कृपा का भाव है। इन भावों का अपने स्वामियों से युक्त होना इन्हें बल व शुभता देता है।

22.19 पंचमेश की दशमेश के साथ पंचम या दशम भाव में युति होने से जातक यश व सत्ता सुख पाता है।

(5L+10L) 5H या 10H = राजयोग।

केन्द्र व त्रिकोण भाव का परस्पर दृष्टि युति सम्बन्ध राजयोग देता है, इस बात से पाठक अनजान नहीं है। यदि इनमें से कोई ग्रह (दशमेश या पंचमेश) स्वगृही होकर अन्य से युति करें तो निश्चय ही अधिक शुभ फल मिलेगा।

(सन्दर्भ 22.18)



भाग्येश दशमेश का राशि परिवर्तन करना या स्वक्षेत्री होना राजयोग देता है।

(सन्दर्भ 22.19)



दशमेश की पंचमेश से पंचम या दशम भाव में युति राजयोग देती है।

22.20 नवमेश और दशमेश की युति लग्न या सप्तम भाव में हो तो इसे उत्तम राजयोग जानें।

(9L+ 10L) लग्न या 7H में = उत्तम राजयोग।

ध्यान रहे नवमेश दशमेश का सम्बन्ध राजयोग देता है तो लग्न से इन ग्रहों का दृष्टि सम्बन्ध जातक के व्यक्तित्व व देह सुख को निखारता है।

22.21 षष्ठेश, सप्तमेश व दशमेश यदि केन्द्र अथवा त्रिकोण भाव में हो तो इसे सत्तालाभ व यश प्राप्ति का संकेत जानें। कारण–**सप्तम भाव 'दशमात् दशम्' होने से सत्ता लाभ का प्रतिनिधि है।** इसी प्रकार, षष्ठ भाव, दशम का भाग्य स्थान होने से सत्ता प्राप्ति के लिए शुभ परिणाम देगा। इसी प्रकार नवम भाव तो भाग्य स्थान ही है किन्तु पंचमभाव भाग्य का होने से भी भाग्य का फल देगा।

(सन्दर्भ 22.20)



(सन्दर्भ 22.21)



उत्तम राजयोग

22.22 सूर्य यदि मेष राशि में हो, चन्द्रमा की युति उच्चस्थ गुरु के साथ हो, शनि और मंगल भी उच्चस्थ होकर परस्पर केन्द्र में हो तो जातक धनी, मानी व सत्तालाभ पाने वाला प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है।

ध्यान रहे, केन्द्र स्थान में उच्चस्थ ग्रह उत्कृष्ट राजयोग देते हैं। विद्वानों ने सूर्य व चंद्रमा को भी लग्न सरीखा महत्व दिया है। अत: चंद्र कुण्डली के केंन्द्र भाव उच्चस्थ ग्रहों से युक्त होने पर जातक को राजा सरीखा प्रतापी व **धनी, मानी** बनाते हैं।



टिप्पणी

(*i*) लग्न का वर्गोत्तम होना

(*ii*) सूर्य से द्वितीय भाव में शुभ ग्रह हो,

(*iii*) जन्म लग्न या चन्द्र लग्न से चार केन्द्र ग्रहों से युक्त हों,

(*iv*) स्वक्षेत्री या उच्चस्थ ग्रह परस्पर केन्द्र में हो तो व्यक्ति **धन, वैभव, पद-प्रतिष्ठा व सत्ता सुख** पाता है।

अध्याय - 23

तीर्थ स्नान

23.1 धर्म का नैसर्गिक कारक गुरु यदि दशमेश से दृष्टि-युति सम्बन्ध करे तो जातक धार्मिक प्रवृति, परोपकारी व सत्कर्म करने वाला होता है।
(10L+/गुरु) = धार्मिक व सदाचारी।

23.2 पंचमेश, नवमेश का सम्बन्ध सप्तमेश या दशमेश के साथ जल तत्व राशि में होने पर जातक पुण्य तीर्थों में स्नान करता है। ध्यान रहे, सप्तम भाव, दशम से दशम है तो पंचम भी, नवम से नवम होने के कारण कर्म को धर्म के साथ जोड़ता है। पुनः इन ग्रहों की युति जलीय राशि में होना तीर्थ स्नान की पुष्टि करता है।
(5L या 9L +7L या 10L) जलीय राशि = तीर्थ स्नान।

23.3 पंचमेश या सप्तमेश की दशा में यदि तीर्थ यात्रा न हो पाए तब पुण्यकथाओं के श्रवण तथा धार्मिक ग्रन्थों पर प्रवचन सुनने का अवसर तो अवश्य ही मिलता है।

23.4 मिथुन लग्न के लिए यदि नवमेश शनि, नवम भाव में दशमेश गुरु से युति करें तो शनि या गुरु की दशा में **गंगा स्नान** होता है।

23.5 मेष लग्न जातक के पंचमेश सूर्य, सप्तमेश शुक्र तथा नवमेश गुरु की युति यदि दशम भाव में हो तो ये ग्रह अपनी दशा भुक्ति में गंगा स्नान देते हैं।

(सन्दर्भ 23.5)





(5L+9L+7L) 10H में = गंगा स्नान

23.6 यदि दशमेश की युति गुरु के साथ हो तो जातक धार्मिक अनुष्ठान कथा, कीर्तन व देवी जागरण आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है।

(सन्दर्भ 23.4)



(सन्दर्भ 23.6)



23.7 दशमेश यदि षष्ठ अथवा द्वादश भाव में हो तो जातक धर्म कार्यों से हीन या गरीब और बेरोज़गार व्यक्ति होता है।

कारण—विद्वानों ने षष्ठ भाव को रोग, ऋण व शत्रु भय का, तो द्वादश भाव को हानि, बंधन व दुर्व्यसन का भाव माना है। दशमेश का षष्ठस्थ होना देह कष्ट व शत्रु जन्य बाधा देता है तो व्यय भाव में बैठा दशमेश भी कभी-कभी स्वार्थ व सुख-लिप्सा के कारण सत्कर्मों में बाधा डालता है।

23.8 उदाहरण डॉ० बी.वी. रमन 8 अगस्त, 1912–19:23 घंटे (स्थानीय समय) 13° उत्तर 0 77° पूर्व 35′

लग्न कुण्डली | नवांश कुण्डली





विश्लेषण

लग्न कुण्डली:

(*i*) नवमेश शुक्र, पंचमेश बुध तथा दशमेश मंगल की सप्तम भाव में युति और लग्न पर दृष्टि है।

(*ii*) धर्म का नैसर्गिक कारक गुरु, दशम भाव में बैठकर लग्नेश शनि, चन्द्रमा तथा दशमेश मंगल से दृष्ट है।

(*iii*) गुरु का दृष्टि सम्बन्ध सूर्य, चन्द्रमा तथा लग्नेश शनि से हुआ है।

(*iv*) दशमस्थ गुरु ने जातक को सदाचारी व धार्मिक प्रवृति का बनाया तो पंचमेश की दशमेश के साथ युति व लग्न पर दृष्टि ने जातक की बुद्धि और आत्मा को धार्मिक अनुष्ठान व तीर्थ यात्रा से जोड़ा।

(*v*) विद्वानों ने चन्द्रमा को मन, लग्नेश को आत्मा तो सूर्य को कर्मों का नियंत्रक माना है। इन तीनों पर गुरु की अमृत दृष्टि ने जातक को आध्यात्मिक या दार्शनिक विचारधारा देकर सच्चा कर्मयोगी बनाया।

नवांश कुण्डली

(*i*) लग्नेश शनि चतुर्थ भाव में बैठकर दशमस्थ चतुर्थेश मंगल तथा लग्न को देख रहा है।

(*ii*) चतुर्थेश मंगल लग्न, लग्नेश शनि तथा पंचम भाव में बैठे स्वक्षेत्री दशमेश शुक्र को देख रहा है।

(*iii*) धर्म व अध्यात्म का कारक गुरु, लाभ स्थान में बैठकर, पंचम भाव में बैठे दशमेश शुक्र को देख रहा है।

(*iv*) चन्द्रमा की नवमेश बुध के साथ युति पर सूर्य की दृष्टि है।

(*v*) शनि और मंगल का दशम भाव और लग्न से सम्बन्ध जातक को पराक्रम, धैर्य व दृढ़ इच्छाशक्ति देने वाला बना।

(*vi*) दशमेश–पंचमेश शुक्र का पंचम भाव में स्वगृही होकर गुरु से दृष्टि पाना जातक की बुद्धि व विवेक को सात्विक बनाने में सहायक हुआ।

जीवन-तथ्य–इस जातक ने गुरु की दशा और गुरु की भुक्ति में अनेक तीर्थों की यात्रा की और पुण्य स्नान का लाभ पाया। इन्हें भारतीय ज्योतिष का पितामह कहा जाता है। पाश्चात्य जगत में वैदिक ज्योतिष का प्रकाश पहुँचाने तथा ज्योतिष का गौरव बढ़ाने में इनका योगदान प्रशंसनीय है।

23.9 वैरागी सन्त विश्लेषण–

(*i*) मीन लग्न जातक का गुरु लग्नेश व दशमेश होकर, दशम भाव में स्थित सूर्य तथा नवमेश मंगल को देख रहा है।

Asdt	Ket		Moon
Mars	Rasi		
Mer			Jup
Sun	Ven	Rah	Sat



(*ii*) पंचमेश चन्द्रमा चतुर्थ भाव में बैठ कर दशमेश नियंत्रक सूर्य और दशम भाव को देख रहा है।

(*iii*) नवमेश मंगल का दशमेश गुरु से दृष्टि विनिमय या परस्पर दृष्टि सम्बन्ध हुआ है।

चन्द्र कुण्डली–में नवमेश शनि की दशम भाव पर दृष्टि है तो दशमेश गुरु का दृष्टि सम्बन्ध नवम भाव और लाभ स्थान से हुआ है। दशम भाव का गुरु की पार्श्व दृष्टि तथा धर्मेश की दृष्टि पाना जातक को आध्यात्मिक क्षेत्र में महान उपलब्धि देने वाला बना।

जीवन तथ्य–धर्म कर्म भाव के स्वामी ग्रहों के परस्पर दृष्टि सम्बन्ध ने इन्हें सहज समाधि व ब्रह्माकार वृत्ति प्रदान की। ये महान वैरागी सन्त बने।

अध्याय - 24

मृत्यु योग

24.1 व्ययेश की दशा में धनेश का अन्तर अथवा धनेश की दशा में व्ययेश की अन्तर्दशा मृत्यु दे सकती है।

कारण–द्वादश भाव देह की हानि या नाश दर्शाता है तो द्वितीय भाव भी बल पराक्रम की हानि वाला भाव है। अत: इनकी दशा अर्न्तदशा मृत्यु दे सकती है।

24.2 व्ययेश (12L) की महादशा में धनेश (2L) से दृष्टि युति करने वाले ग्रह की भुक्ति में मृत्यु होना सम्भव है।

24.3 द्वितीयेश (2L) की महादशा में व्यय भाव में स्थित और व्ययेश से दृष्ट ग्रह की भुक्ति मृत्यु कराती है।

24.4 व्ययेश (12L) की दशा में व्ययस्थ (12H) पाप ग्रह की भुक्ति मारक होती है।

24.5 द्वितीय भाव (2H) में स्थित पाप ग्रह की द्वादशेश (12L) से युति होने पर उक्त पाप ग्रह की दशा भुक्ति मृत्यु देती है।

(12L+पाप ग्रह) 2H= पाप ग्रह की दशा में व्ययेश की भुक्ति मृत्युप्रद।

24.6 द्वादश भाव (12H) में स्थित पाप ग्रह का दृष्टि-युति सम्बन्ध द्वितीयेश (2L) से होने पर पाप ग्रह की दशा में द्वितीयेश की भुक्ति मृत्यु दे सकती है।

(2L+पाप ग्रह) 12H = पाप ग्रह की दशा में द्वितीयेश की भुक्ति कष्टप्रद।

24.7 (*i*) **अष्टमेश दशाकाले तत्भुक्तौ सोऽपि मारकः**

अष्टम भाव के स्वामी की दशा में उसकी अपनी ही भुक्ति अर्थात अष्टमेश की दशा में अष्टमेश की भुक्ति मरण तुल्य कष्ट या मृत्यु दे सकती है।

(*ii*) **षष्ठेशदाये निधन रन्ध्रेशः अन्तर हुतो भवेत् ॥ (11:7)**

षष्ठेश की दशा में अष्टमेश की अन्तर्दशा भी मृत्यु देने में सक्षम है।

24.8 अष्टमेश की दशा में षष्ठ भाव में स्थित पापी ग्रह (सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु) की भुक्ति मृत्यु दे सकती है।

24.9 **षष्ठनाथे दशाकाले अष्टमस्थ खगस्य च।**
हतौं जातस्य निधनं वदन्ति विबुधोत्तमा; ॥ (11: 9)

षष्ठेश (6L) की दशा में अष्टम भाव में स्थित ग्रह की अन्तर्दशा मृत्यु दे सकती है, ऐसा विद्वानों का कथन है।

24.10 अष्टमेश की दशा में (*i*) अष्टमेश की दृष्टि पाने वाले ग्रह या (*ii*) षष्ठेश के साथ बैठे ग्रह की अन्तर्दशा मारक सिद्ध हो सकती है।

24.11 अष्टमस्थित पापस्य दशाकाले
षष्ठस्थानपतेर (अ) न्तर्दशाकालो हि मारक : वदन्ति हि॥ ('11: 11)

अष्टम भाव (8H)में बैठे पाप ग्रह की दशा में षष्ठेश (6L) की भुक्ति मारक हो सकती है।

(पाप ग्रह 8H की दशा) में (6L की भुक्ति) = मृत्युप्रद।

24.12. षष्ठ भाव में स्थित पाप ग्रह की महादशा होने पर अष्टमेश की अन्तर्दशा मारक या मृत्यु देने वाली होती है। **(पाप ग्रह 6H) में 8L की भुक्ति = मृत्युप्रद**

24.13 षष्ठस्थ पाप ग्रह की दशा में अष्टम भाव में स्थित ग्रह या अष्टमेश की अन्तर्दशा मारक या मृत्यु देने वाली होती है।

24.13 षष्ठस्थ पाप ग्रह की दशा में अष्टम भाव में स्थित अष्टमेश की भुक्ति प्रबल मारक हो जाती है।

ध्यान रहे, अष्टमेश अष्टम भाव में स्वगृही होने पर अन्य बातों में भले ही शुभ हो किन्तु मारक का कार्य अवश्य करता है।

24.14 अष्टम भाव में बैठे पाप ग्रह की महादशा में षष्ठस्थ पाप ग्रह की भुक्ति मृत्युप्रद होती है। ध्यान रहे, शुभ ग्रह मृत्यु नहीं देते।

24.15 अशुभ स्थान के स्वामी होकर नैसर्गिक शुभ ग्रह बुध और शुक्र यदि पंचम भाव में भी हो तब भी बुध में शुक्र या शुक्र में बुध की भुक्ति मृत्यु दिया करती है।

ध्यान रहे, पापाधिपत्य शुभ ग्रहों को भी मारक बना सकता है। इसका स्पष्टीकरण नीचे दी गई तालिका में देखें:-

लग्न	पाप ग्रह
मेष लग्न	बुध (3L, 6L) शुक्र (2L-7L)
वृष लग्न	गुरु (8L-11L), शुक्र 6L, चन्द्रमा 3L
मिथुन लग्न	गुरु 7L, सूर्य 3, मंगल 11L-6L,
कर्क लग्न	शुक्र 11L, बुध 12L-3L,
सिंह लग्न	बुध 11L-2L; शुक्र 3L, शनि 6L-7L
कन्या लग्न	मंगल 3L, गुरु 7L, चन्द्रमा 11L
तुला लग्न	गुरु 3L-6L; सूर्य 11L मंगल 2L-7L
वृश्चिक लग्न	शुक्र 7L-12L बुध 11L-8Lशनि 3L
धनु लग्न	शुक्र 6L-11L, बुध 7L, चन्द्र 8L, शनि 2L-3L
मकर लग्न	मंगल 11L, गुरु 12L, चन्द्रमा 7L
कुम्भ लग्न	गुरु 2L-11L, चन्द्रमा 6L, मंगल 3L
मीन	शनि 11L-12L शुक्र 3L-8L सूर्य 6L, बुध 7L

नियम :– विद्वानों के मतानुसार–

(*i*) द्वितीय व सप्तम भाव (2H, 7H) को मारक बताया गया है अत: वे अनिष्टप्रद हैं।

(*ii*) तृतीय, षष्ठ व आय स्थान को त्रिषडाय भाव माना है ये भी अनिष्टप्रद हैं।

(*iii*) पुन: षष्ठ, अष्टम व द्वादश भाव त्रिक या दु:स्थान कहलाते हैं।
इनका भावाधिपत्य पाने से चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र सरीखे नैसर्गिक शुभ ग्रह भी पापी कहलाते हैं।



× = अशुभ स्थान

24.16. मंगल यदि पाप या अशुभ स्थान का स्वामी होकर भले ही पंचम भाव (लक्ष्मी स्थान) में हो तब भी अपनी दशा भुक्ति में मृत्यु दे दिया करता है।

24.17 शनि यदि शुभ भावों (केन्द्र और त्रिकोण भाव) का स्वामी होकर किसी मारक ग्रह के साथ बैठे तो कुसंगति दोष से शनि की दशा भुक्ति मृत्यु दिया करती है।

24.18 अष्टमेश यदि लग्न में हो तो भी अपना मारक प्रभाव नहीं छोड़ता। अष्टमेश की दशा भुक्ति में जातक की मृत्यु होना सम्भव है।

24.19 द्वेये त्रयाणां पुत्राणां संप्राप्ते राहुदायके
पितु: निधनामित्या हुस्तद् दशामध्य एव च ॥ (11:19)

यदि कभी किसी व्यक्ति के दो या तीन पुत्रों की राहु की दशा (भुक्ति) चल रही हो तो उस अवधि में जातक की मृत्यु होना सम्भव है।

टिप्पणी–यहाँ श्री रामानुजाचार्य ने परिवार के सदस्यों के भाग्य के परस्पर जुड़े होने की बात का संकेत दिया है। आधुनिक शोधकर्ता इसे inter linked destiny या दशा का साझा प्रभाव कहते हैं। यदि कभी पुत्र और अपनी पत्नी की शुभ दशा हो तो पिता या पति की मारक दशा भी मात्र देह कष्ट देती है किन्तु मृत्यु तो कदापि नहीं दे पाती । किन्तु यदि कभी घर में सभी की अशुभ दशा चल रही हो तो छोटी-छोटी बातें भी बहुत कष्ट दिया करती हैं।

श्री जगन्नाथ भसीन ने राहु को सूर्य का प्रबल शत्रु कहा है। यही सूर्य पिता का नैसर्गिक कारक भी है। अत: पुत्रों का राहु अपनी दशा में यदि पिता का मारक बने तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

24.20 बी. सूर्य नारायण राव के विचार:-

(*i*) द्वितीय और सप्तमेश मारकेश कहलाते है। इनकी दशा में मृत्यु होना सामान्य बात है

(*ii*) द्वितीय व सप्तम भाव मारक भाव हैं। इनमें बैठे पाप ग्रह अधिक पापी होने से अपनी दशा भुक्ति में मृत्यु दिया करते हैं।

(*iii*) द्वितीय व सप्तमेश अर्थात मारकेश के साथ बैठे पाप ग्रह अधिक पापी व प्रबल मारक होते हैं।

(*iv*) मारकेश (2L+7L)के साथ बैठे शुभ ग्रह भी संग दोष से मारक बन जाते हैं।

(*v*) सप्तमेश और अष्टमेश की दशा भुक्ति में मृत्यु होना सम्भव है। कारण–अष्टम भाव जीवन की पूर्णता या अन्त को दर्शाता है

(*vi*) तृतीयेश या अष्टमेश (3L+8L) की युति मारकेश से होने पर इनकी दशा भुक्ति मृत्यु दिया करती है।

(*vii*) मारकेश के साथ शनि का सम्बन्ध आयुष्य कारक शनि को भी मृत्यु देने वाला बनाता है।

(*viii*)सर्वाधिक हीन बली ग्रह अपनी दशा भुक्ति में मृत्यु दे सकता है।

24.21 डॉ० बी.वी. रमण के विचार

मारक दशा		मारक अन्तर्दशा या भुक्ति
(*i*)	अष्टमेश की दशा में	अष्टमेश की भुक्ति मृत्यु दे सकती है
(*ii*)	षष्ठेश की दशा में	अष्टमेश की भुक्ति मृत्यु दे सकती है।
(*iii*)	अष्टमेश की दशा में	षष्ठस्थ पाप ग्रह की भुक्ति मृत्यु दे सकती है।
(*iv*)	षष्ठेश की दशा में	अष्टम भाव में बैठा ग्रह मृत्यु दे सकता है।
(*v*)	अष्टमेश की दशा में	अष्टमेश से दृष्ट षष्ठेश के संग बैठा ग्रह मृत्यु दे सकता है।
(*vi*)	अष्टमस्थ पाप ग्रह	षष्ठेश मृत्यु दे सकता है।
(*vii*)	षष्ठ भाव में स्थित ग्रह	अष्टमेश मृत्यु दे सकता है।
(*viii*)	षष्ठस्थ पाप ग्रह	अष्टमेश मृत्यु दे सकता है।
(*ix*)	अष्टम भाव में पाप ग्रह	षष्ठ भाव में स्थित पाप ग्रह मृत्यु दे सकता है।

अध्याय - 25

दशा के परिणाम

25.1 (*i*) शनि की दशा में शुक्र की भुक्ति तथा **शुक्र की दशा में शनि की भुक्ति** या अन्तर्दशा बहुधा **अनिष्ट परिणाम** देती है।

टिप्पणी–यूँ तो लग्नेश शनि होने पर शुक्र योगकारक तो लग्नेश शुक्र के लिए शनि केन्द्र व त्रिकोण का स्वामी होने से योगकारक हुआ करता है किन्तु शनि भोगों के प्रति तनिक भी आदर बुद्धि नहीं रखता। वह निरासक्त, निष्काम तथा वैरागी सन्त सरीखा है। इसके विपरीत शुक्र लौकिक सुख को अधिक महत्व देता है। सुख, भोग, ऐश्वर्य को वह जीवन का लक्ष्य मानता है। कदाचित स्वभाव वैषम्य के कारण, जातक उलझन या तनाव महसूस करता है। मेरे गुरु कभी हँसी में कहते हैं कि यदि स्वामी मधुमेह रोग से पीड़ित है तथा घर में मिष्ठान्न का प्रवेश होता ही नहीं तो सेवक भला मिठाई केसे खा पाएगा? शनि यदि भोग विमुख त्यागी सन्यासी होकर दशानाथ बने तो भुक्ति नाथ शुक्र सामान्य-सी सुख-सुविधाओं से भी वंचित रह जाएगा।

25.2 **धनु या मीन लग्न** होने पर शुक्र में शनि या **शनि में शुक्र की अन्तर्दशा धनदायक** होती है। कारण धनु लग्न के लिए शुक्र लाभेश तो शनि धनेश होता है। लाभेश में धनेश



की भुक्ति या धनेश में लाभेश की भुक्ति यदि धन नहीं दे तब अवश्य आश्चर्य होना चाहिए--धन देने में भला आश्चर्य कैसा? मीन लग्न जातक के लिए अष्टमेश शुक्र तृतीय या उपचय भाव का स्वामी होने से शुभ है तो व्ययेयश शनि भी त्रिषडायपति आयेश होने से शुभ है। यूँ भी लाभेश शनि के लिए तृतीयेश शुक्र त्रिकोण (लाभ स्थान से पंचम भाव) का स्वामी होने से धन प्रदायक है।

पुनः तृतीयेश शुक्र के लिए लग्नेश शनि भाग्येश होने से शुभ फल अर्थात धन लाभ देगा।



25.3 अष्टमेश नियंत्रक की भुक्ति मारक

अष्टमेश (8L) यदि षष्ठ, अष्टम या द्वादश भाव में हो तो अष्टमेश नियंत्रक की भुक्ति ओर **अष्टमेश की दशा मृत्युप्रद** हो सकती है। ध्यान रहे, त्रिक भाव या दुः स्थान बहुधा अशुभ परिणाम देते हैं। अष्टम या मृत्यु भाव का स्वामी यदि दुःस्थान में हो तो उक्त भाव और भावेश भी निश्चय ही अधिक मारक हो जाएँगे। ऐसी परिस्थिति में (क) अष्टमेश यदि षष्ठ भाव में हो तो अष्टमेश में षष्ठेश की भुक्ति मृत्यु देगी।



(ख) अष्टमेश अष्टम भाव में स्वगृही होने पर अष्टमेश की दशा में अष्टमेश की अपनी ही भुक्ति मृत्यु दे सकती है

(ग) अष्टमेश यदि द्वादश भाव में हो तो अष्टमेश की दशा में व्ययेश की भुक्ति मृत्यु दे सकती है।

25.4 राज्य विक्रमपत्योश्च सम्बन्धो यदि विद्यते।
राज्येशदाये च योगस्सुयोगो विक्रमेशतुः ॥ (12: 4)

दशमेश और तृतीयेश का दृष्टि युति या स्थान (राशि) सम्बन्ध होने पर दशमेश की दशा मान-सम्मान, यश व सफलता देती है तो **तृतीयेश की दशा उससे भी अधिक उत्कृष्ट** परिणाम व राज्य लाभ देगी।

टिप्पणी—तृतीय भाव बल, पराक्रम, साहस व शौर्य का भाव है। निश्चय ही राज्य प्राप्ति के लिए ये गुण आवश्यक मानें गए हैं। दशम भाव तो राज्य, सत्ता सुख, सत्कर्म व आजीविका भाव है ही, अतः उसकी दशा में शुभ फल मिलना युक्ति युक्त है। पुनः 3H, 6H, 10H, 11H, उपचय भाव हैं इनके स्वामी अपनी दशा में शुरू में भले ही कुछ बाधा या परेशानी दे। किन्तु अन्ततः उन्नति, विकास व समृद्धि दिया करते हैं।

25.5 यदि पंचमेश पंचम भाव में, सप्तमेश सप्तम भाव में तथा नवमेश नवम भाव में स्वगृही हों तो एक ही दशा में दूसरे की भुक्ति **गंगास्नान** का लाभ देती है। कारण-पंचम और नवम भाव धर्म सम्बन्धी सत्कर्मों का भाव है तो सप्तम भाव का सम्बन्ध लग्न से है। देह का धर्म से जुड़ना तीर्थ यात्रा व पुण्य स्नान दिया करता है। यही बात गंगा स्नान शब्द से कही गई है।

25.6 पुरुषार्थ से धन प्राप्ति

(*i*) लग्नेश यदि सप्तम भाव में हो तो जातक लग्नेश की दशा में अपने पुरुषार्थ से धन पाएगा। 7H में लग्नेश की दशा = पुरुषार्थ से धन प्राप्ति।

(*ii*) भाग्येश यदि सप्तम भाव में हो तो जातक अपने पुरुषार्थ से धन कमाता है।

टिप्पणी—सप्तम भाव वीर्य या पुंसत्व बल अर्थात उत्साह व पुरुषार्थ का भाव है तो लग्न भी आत्मा या देह है। अतः सप्तमस्थ ग्रह का दृष्टि सम्बन्ध लग्न से होने के कारण जातक अपनी देह व परिश्रम से लाभ पाता है।

25.7 **पिता की मृत्यु**—(*i*) **राहु केतु या शनि की दशा में सूर्य की भुक्ति को पिता के लिए** अनिष्ट प्रद या **मारक** जानें। कारण—सूर्य, राहु, केतु और शनि का शत्रु है तथा पिता का नैसर्गिक कारक भी है।

(*ii*) केतु की दशा में (अ) सूर्य (आ) मंगल (इ) शनि तथा (ई) राहु की भुक्ति को पिता के लिए अनिष्टप्रद जानें।

(*iii*) मंगल की महादशा में राहु, केतु, शनि या सूर्य की अन्तर्दशा पिता के लिए अमंगलकारी या मारक होती है।

(*iv*) शनि की महादशा में सूर्य, मंगल, राहु या केतु की भुक्ति पिता की मृत्यु का कारण बन सकती है।

टिप्पणी—मंगल, शनि अथवा केतु की महादशा में शेष पाप ग्रह की भुक्ति बहुधा पिता की मृत्यु दिया करती है। इसके विपरीत मंगल, शनि, राहु, केतु में सूर्य की भुक्ति पिता के लिए हानिकारक तो है किन्तु शायद मरणप्रद नहीं।

(*v*) मंगल की दशा समाप्ति पर राहु की दशा के आरम्भ में पिता की मृत्यु होना सम्भव है।

(*vi*) क्रूर ग्रह मंगल, शनि या केतु की दशा में राहु की अन्तर्दशा पिता को मृत्यु दिया करती है।

25.8 गुरु शुक्रो वृश्चिकस्थो शुक्रदाये समागमे
राजयोग करः शुक्रो भवे देव न संशय (II: 12: 13)



यदि गुरु और शुक्र की युति वृश्चिक राशि में हो तो शुक्र की दशा में **राजयोग** अर्थात धन, वैभव और यश की प्राप्ति होगी।

टिप्पणी—धन का नैसर्गिक गुरु यदि भोग कारक शुक्र के साथ बहुप्रसव कीट राशि वृश्चिक में युति करें तो धन-वैभव की वृद्धि होना सामान्य बात है। वृश्चिक राशि का गुरु पंचम दृष्टि से अपनी राशि मीन तो नवम दृष्टि से अपनी उच्च राशि कर्क को देखेगा। इसी प्रकार वृष राशि जो कि काल पुरुष का धन भाव है, उस पर गुरु और शुक्र की सप्तम दृष्टि भी धन की वृद्धि करेगी। ऐसा शुक्र यदि राजयोग का परिणाम दे, तो आश्चर्य कैसा?

25.9 यदि सूर्य की बुध के साथ युति हो तो बुध की दशा बहुत शुभ फल देगी, किन्तु सूर्य की दशा में जातक मध्यम या साधारण फल पाएगा।

कारण—सूर्य की युति से बुध अधिक बल और महता पाएगा जब कि सूर्य थोड़ा अधिक वार्ता कुशल या व्यापार दक्ष भले ही हो जाए, किन्तु अपने तेज, बल व प्रतिभा में कुछ कमी अवश्य पाएगा। अतः बुध संग प्रभाव से अधिक शुभ फल देगा तो सूर्य संग दोष से (नंपुसक बुध के साथ बैठने से) मध्यम फल देगा।

25.10 चन्द्रमा और मंगल की युति होने पर **चन्द्रमंगल योग** बनता है। ऐसा व्यक्ति **बुद्धिमान, परिश्रमी, उद्यमी, धनी व प्रतिष्ठित** होता है। **चन्द्रमा की दशा में मंगल की भुक्ति उत्कृष्ट परिणाम** देगी। किन्तु मंगल की दशा में चन्द्रमा की अर्न्तदशा सामान्य परिणाम देगी। ध्यान रहे, शुभाशुभ परिणाम में **भुक्तिनाथ का महत्व दशानाथ से अधिक** होता है।

क्योंकि, चन्द्रमा प्रत्येक मास में लगभग दस दिन कृष्णपक्ष दशमी के बाद शुक्ल पक्ष की पंचमी तक पक्षबल में हीन होता है। अतः मंगल में चन्द्रमा की भुक्ति अधिक श्रेष्ठ परिणाम नहीं दे पाएगी।

25.11 गुरु और शनि का परस्पर दृष्टि-युति सम्बन्ध होने पर **शनि की दशा विशेष योग** देगी किन्तु गुरु की दशा मध्यम फल देगी। ध्यान रहे, यहाँ शनि को देव गुरु का साथ मिला है। सत्संग के कारण शनि की शुभता व फल देने की क्षमता बढ़ी है। इसके विपरीत गुरु, शनि के संग दोष से अपने शुभत्व में कुछ कमी पाएगा।

25.12 गुरु और मंगल की युति होने पर **मंगल की दशा** (शुभ संगति के कारण) **विशेष शुभ** परिणाम देगी. जब कि गुरु की दशा में जातक मध्यम फल पाएगा।

25.13 गुरु और चन्द्रमा की युति होने पर चन्द्रमा की दशा श्रेष्ठ किन्तु गुरु की दशा मध्यम फल दिया करती है।

25.14 राहु केतु की दशा में राजयोग

राहु यदि केन्द्र अथवा त्रिकोण भाव में हो तो अपनी दशा में केन्द्र या त्रिकोण अधिपति का शुभ फल अर्थात राजयोग व यश देता है।

25.15 बुध, गुरु, शुक्र, के परस्पर सम्बन्ध से उत्कृष्ट फल

यदि (बुध+गुरु+शुक्र) का परस्पर दृष्टि युति सम्बन्ध हो तो इन ग्रहों की दशा भुक्ति धन, मान व यश बढ़ाती है।

25.16 शुक्र का दृष्टि युति सम्बन्ध यदि बुध और गुरु के साथ हो तो **शुक्र की दशा में शुभ परिणाम** मिलते हैं। ध्यान रहे–गुरु धर्म, भाग्य और धन का कारक है तो बुध भी बुद्धि, विद्या तथा हास्य-विनोद व बन्धु-बान्धवों से सुख दिलाने वाला है। इनका सहयोग पाकर यदि शुक्र अधिक शुभ परिणाम दे तो आश्चर्य कैसा?

25.17 बुध, गुरु और शुक्र का परस्पर सम्बन्ध होने पर गुरु की दशा में आर्थिक कष्ट किन्तु बुध की दशा में सामान्य फल जातक को मिलेगा।

टिप्पणी–गुरु भले ही धर्म, धन व सुख का कारक हो किन्तु वह बुध और शुक्र दो शत्रु ग्रहों के प्रभाव में है। अतः आर्थिक तंगी या धन का अभाव होना सम्भव है। बुध के लिए शुक्र मित्र है किन्तु गुरु तो शुक्र को अपना शत्रु ही मानता है। अतः बुध की दशा मध्यम फल देगी।

25.18 सूर्य की यदि किसी अन्य ग्रह से युति हो तो **सूर्य की दशा तो शुभ फल** देती है किन्तु सूर्य से अस्त अन्य ग्रह की दशा मध्यम फल देती है।

टिप्पणी–चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र सरीखे शुभ ग्रह की युति के कारण सूर्य की शुभता बढ़ेगी तथा सूर्य दशा में जातक धन, मान व यश पाएगा। मंगल भले ही क्रूर या पाप ग्रह सही, किन्तु सूर्य का मित्र ग्रह होने से अपनी युति से सूर्य को शक्ति व शुभता देगा। शनि की युति से सूर्य को अवश्य कुछ हानि पहुँच सकती है किन्तु शनि का नैसर्गिक बल सूर्य का सातवां भाग है। अतः शनि भी सूर्य की दशा बिगाड़ नहीं पाएगा। निश्चय ही ये सभी ग्रह सूर्य का सामीप्य पाने से अपना तेज खो बैठेंगे या पूर्णतः अस्त हो जाने से अधिक शुभ परिणाम नहीं दे पाएँगे।

25.19 राहु प्रायः दृष्टि–युति करने वाले ग्रह का फल देता है। यदि जन्म कुण्डली में राहु का अन्य ग्रहों से दृष्टि–युति सम्बन्ध हो तो उनमें सर्वाधिक बली और शुभ ग्रह का फल जातक को राहु की दशा में प्राप्त होगा। कारण–राहु एक छाया ग्रह है तथा अन्य ग्रहों के प्रभाव शीघ्रता से ग्रहण करता है।

25.20 यदि लग्न से तीसरे भाव में बैठे सूर्य तथा शनि की राहु से युति हो तो राहु की दशा में जातक भाग्य और पराक्रम की वृद्धि पाएगा।

(सूर्य+शनि+राहु) 3H = राहु की दशा में भाग्य और पराक्रम की वृद्धि।

विद्वानों ने तृतीय, षष्ठ व एकादश भाव में क्रूर ग्रह की स्थिति को शुभ माना है। सूर्य तृतीय भाव में बैठकर बल पराक्रम की वृद्धि करेगा तो शनि कालपुरुष का भाग्येश होने से भाग्यवृद्धि में सहायक होगा। मतान्तर से सूर्य अकेला ही बल पराक्रम तथा सत्तालाभ व राज सम्मान देने में सक्षम है।

25.21 **राहोर्दशा विपाकेतु विक्रमस्थो बुधोयदि**
धैर्यहीनो भवेत् ज़ात ईति जातक कोविदाः (II: 12: 26)

राहु की दशा में, राहु के साथ तृतीय भाव में बैठे बुध और शनि की युति के कारण, जातक धैर्यहीन, अधीर व भीरु होगा।

(बुध+शनि+राहु) 3H = राहु की दशा में जातक कायर व अधीर हो

डॉक्टर रमन ने इस श्लोक में पिछले श्लोक से पृथक कर लिखा है कि तृतीय भाव में बुध होने पर राहु की दशा में जातक डरपोक या कायर होता है।

टिप्पणी–तृतीय भाव में क्रूर ग्रह शनि, मंगल, राहु बहुधा शुभ परिणाम देते हैं तो शुभ ग्रह तृतीयस्थ होकर जातक को आलसी, दीर्घ सूत्री व अकर्मण्य बनाते हैं। बुध का तीसरे भाव में बैठना जातक को बुद्धिहीन, डरपोक व शीघ्र घबरा जाने वाला बनाएगा।

25.22 डॉ० बी.वी. रमण ने इन ग्रहों का प्रभाव जानने के लिए उपयोगी तालिका बनाई है। वही तालिका नीचे दी जा रही है।

ग्रहो का परस्पर दृष्टि युति सम्बन्ध	उत्कृष्ट फल	सामान्य फल
(गुरु+शुक्र) वृश्चिक राशि में	शुक्र की दशा में राजयोग	–
(सूर्य+बुध) की युति	बुध की दशा में	सूर्य की दशा
(चन्द्रमा+मंगल) की दृष्टि युति	चंद्र–मंगल	मंगल–चंद्र
(गुरु+शनि) की दृष्टि युति	शनि	गुरु
(गुरु+मंगल) की दृष्टि युति	मंगल	गुरु
(गुरु+चन्द्रमा) की दृष्टि युति	चन्द्रमा	गुरु
(बुध+गुरु+शुक्र) दृष्टि युति	शुक्र	बुध सामान्य
(सूर्य+अन्य ग्रह) की युति	सूर्य	अन्य ग्रह
(राहु+सूर्य+शनि) 3H	राहु	राहु भीरूता
(बुध) 3H	राहु	भीरूता

25.23 स्वंय जातक की मृत्यु

(i) अष्टमेश यदि षष्ठस्थ हो तो अष्टमेश की दशा में षष्ठेश की भुक्ति मृत्युप्रद है।

(8L) 6H=8L में 6L की भुक्ति

(8L) 8H=8L में 8L की भुक्ति

(8L) 12=8Lमें 12L की भुक्ति मृत्युप्रद जानें।

25.24

ग्रह दृष्टि युति	परिणाम
(i) (10L+3L)की दृष्टि युति	10L की दशा सामान्य शुभ 3L की दशा उत्कृष्ट या अति शुभ
(ii) (5L) 5H, (7L) 7H; (9L) 9H	(क) 5L की दशा में 7L या 9L की भुक्ति (ख) 7L में 5L या 9L की भुक्ति (ग) 9L में 5L या 9L की भुक्ति गंगा स्नान का पुण्य देगी।
(iii) (1L) 7H (9L) 7H	IL की दशा में पुरुषार्थ से धन लाभ 9L की दशा में पुरुषार्थ से धन प्राप्ति (सप्तम भाव या लग्न में बैठे ग्रह की दशा भुक्ति पुरुषार्थ से धन लाभ देती है-डॉ०रमण

पिता की मृत्यु कब?

(1) राहु केतु, शनि की महादशा में सूर्य की भुक्ति में मृत्यु सम्भव।

(1ब) राहु की महादशा में राहु, शनि, केतु, सूर्य की मंगल, शनि या राहु की भुक्ति में मृत्यु सम्भव ·

(2) केतु की दशा में सूर्य, मंगल, शनि या राहु की भुक्ति में मृत्यु सम्भव।

(3) मंगल की दशा में राहु, केतु, शनि या सूर्य भुक्ति में मृत्यु होना सम्भव।

(4) शनि की दशा में राहु, सूर्य मंगल या केतु की भुक्ति में मृत्यु होना सम्भव

(5) मंगल की दशा समाप्त होने पर राहु की दशा के आरम्भ में मृत्यु होना सम्भव।

(6) क्रूर ग्रह की दशा में राहु की भुक्ति में पिता की मृत्यु सम्भव है।

अध्याय - 26

सामान्य योग

26.1 यदि कोई भावेश, भाव सम्बन्धी कारक के साथ युति करे तो भाव की वृद्धि जानें। उदाहरण के लिए द्वितीयेश की युति धन के नैसर्गिक कारक गुरु के साथ होने पर जातक धनवान होगा। इसी प्रकार:-

3 L+ मंगल = जातक बली,पराक्रमी व भाइयों का सुख पाने वाला
4 L+ चन्द्रमा= जातक को माता से स्नेह व सुख हो
5 L+ गुरु = जातक विद्वान तथा सन्तान सुखी हो
7 L+ शुक्र = पत्नी सुन्दर, सुशील व सुख बढ़ाने वाली हो
8 L+ शनि = जातक दीर्घायु हो
9 L+ सूर्य = जातक भाग्यशाली व प्रतिष्ठित पिता का पुत्र हो
10L+ बुध = जातक व्यापार कुशल हो
11 L+ गुरु = जातक धन व यश पाए

26.2 **तृतीयेश, अष्टमेश व लाभेश दोष युक्त होने से** अपनी दशा भुक्ति में **चिन्ता व परेशानी** दिया करते हैं। इसके विपरीत त्रिकोण भाव के स्वामी अर्थात पंचमेश, नवमेश प्राय: शुभ फल दिया करते हैं। डॉ०बी.वी. रमण ने अष्टमेश की अपेक्षा षष्ठेश को अधिक पापी माना है। लाभस्थ ग्रह तथा लाभेश की दशा अर्न्तदशा निश्चय ही लाभ व आय की वृद्धि करती है।

26.3 **गुरु अशुभ नहीं**–गुरु तृतीयेश, षष्ठेश व अष्टमेश होकर यदि अष्टम भाव में स्थित हो तब भी शुभ फल दिया करता है।

टिप्पणी–तृतीय व षष्ठ भाव उपचय भाव है जो धन की वृद्धि करते हैं। पुन: गुरु धन का नैसर्गिक कारक है। अत: तुला लग्न जातक के लिए 3L-6L गुरु प्राय: शुभ परिणाम देते हैं। सिंह लग्न जातक के लिए गुरु 5L-8L होगा तो वृष लग्न के लिए गुरु 8L-11L होगा। यहाँ गुरु पंचमेश होने से शुभ है तो दूसरी स्थिति में लाभेश गुरु उपचय भाव का स्वामी होने से शुभ परिणाम देगा।

26.4 **शुक्र षष्ठ और व्यय भाव में शुभ**

शुक्र षष्ठ भाव में होने पर भी उतना ही कल्याणकारी है जितना कि द्वादश भाव में बैठा शुक्र हुआ करता है।

टिप्पणी–कालिदास ने अपनी कृति उत्तरकालामृत में इस बात की पुष्टि की है। **''षष्ठस्थो शुभ कृत् कवि''** अर्थात षष्ठ भाव में स्थित **शुक्र द्वादश भाव से दृष्टि सम्बन्ध कर सुख वैभव की वृद्धि** करता है।

26.5 **राहु भी योगप्रद** राहु यदि चतुर्थ, पंचम, दशम या एकादश भाव में हो तो शुभ व कल्याणकारी अथवा योगप्रद होता है।

26.6 **केन्द्रधिपति दोष** नैसर्गिक शुभ ग्रह चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र केन्द्र भावों के स्वामी होने पर अधिक उत्कृष्ट या शुभ फल नहीं दे पाते । इसके विपरीत पापी ग्रह सूर्य, मंगल और शनि केन्द्र के स्वामी होकर केन्द्र में बैठने से राजयोग देते हैं।

26.7 **शनि अभाव देता है**–शनि की दृष्टि जिन भावों पर पड़े वे सभी भाव तथा शनि जहाँ बैठे वह भाव दुर्बल या दोष युक्त हो जाते हैं। कारण–शनि अभाव या कमी देने वाला ग्रह है तथा अपने दृष्टि-युति सम्बन्ध से भाव सम्वन्धी कारकत्व के फल में कमी करता है।
टिप्पणी–विद्वानों ने अष्टम भाव के शनि को स्वास्थ्य व दीर्घायु देने वाला तथा दशमस्थ शनि को नौकरी के लिए उपयोगी माना है।

26.8 **शनि भी शुभ**–यदि तृतीय अथवा नवम भाव पर शनि की दृष्टि हो तो ये भाव बली हो जाते हैं। ऐसा जातक **परिश्रमी तथा वेदान्त का ज्ञाता** होता है।

(A) तृतीय भाव पर दृष्टि के लिए शनि लग्न, षष्ठ या नवम भाव में स्थित होगा। ऐसा जातक सरल चित्त सादगी पसन्द, रोग युक्त तथा वैरागी या अनासक्त होगा।

(B) नवम भाव पर दृष्टि के लिए शनि व्यय भाव में, तृतीय भाव में या सप्तम भाव में होगा। ऐसा व्यक्ति सुख सुविधा में आदर वुद्धि न रखकर सादगीपूर्ण जीवन वाला, शान्तिप्रिय तथा काम सुख से विमुख अन्तर्मुखी व्यक्तित्व वाला होगा। निश्चय ही वह वीतरागी हुआ करता है।

(A)



0 शनि की दृष्टि जानें।



(B)



(0 शनि द्वारा दृष्टभाव)

26.9 यदि जातक का जन्म कृष्ण पक्ष की दशमी से शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के बीच, पक्ष बल से हीन चन्द्रमा में हुआ हो तो वह पराश्रित और मन्दबुद्धि होता है। इसके विपरीत शुक्ल पक्ष की दशमी से कृष्ण पक्ष की पंचमी तक पक्ष बली चन्द्रमा के समय जन्मपाने वाला व्यक्ति बुद्धिमान, गुणी तथा धनी होता है। ध्यान रहे, ज्योतिष शास्त्र में हीन बली व पाप पीड़ित चन्द्रमा को अशुभ माना जाता है। चन्द्रमा लग्न होने से जातक के व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। हीन बली चन्द्रमा जातक के तन, मन और धन पर प्रतिकूल प्रभाव देगा।

26.10. **चन्द्र मंगल योग**–(*i*) यदि चन्द्रमा और मंगल की युति लग्न या अष्टम भाव में हो तो जातक भाग्यशाली होता है।

(*ii*) मंगल की चतुर्थेश के साथ युति जातक को भू सम्पदा देती है।
ध्यान रहे, लग्नस्थ मंगल चतुर्थ दृष्टि से सुख स्थान को देखेगा तथा भू सम्पदा बढ़ाएगा। इसी प्रकार अष्टमस्थ मंगल की दृष्टि लाभ व धन भाव पर पड़ने से लाभ व धन की वृद्धि होगी। भाव कारक और भावेश की युति भाव की वृद्धि करती है, यह बात पहले कही जा चुकी है। अत: 4L के साथ मंगल की युति भूमि भवन का सुख निश्चित रूप से बढ़ाएगी।

26.11 चतुर्थेश के साथ गुरु की युति चतुर्थ भाव में होने पर पशुधन की वृद्धि जानें।
(4L+ गुरु) 4H= पशुधन की वृद्धि

26.12 कोई भाव, भावेश या कारक ग्रह यदि पापी ग्रहों के मध्य में स्थित अर्थात पापकर्तरी योग में हो तो जातक उस भाव के सम्बन्ध से सुख की कमी पाता है।
उदाहरण के लिए यदि पंचम भाव, पंचमेश तथा कारक बुध–तीनों ही पापकर्तरी में हो तो जातक **शिक्षा प्राप्त करने में असफल** रहता है। यदि सप्तम भाव, सप्तमेश तथा कारक शुक्र तीनों ही पाप ग्रहों के मध्य में हो अर्थात इनके आगे पीछे वाले भाव पाप ग्रह से युक्त हो तो जातक दाम्पत्य सुख से वंचित रहता है।

26.13 (*i*) **लाभ व्याधिपत्योश्च सम्बन्धों योगदो भवेत्।**

लाभेश और व्ययेश का परस्पर दृष्टि–युति सम्बन्ध योगप्रद होता है। ऐसा जातक धन वैभव सम्पन्न, उदार और परोपकारी होता है। **(11L +/ 12 L) = धनी परोपकारी**

(*ii*) **लाभधिपस् तृतीये वा व्यये वा योगदो भवेत् ॥ 3॥**

लाभेश यदि तीसरे स्थान में हो या व्यय भाव में हो तब भी शुभ फलदायक अर्थात योगप्रद होता है। **(11L) 11H/12H = धनी, मानी**

टिप्पणी–(*i*) व्ययेश प्राय: स्थानान्तर का फल देता है। **व्ययेश का लाभेश से दृष्टि युति सम्बन्ध** व्ययेश को लाभ देने वाला या **आय की वृद्धि** करने वाला बनाएगा।

(*ii*) तृतीय भाव उपचय स्थान के साथ लाभ स्थान का त्रिकोण भाव भी है। अत: लाभेश का तृतीयस्थ होना भाग्यवृद्धि में सहायक होगा।

26.14 नवमेश या भाग्येश अष्टम भाव में स्थित होने पर बहुत शुभ फल नहीं दे पाता–बल्कि साधारण फल दिया करता है।

(9L) 8H = भाग्य में कमी।

26.15 (*i*) षष्ठ भाव में बैठा चन्द्रमा जातक को तीक्ष्ण बुद्धि और विद्वान बनाता है। कारण–षष्ठ भाव उपचय या वृद्धि का भाव तथा चन्द्रमा बहुत तेज़ी से पक्षवल प्राप्त करता है। अत: षष्ठस्थ चन्द्रमा जातक को स्वाध्याय में रुचि देकर विद्वान बनाएगा। **(चन्द्रमा) 6H = तीक्ष्ण बुद्धि**

(*ii*) चन्द्रमा द्वितीय भाव में होने से जातक के नेत्र चंचल होते हैं। ध्यान रहे, विद्वानों ने दूसरे भाव और द्वादश भाव को नेत्र माना है। चन्द्रमा शीघ्र गति से चलने वाला ग्रह है। इसका नेत्र भाव से सम्बन्ध नेत्रों को चंचलता प्रदान करेगा।

26.16 **भचक्र की राशियाँ** मेष से गणना करने पर क्रमश: विषम और सम जानें। ध्यान रहे, विषम राशियाँ पुरुष तो सम राशियाँ स्त्री संज्ञक है। इसी प्रकार चन्द्रमा और शुक्र स्त्री ग्रह सम राशियों में अधिक बली व प्रभावी होते हैं तो सूर्य मंगल गुरु पुरुष ग्रह विषम राशियों में अधिक बली व शुभ मानें जाते हैं।

गर्भस्थ शिशु पुत्र है या पुत्री, यह जानने के लिए स्त्री पुरुष व राशि का उपयोग होता है।

विषम राशियाँ	1 3 5 7 9 11	पुरुष ग्रह सूर्य, मंगल, गुरु
सम राशियाँ	2 4 6 8 10 12	स्त्री ग्रह चन्द्रमा और शुक्र

नोट:–बुध और शनि नपुंसक ग्रह यदि विषम राशि में हो तो इन्हें पुरुष ग्रह माने। यदि ये ग्रह समराशि में हो तो इन्हें स्त्री ग्रह मानें। ओज युग्म बल के लिए मात्र चन्द्रमा और शुक्र स्त्री ग्रह होने से सम राशि व सम नवांश में 15–15 विरूप बल पाते हैं। अन्य सभी ग्रह बुध और शनि भी विषम राशि व विषम नवांश में ओज युग्म बल प्राप्त करते हैं।

अध्याय - 27

ग्रह मालिका योग

जिस प्रकार माला में विभिन्न रंग के पुष्प या मोती पिरोकर माला तैयार की जाती है। वह सुन्दर माला जिस गले में पड़े उसको गौरव प्रदान करती है, कुछ ऐसी ही बात नव ग्रहों के सम्बन्ध में है। पुन: यहाँ तो जिस भाव के आगे पीछे चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र सरीखे शुभ ग्रह हो अथवा शुभ ग्रह जिस भाव में बैठे वह भाव निश्चय ही उत्कृष्ट फल देता है।

27.1 **लग्नादि वाण संख्याक राशिगा नवखेचरा।**
स्थिताश्च एत पंच खेटाख्य मालिकायोगा उच्यते ॥ (14 :I)

लग्न से पंचम भाव तक यदि सभी भाव ग्रह युक्त हो तो इसे **पंच ग्रह मालिका** योग कहते हैं।

टिप्पणी–विज्ञ पाठक जानते हैं कि लग्न सुन्दर रंग रूप, स्वास्थ्य, आकर्षक व्यक्तित्व व सद्गुणों का कारक है तो द्वितीय भाव धन, वाणी और कुटुम्ब का भाव है। तृतीय भाव बल, पराक्रम, साहस, शौर्य व भाई बहन से प्राप्त सुख तो चतुर्थ भाव माता, मन, मकान व मोटर गाड़ी को दर्शाता है। पंचम भाव विद्या बुद्धि, देवोपासना, मित्र, अभिरुची व मनोरंजन का भाव है। यदि उक्त सभी भाव ग्रहों की युति से बली हो जाएँ तो जातक धनी, मानी, पराक्रमी भू-सम्पदा से लाभ पाने वाला, निष्ठावान मित्र व आज्ञाकारी सन्तान का सुख पाने वाला विद्वान व्यक्ति होगा, इसमें भला क्या सन्देह हो सकता है?

27.2 यदि लग्न से षष्ठ भाव तक सभी भावों में ग्रह स्थित हो तथा 1H से 6H तक सभी भाव ग्रहों से युक्त हो तो **षटमालिका योग** जानें। ऐसा व्यक्ति धनी, मानी, पराक्रमी होने के साथ शत्रु पर विजय पाने वाला अद्भुत योद्धा होता है। कोई जातक ननसाल, मामा, मौसी आदि का उत्तम सुख भी पाता है।

27.3 यदि लग्न से आरम्भ कर सप्तम भाव पर्यन्त सभी भाव ग्रहों से युक्त हो तो इसे **सप्तमालिका योग** कहते हैं। इस योग में जातक धनी, मानी, पराक्रमी, मित्रों और भाइयों से स्नेह व सम्मान पाने वाला तो होता ही है, इसके अतिरिक्त उसकी **पत्नी भी सुन्दर, सुशील और गुणी होने से उसका दाम्पत्य जीवन बहुत सुखी** होता है।

27.4 यदि लग्न से आरम्भ कर अष्टम भाव पर्यन्त सभी भाव ग्रहों से युक्त हो तो जातक में ऊपर लिखी विशेषताओं के साथ दीर्घायु पाने का गुण भी होगा। कारण अष्टम भाव आयुष्य का भाव जो शायद सर्वाधिक महत्वपूर्ण भी है। यदि जीवन ही न रहा तो सारे योग और गुण निरर्थक हो जाते हैं।

27.5 लग्न से नवम भाव पर्यन्त सभी भाव ग्रहों से युक्त हो तो यह **नवमालिका योग** बनता है। ऐसा जातक सुन्दर, स्वस्थ, धनी, पराक्रमी, भूमि भवन और वाहन युक्त, मित्र व सन्तान का सुख पाने वाला, शत्रुजयी, श्रेष्ठ दाम्पत्य जीवन वाला, दीर्घायु होने के साथ **धार्मिक प्रकृति का भाग्यशाली व्यक्ति** होता है। उसका पिता प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है।

टिप्पणी–(*i*) कुछ विद्वान पंचमालिका का अर्थ मात्र 5 ग्रह 5 भावों में, षष्ठमालिका 6 भाव में 6 ग्रह, सप्तमालिका में 7 ग्रह 7 भावों में, अष्टमालिका 8 ग्रह 8 भावों में तो नव मालिका का अर्थ नौ ग्रह नौ भावों में करते हैं।

(*ii*) उनका विचार है कि न तो बीच का कोई भाव ग्रह शून्य हो तथा न ही किसी भी भाव में एक से अधिक ग्रह हो

(*iii*) अन्य विद्वान 'ग्रह मालिका योग' में ग्रह और भावों के परस्पर सम्बन्ध को अधिक महत्व देते हैं। यदि किसी भाव में दो ग्रह हो तो वह अधिक परिणाम देगा। यथा गुरु, चंद्र, सूर्य, मंगल, बुध-आदित्य, गुरु-मंगल, गुरु-शनि योग आदि।

(*iv*) यदि एक भाव में एक ग्रह के तर्क को मानें तो गुरु शनि या शनि राहु का गोचर एक राशि में होने पर कम-से-कम एक वर्ष में पैदा होने वाले सभी बच्चे ग्रह मालिका योग से वंचित रहेंगे। यह बात अनुचित जान पड़ती है।

27.6 कुछ लोग ग्रह मालिका योग में वार क्रम अर्थात सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु, केतु की शर्त (Condition) लगाते हैं। यह स्थिति असम्भव जान पड़ती है। कारण बुध सूर्य से 24 अंश तो शुक्र 48 अंश से अधिक दूरी पर कभी नहीं जा पाता।

27.7 6, 7, 8, या 9 ग्रहों की मालिका से जो योग बने वे सभी योग प्रद हैं।

27.8 जिस जातक के लग्न से पंचम भाव तक अर्थात पहले पांच भाव ग्रह युक्त हो तो ऐसे जातक को **भाग्यशाली** समझना चाहिए।

भाव सम्बन्धी दशा फल

27.9 सम राशि (2, 4, 6, 8, 10, 12 वीं राशि) में बैठे ग्रह पहले अपनी मूल त्रिकोण राशि का फल तथा बाद में अपनी अन्य राशि का फल दिया करते हैं।

टिप्पणी–पश्चिमी विद्वान मूल त्रिकोण राशि को धनात्मक या Positive Sign मानते हैं। इस राशि का निश्चय ही विशेष महत्व है। यदि किसी ग्रह की मूल त्रिकोण राशि शुभ स्थान में हो तो अन्य राशि अशुभ स्थान में हो तो उसे शुभ ही मानना चाहिए।

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मूल त्रिकोण राशि	5	2	1	6	9	7	11
साधारण राशि	5	4	8	3	12	2	10

27.10 **विषम राशि** (1, 3, 5, 7, 9, 11 वीं राशि) **में बैठे ग्रह** पहले अपनी साधारण राशि का फल देते हैं किन्तु **बाद में अपनी मूल त्रिकोण राशि का फल** देते हैं।

टिप्पणी—ऐसा प्रतीत होता है मानो रामानुजाचार्य दशा फल को दो भागों में बाँट कर यह कहना चाहते हैं कि कोई ग्रह उन दोनों भावों का फल देगा जिनका वह स्वामी है या जिन भावों में उस ग्रह की राशि पड़ी है। सम राशिस्थ ग्रह दशकाल के पूर्वार्ध में अपनी मूल त्रिकोण राशि वाले भाव का फल देगा तथा उत्तरार्ध में उस भाव का फल देगा, जहाँ दशानाथ की साधारण राशि हो इसके विपरीत, विषम राशि में बैठा कोई ग्रह अपनी दशा अवधि के पूर्वार्ध में उस भाव का फल देगा, जहाँ उसकी सामान्य राशि है। किन्तु विषम राशि में बैठा दशानाथ ग्रह अपनी दशा के उत्तरार्ध भाग में मूल त्रिकोण राशि वाले भाव सम्बन्धी फल प्रदान करेगा।

सूर्य से दूरी का ग्रहों की गति पर प्रभाव:

27.11 (*i*) सूर्य से द्वितीय भाव में स्थित ग्रह शीघ्र गति से (Fast speed) चलता है।

(*ii*) सूर्य से तृतीय भाव में स्थिति ग्रह सामान्य (Average) गति से चलता है।

(*iii*) सूर्य से चतुर्थ भाव में स्थित ग्रह मन्द (Slow) गति से चलता है।

(*iv*) सूर्य से पंचम और षष्ठ भाव में ग्रह थोड़े वक्री (Retugrade) (अनुवक्री) हो जाते हैं।

(*v*) सूर्य से सप्तम और अष्टम भाव में ग्रह बहुत वक्री (Retrogrede) होते हैं।

(*vi*) सूर्य से नवम और दशम भाव में ग्रह कुटिल गति कहलाता है।

(*vii*) सूर्य से एकादश और द्वादश भात्र में ग्रह अतिचारी (Abnormal speed) गति से चलता है।

Sun	Fast	Average	Slow
Very fast	Rasi		retrograte
Very fast			retrograte
Mischie-vous	Mis	retro	retro

परिशिष्ट-1

ग्रहों का राशि आधिपत्य व राशि मैत्री विचार

ग्रह

राशि	सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
1. मेष	उच्च राशि	सम	स्वराशि मूल त्रिकोण	सम	मित्र	सम	नीचराशि शत्रु	शत्रु	मित्र
2. वृष	शत्रु	उच्चराशि मूल त्रिकोण	शत्रु	मित्र	शत्रु	स्वराशि	मित्र	उच्च राशि मित्र	नीच-राशि
3. मिथुन	सम	मित्र	शत्रु	स्वराशि	शत्रु	मित्र	मित्र	मूल त्रिकोण	शत्रु
4. कर्क	मित्र	स्वराशि	नीच राशि मित्र	शत्रु	उच्च राशि मित्र	शत्रु	शत्रु	मूल त्रिकोण	मित्र
5. सिंह	मूल त्रिकोण और स्वराशि	मित्र	मित्र	मित्र	मित्र	शत्रु	शत्रु	शत्रु	मित्र
6. कन्या	सम	मित्र	शत्रु	उच्च-राशि स्वराशि	शत्रु	नीच राशि मित्र	मित्र	स्वराशि	शत्रु
7. तुला	शत्रु व नीच	शत्रु	सम	मित्र	सम	स्वराशि	मूल-त्रिकोण उच्च मित्र	मित्र	मित्र
8. वृश्चिक	मित्र	नीच राशि सम	स्वराशि	सम	मित्र	सम	शत्रु	नीच राशि शत्रु	उच्च-राशि
9. धनु	मित्र	सम	मित्र	सम	मूल त्रिकोण स्वराशि	शत्रु	सम	सम	मूल त्रिकोण
10. मकर	शत्रु	सम	शत्रु	सम	सम, नीच	मित्र	स्वराशि	मित्र	मूल त्रिकोण
11. कुम्भ	शत्रु	सम	उच्च-राशि शत्रु	सम	सम	मित्र	मूलत्रि-कोण स्वराशि	मित्र	शत्रु
12. मीन	मित्र	सम	मित्र	सम नीच राशि	स्वराशि	उच्च-राशि शत्रु	सम	सम	स्वराशि

नाभस योग

| आश्रय योग (3) दलयोग (2) आकृति योग (20) तथा संख्या योग (7) होने से कुल 32 योग होते हैं। महर्षि पाराशर ने इन योगों को महत्वपूर्ण माना है। |

आश्रय योग (तीन)

1. रज्जु योग–सभी ग्रह यदि चर राशियों में स्थित हो तो रज्जु योग होता है। ऐसा जातक चंचल मन या व्यग्र बुद्धि, सुन्दर, स्वस्थ व भ्रमण प्रिय होता है। कोई जातक क्रूर व दुष्ट स्वभाव तथा परदेश में जाकर बसने वाला होता है।

2. मूसल योग–जन्म के समय सभी ग्रह यदि स्थिर राशियों में हो तो मूसल योग होता है। ऐसा जातक धन, मान, वैभव युक्त, स्थिर बुद्धि, विद्वान होता है। वह प्रशासन के उच्च-अधिकारियों से स्नेह व सम्मान पाने वाला उनका कृपा-पात्र होता है।

3. नल योग–जन्म के समय यदि सभी ग्रह द्विस्वभाव राशियों में हो तो नल योग होता है। ऐसा जातक व्यवहार कुशल, बन्धु-बान्धवों का प्रेमी, हँसमुख, मिलनसार, धन संचय में कुशल, अपने कार्यक्षेत्र में सुदक्ष तथा विद्वान होता है। मतान्तर से कोई जातक हीनांग या अधिक अंग होना भी सम्भव है।

दल योग (दो)

4. माला योग–सभी शुभ ग्रह (चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र) यदि तीन केन्द्र स्थान में और पाप ग्रह केन्द्र को छोड़कर अन्यत्र हो तो माला योग होता है। ऐसा जातक धन-धान्य व सुविधा सम्पन्न सुखी व प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। वह राजा सरीखा प्रतापी, धनी और वैभव सम्पन्न होता है।

5. सर्प योग–सभी पाप ग्रह (मंगल, शनि, राहु, केतु) किन्हीं तीन केन्द्र स्थान में हो तथा शुक्र ग्रह केन्द्र में न होकर अन्यत्र हो तो सर्प योग होता है। ऐसा जातक कुटिल हृदय, दुष्ट, दीन दु:खी व पराश्रित होता है।

टिप्पणी

अनेक विद्वानों ने लग्न व दशम भाव के सूर्य को शुभ ग्रह माना है तो कुछ लोग सूर्य को मात्र सप्तम भाव में अशुभ व अन्य तीन केन्द्रों में शुभ मानते हैं।

कुछ विद्वान केन्द्र, त्रिकोण, धन तथा लाभ स्थान के स्वामी ग्रह को शुभ तो त्रिक भाव (6,8,12) से सम्बन्ध करने वाले ग्रह या त्रिषडाय के स्वायी ग्रह को भी अशुभ ग्रह मानते हैं।

आकृति योग (बीस)

6. गदा योग–आसन्नवर्ती दो केन्द्र स्थानों में सभी शुभाशुभ ग्रह होने पर गदा योग होता है। *(i)* लग्न व चतुर्थ भाव *(ii)* चतुर्थ व सप्तम भाव *(iii)* सप्तम व दशम भाव *(iv)* दशम व लग्न भाव ये चारों आसन्नवर्ती केन्द्र स्थान कहलाते हैं। गदा योग में उत्पन्न जातक कर्मठ, सतत प्रयत्नशील, परिश्रमी, विद्या-बुद्धि सम्पन्न, कलाप्रेमी, धनी मानी व यशस्वी होता है। कोई जातक शास्त्र व गान विद्या में प्रवीण तथा स्वर्ण रत्नों से परिपूर्ण होता है।

7. शकट योग–सभी ग्रह यदि लग्न व सप्तम भाव में स्थित हो तो शकट योग बनता है। ऐसा जातक कुत्सित मूर्ख, रोग पीड़ित, निर्धन तथा मित्र-आत्मीयजनों के सुख से वंचित होता है। ऐसा जातक घर-परिवार से दूर ट्रक आदि चलाकर जीवन निर्वाह करने वाला होता है।

8. विहग या पक्षी योग–चतुर्थ व दशम भाव में सभी ग्रह होने से विहग या पक्षी योग बनता है। ऐसा जातक भ्रमण या पर्यटन प्रेमी, दूतकार्य करने वाला, धृष्ट तो कभी विवाद प्रिय या झगड़ालू होता है। पक्षी सरीखा खुले आकाश में उड़ना उसे अच्छा लगता है। एक स्थान पर एकाग्रचित्त होकर बैठ पाना उसे असम्भव ज्ञान पड़ता है।

9. श्रृंगाटक योग–सभी ग्रह लग्न, पंचम व भाग्य स्थान में हो तो श्रृंगाटक योग होता है। ऐसा जातक बुद्धिमान, पराक्रमी, राजप्रिय, सुन्दर स्त्री वाला, धनी व यशस्वी होता है। कोई जातक पत्नी व प्रियजन से द्वेष या कलह-क्लेश करने वाला होता है।

10. हलयोग–लग्न से अन्यत्र बने त्रिकोण (2, 6, 10 भाव; 3, 7, 11 भाव या 4, 8, 12 भाव) में स्थित सभी ग्रह हल योग बनाते हैं। हल योग में जन्मा जातक मित्र व बन्धुओं का सुख पाने वाला तो कभी दीन, दु:खी, उद्विग्न व दासवृत्ति से आजीविका पाने वाला होता है।

11. वज्र योग–यदि शुभ ग्रह लग्न व सप्तम भाव में तथा पाप ग्रह चतुर्थ व दशम भाव में हो तो वज्र योग होता है। ऐसा जातक बाल्य और वृद्धावस्था में सुखी, पराक्रमी व सुन्दर होता है। जीवन की मध्य अवस्था में कोई जातक दुष्ट, भाग्यहीन तथा समाज विरोधी कार्यों में रुचि लेने वाला होता है।

12. यव योग–यदि लग्न व सप्तम भाव में पाप ग्रह और चतुर्थ व दशम भाव में शुभ ग्रह हो तो यव योग होता है। ऐसा जातक धर्म कार्य व व्रत उपवास में रुचि लेने वाला, धनी-मानी व परोपकारी होता है। वह स्त्री व पुत्र का श्रेष्ठ सुख पाने वाला स्थिर बुद्धि होता है।

13. कमल योग–यदि सभी ग्रह चार केन्द्र स्थानों में हो तो कमल योग होता है। ऐसा जातक धन वैभव सम्पन्न ऐश्वर्यशाली, दानी, परोपकारी, गुणी विद्वान व दीर्घायु होता है। वह अनेक सत्कर्म करने से यश व प्रतिष्ठा पाता है।

14. वापी योग–सभी ग्रह केन्द्र को छोड़कर पणफर या आपोक्लिम भाव में हो तो वापी योग होता है। ऐसा जातक गुणी विद्वान, कलाप्रेमी तथा धन उपार्जन में सुदक्ष होता है। उसका धन व सुख प्राय: स्थिर व स्थायी होता है।

15. यूप योग–सभी ग्रह यदि लग्न से चतुर्थ भाव तक चार भावों में हो तो यूप योग होता है। ऐसा जातक धार्मिक प्रवृति, व्रत-उपवास तथा यम-नियम का पालन करने वाला, धार्मिक अनुष्ठान में संलग्न, आत्मज्ञानी या अध्यात्मवादी होता है।

16. शर योग–चतुर्थ से सप्तम भाव तक सभी ग्रह इन चार स्थानों में होने से शर योग होता है। ऐसा जातक शस्त्रास्त्र के प्रयोग में दक्ष, सैनिक, सिपाही या सुरक्षाकर्मी होता है। कोई जातक कारागार अधीक्षक या हिंसा अथवा आखेट से धन पाने वाला होता है।

17. शक्ति योग–सप्तम में दशम भाव तक सभी शुभाशुभ ग्रह होने से शक्ति योग होता है। ऐसा जातक स्थिर बुद्धि, संघर्ष व स्पर्धा प्रेमी तथा सुन्दर, गुणी व दीर्घायु होता है। लग्नेश यदि पाप पीड़ित हो तो जातक निर्धन, आलसी, असफलताओं के कारण दु:खी व निराश होता है।

18. दंड योग—दशम भाव से लग्न पर्यन्त चार भावों में सभी ग्रह स्थित होने से दंड योग होता है। ऐसा जातक आत्मीयजन से बहिष्कृत, स्त्री व पुत्र से हीन, निर्धन, निर्दयी, नीच व दासवृत्ति वाला होता है।

19. नौका योग—लग्न से सप्तम भाव पर्यन्त सभी ग्रह इन सात राशियों में होने से नौका योग होता है। ऐसा जातक समुद्र या जलसम्बन्धी कार्यों से आजीविका पाने वाला, प्रसिद्ध व्यापारी या आयातकर्ता धनी व यशस्वी होता है। कोई जातक पाप ग्रह अधिक बली होने से दुष्ट, लोभी, स्वार्थी, कृपण व करवंचक या टैक्स की चोरी करने वाला होता है।

20. कूट योग—चतुर्थ से सात राशियों में अर्थात दशम भाव पर्यन्त सभी ग्रह होने से कूट योग होता है। ऐसा जातक पर्वत व दुर्ग में रहने वाला, कारागार का अध्यक्ष, क्रूर व पराक्रमी होता है। कोई जातक शठ, असत्यभाषी की व अकिंचन या मन्दभागी होता है।

21. छत्र योग—सप्तम से लग्न पर्यन्त सात भावों में सभी ग्रह होने से छत्र योग होता है। ऐसा जातक अपने आश्रितजन का भरण-पोषण करने वाला, दयालु, परोपकारी, बुद्धिमान तथा वरिष्ठ अधिकारी व नेताओं का कृपा-पात्र होता है। उसकी वृद्धावस्था व बचपन बहुत सुख सम्पन्न होते हैं।

22. चाप योग—दशम भाव से चतुर्थ भाव तक सात राशियों में सभी ग्रह होने पर चाप योग बनता है। ऐसा व्यक्ति असत्य भाषी, प्रपंच प्रिय, धूर्त, चोर या कारागृह का अध्यक्ष होता है। उसके जीवन का मध्य भाग धन-वैभव सम्पन्न व बहुत सुखी होता है।

23. अर्धचंद्र योग—केन्द्र स्थान को छोड़कर पणफर या आपोक्लिम अर्थात 2 से 8 भाव, 3 से 9 भाव, 5 से 11 भाव, 6 से 12 भाव, 8 से 2 भाव, 9 से 3 भाव 11 से 5वें भाव या 12वें से 6वें भाव तक सभी ग्रह होने से अर्धचंद्र योग बनता है। ऐसा जातक सुन्दर, स्वस्थ, साहसी, पराक्रमी, राजा का स्नेहभाजन, धनी व प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। वह राजा व प्रजा से सम्मान व यश पाता है।

24. चक्र योग—लग्न से एकान्तर भाव अर्थात 1, 3, 5, 7, 9, 11वें भाव में सभी ग्रह होने पर चक्र योग होता है। ऐसा जातक धन, वैभव सम्पन्न राजा सरीखा प्रतापी व प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। मतान्तर से ऐसा जातक चक्रवर्ती राजा होता है। सभी धनी, मानी व्यक्ति नतमस्तक होकर उसको प्रणाम करते हैं।

25. समुद्र योग—लग्न से सम भाव अर्थात 2, 4, 6, 8, 10, 12वें भाव में सभी ग्रह होने पर समुद्र योग होता है। ऐसा जातक धनी, परोपकारी, लोकप्रिय, साधु स्वभाव, धन, वैभव सम्पन्न व पुत्र, मित्र का श्रेष्ठ सुख पाने वाला होता है।

संख्या योग (सात)

26. गोल योग—सभी ग्रह एक ही राशि में होने पर गोल योग होता है। ऐसा जातक साहसी बलशाली, मलिन हृदय, अशिक्षित व निर्धन होता है।

27. युग योग—जन्म के समय सभी ग्रह मात्र दो राशियों में होने से युग योग बनता है। ऐसा जातक मिथ्याचारी, पाखंडी, निर्धन, माता, पुत्र व पत्नी के सुख से वंचित, धर्म विरुद्ध आचरण करने वाला तथा समाज से बहिष्कृत होता है।

28. शूलयोग—सभी ग्रह यदि किन्हीं भी तीन राशियों में हो तो शूल योग होता है। ऐसा जातक आलसी, दरिद्र, हिंसाप्रिय, उग्र स्वभाव, शूरवीर तो कभी समाज से बहिष्कृत भी होता है।

29. केदार योग—सभी ग्रह जन्म के समय किन्हीं चार राशियों में होने पर केदार योग होता है। ऐसा जातक सत्यवादी, धार्मिक, परोपकारी, कृषि या उद्योग से जीविका पाने वाला, धनी व सुखी व्यक्ति होता है।

30. पाश योग—सभी ग्रह किन्हीं भी 5 राशियों में होने से पाश योग बनता है। ऐसा जातक बात करने में कुशल, प्रपंची, आडम्बर प्रिय व कार्य कुशल होता है। उसका परिवार विशाल होता हैं वह अनेक दास--दासियों का सुख पाता है। कभी बन्धन योग की सम्भावना भी हुआ करती है।

31. दाम योग—सभी ग्रह 6 राशियों में स्थित होने पर दाम योग होता है। ऐसा जातक धीर, वीर, सत्य व न्याय का पक्षधर, पुत्र रत्नों से समृद्ध, ऐश्वर्यशाली, परोपकारी, धनी और विद्वान होता है।

32. वीणा योग—सभी ग्रह 7 राशियों में किसी भी प्रकार स्थित होने से वीणा योग होता है। ऐसा जातक गीत-संगीत व नृत्य-नाट्य प्रेमी, व्यवहार कुशल, धनी, सुखी व अनेक सेवकों वाला लोकप्रिय नेता सरीखा यशस्वी व प्रतिष्ठित होता है।

2

हं,
व

र
र

भावार्थ रत्नाकर

लेखक के अन्य प्रकाशन

1.	षड्वर्ग फलम	200.00
2.	षड्बल रहस्य	120.00
3.	ज्योतिष और रोग भाग 1, 2	350.00
4.	आजीविका विचार ज्योतिष भाग 1, 2	500.00
5.	दशाफल विचार	200.00
6.	बुद्धि विद्या विचार	225.00
7.	भावफल विचार भाग 1, 2	300.00
8.	राहु केतु	180.00
9.	ज्योतिष और दाम्पत्य जीवन	200.00
10.	सन्तान सुख विचार	150.00
11.	उत्तर कालामृत	300.00
12.	होरा शत्तक	130.00
13.	प्रशन दर्पण	120.00
14.	ज्योतिष और घटना चक्र	300.00
15.	फलित सूत्रम	
16.	अनिष्ठ ग्रह उपचार	300.00
17.	प्रशन रहस्य	120.00
18.	वास्तु शास्त्र के रहस्य भाग 1	200.00
	वास्तु शास्त्र के रहस्य भाग 2	250.00
19.	नक्षत्र विचार	250.00
20.	संज्ञा विचार	120.00
21.	ज्योतिष मे नवांश का महत्व	
22.	त्रिक भाव विचार	
23.	सत्य जातकम्	
24.	नव ग्रह और द्वादश भाव	

एल्फा पब्लिकेशन
2640, रोशनपुरा, नई सड़क,
दिल्ली-110006 ₹ 150/-